वर्ष-31, अंक- 265, पृष्ठ-12 | श्रावण कृष्ण पक्ष 02, संवत 2082 | डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित | रजिस्ट्रेशन नं: आरएनआई. 61316/94 | www.rastriyanaveenmail.com

डालटनगंज (मेदिनीनगर)
शनिवार
12 जुलाई 2025

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

₹2.00

हर पक्ष की खबर | हर पक्ष पर नजर




## एक नजर

### राजस्वकर्मी बीस हजार घूस लेते गिरफ्तार

**गिरिडीह।** भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) टीम ने शुक्रवार को गिरिडीह के गांवा अंचल के घूसखोर राजस्वकर्मी आलोक कुमार को 20 हजार घूस लेते रंगेहाथ गिरफ्तार किया है ।डीएसपी के नेतृत्व मे धनबाद एसीबी कि टीम ने इस दौरान घूसखोर कर्मी आलोक कुमार को उसके आवास से उस समय दबोचा जब वह शिकायतकर्ता राजू यादव से जमीन म्यूटेशन के नाम पर 20 हजार रुपये ले रहा था। राजस् ?वकर्मी ने राजू यादव से 50 हजार रुपये की मांग की थी और मांगे गए घूस की पहली किस्त 20 हजार देना तय हुआ। शिकायतकर्ता राजू यादव भी कर्मी के बुलाए स्थान पर 20 हजार देने पहुंचा। इस दौरान पहले से तैयार एसीबी टीम ने 20 हजार नकद लेते हुए दबोच लिया। जानकारी के अनुसार तिसरी-गांवा का राजस्व कर्मी आलोक कुमार राजू यादव से उसके तिसरी अंचल के जमीन के म्यूटेशन के नाम पर 50 हजार रुपए की मांग कर रहा था। बाद में एसीबी ने टीम उसके घर की तलाशी भी ली।

### पूर्व मंत्री आलमगीर आलम को बड़ा झटका

**रांची।** झारखंड उच्च न्यायलय ने टेंडर घोटाला के जरिए करोड़ों रुपये की मनी लॉन्ड्रिंग करने के आरोपित पूर्व मंत्री आलमगीर आलम की जमानत याचिका खारिज कर दी है। उच्च न्यायलय के आदेश से आलमगीर आलम को बड़ा झटका लगा है। दरअसल 26 जून को ईडी और बचाव पक्ष की ओर से बहस पूरी होने के बाद अदालत ने अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था। आलमगीर आलम की जमानत याचिका पर उच्च न्यायालय के न्यायाधीश जस्टिस सुजीत नारायण प्रसाद की अदालत में सुनवाई हुई। आलमगीर आलम को रांची पीएमएलए (प्रीवेन्शन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट) की विशेष अदालत ने बेल देने से इंकार करते हुए जमानत याचिका खारिज कर दी थी। इसके बाद उन्होंने उच्च न्यायलय में जमानत के लिए गुहार लगाई गई थी।

## हेमंत कैबिनेट की बैठक में कई बड़े फैसले, कैबिनेट ने कुल 27 प्रस्तावों पर लगाई मुहर

# पुलिस पेट्रोलिंग के लिए सरकार खरीदेगी 1255 चार पहिया व 1697 दो पहिया वाहन

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** राज्य के विभिन्न थानों में पुलिस की पेट्रोलिंग को सुदृढ़ करने के लिए प्रदेश सरकार 1255 चार पहिया और 1697 दो पहिया वाहनों की खरीदारी करेगी। इसके साथ कई अहम निर्णय शुक्रवार को कैबिनेट की बैठक में लिए गए। इसके साथ ही षष्टम विधानसभा का तृतीय मॉनसून सत्र एक अगस्त से सात अगस्त तक आहूत किया जाएगा। मॉनसून सत्र में कुल पांच कार्यदिवस होंगे। इसकी स्वीकृति पर भी कैबिनेट ने मुहर लगायी। कैबिनेट में लिए गए फैसले की जानकारी कैबिनेट सचिव वंदना दादेल ने दी। उन्होंने बताया कि कैबिनेट ने कुल 27 प्रस्तावों पर मुहर लगाई है। इन पुलिस वाहनों की खरीदारी पर कुल 146 करोड़ 79 लाख 63 हजार 849 रुपये की खर्च की जाएगी। चार पहिया वाहनों में महिंद्रा बोलेरो, जबकि दो पहिया वाहनों में शेष पेज 11 पर...

### कैबिनेट के अन्य फैसले

- जिला योजना अनाबद्ध निधि के माध्यम से योजनाओं की स्वीकृति और कार्यान्वयन के लिए मार्गदर्शिका में संशोधन की स्वीकृति दी गई।
- पथ प्रमण्डल, रांची (ग्रामीण) अन्तर्गत सिल्ली-बंता-हजाम टीकर-रंगामाटी सडक (एमडीआर-25) के 39 किमी तक के राईडिंग क्वालिटी के लिए 32 करोड 70 लाख 37 हजार 400 रुपये की प्रशासनिक स्वीकृति दी गई।
- रांची जिला के कुम्हरिया मोड़ (मेसरा-पिठोरिया पथ पर) से संग्रामपुर (करमटोली-ओरमांझी पथ पर) (6.333 किमी) को ग्रामीण कार्य विभाग से पथ निर्माण विभाग को हस्तांतरित करते हुए पथ के पुनर्निर्माण कार्य के लिए 38 करोड 89लाख 68 हजार 400 रुपये की मंजूरी दी गई।
- कुमुदिनी टुडू, झाप्रसे के नामकुम के पूर्व सीओ की ओर से की गई अपील को अस्वीकृत करते हुए उनके विरुद्ध विभागीय अधिरोपित दंड असंचयात्मक प्रभाव से दो वेतनवृद्धि पर रोक को यथावत् रखने का निर्णय लिया गया।
- डॉ अभिनीति सिद्धार्थ, चिकित्सा पदाधिकारी, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, नयाभुसूर, नामकुम को सेवा से बर्खास्त करने की स्वीकृति दी गई।

### एक अगस्त से विधानसभा का मॉनसून सत्र

षष्टम विधानसभा का तृतीय मॉनसून सत्र एक अगस्त से सात अगस्त तक आहुत किया जाएगा। इसकी स्वीकृति कैबिनेट ने दी। मॉनसून सत्र में कुल पांच कार्यदिवस होंगे।

### राज्यकर्मियों और पेंशनभोगियों का बढ़ा महंगाई भत्ता

कैबिनेट ने राज्य सरकार के कर्मचारियों और पेंशनभोगियों एवं पांचवां वेतनमान पानेवाले कर्मियों के महंगाई भत्ता में वृद्धि करने पर सहमति दी। इन्हें अब पूर्व के 246 प्रतिशत की जगह अब 252 प्रतिशत महंगाई भत्ता मिलेगा। बढे हुए महंगाई भत्ता एक जनवरी 2025 से लागू होगा।



- डॉ स्नेहा सिंह, चिकित्सा पदाधिकारी, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, नाला, जामताड़ा को सेवा से बर्खास्त करने की स्वीकृति दी गई।
- डॉ अरविन्द कुमार लाल, पूर्व प्रभारी सिविल सर्जन, जमशेदपुर को हाईकोर्ट के आदेश पर बर्खास्तगी आदेश को निरस्त करने का फैसला किया गया।
- राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली (नेशनल पेंशन स्कीम) के तहत एकीकृत पेंशन योजना (यूनिफाइड पेंशन स्कीम) का संचालन का निर्णय लिया गया।
- हाई कोर्ट में दायर मामले में भगत चरण महान्ती, भूतपूर्व पदचर को अनुमान्य एसीपी और एमएसीपी का लाभ देने का निर्णय लिया गया।
- शिव कुमार प्रसाद, सेवानिवृत पुलिस अवर निरीक्षक के चिकित्सा में हुए खर्च की प्रतिपूर्ति के लिए 10 लाख 20 हजार 966 मात्र भुगतान की स्वीकृति की घटनोत्तर स्वीकृति दी गई।
- झारखंड अवर शिक्षा सेवा के पूर्व में सृजित पदों पर वर्तमान आवश्यकतानुसार पदों के प्रत्यर्पण की स्वीकृति दी गई।
- प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना-जलछाजन विकास अवयव शेष पेज 11 पर...

## मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने पूर्व मंत्री चंद्रशेखर को अर्पित की श्रद्धांजलि



नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने झारखंड सरकार के पूर्व मंत्री और वरिष्ठ समाजवादी नेता स्वर्गीय चंद्रशेखर दुबे (ददई दुबे) के पार्थिव शरीर पर पुष्प चक्र अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। बीमारी के चलते सांसद ददई दुबे का गुरुवार को दिल्ली के सर गंगाराम अस्पताल में निधन हो गया था। मुख्यमंत्री ने दिवंगत नेता के आवास पर जाकर शोकाकुल परिजनों से मुलाकात की और अपनी गहरी संवेदना व्यक्त की। उन्होंने इस अपूरणीय क्षति पर शोक व्यक्त करते हुए कहा कि ददई दुबे का जीवन जनसेवा और सिद्धांतों के प्रति समर्पण का प्रतीक रहा है। उनका राजनीतिक और सामाजिक योगदान झारखंड के इतिहास में सदैव याद रखा जाएगा। मुख्यमंत्री ने ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति और परिजनों को इस दुःख की घड़ी में संबल एवं धैर्य प्रदान करने की प्रार्थना की।

### एपीपी नियुक्ति मामले में 11 अभ्यर्थियों को अंतरिम राहत

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट के जस्टिस दीपक रोशन की अदालत ने सहायक लोक अभियोजक (एपीपी) नियुक्ति प्रक्रिया में उम्र सीमा में छूट देने से जुड़े मामले में 11 अभ्यर्थियों को अंतरिम राहत दी है। शुक्रवार को हुई सुनवाई के बाद अदालत ने स्पष्ट निर्देश दिया कि याचिका दाखिल करने वाले सभी अभ्यर्थी झारखंड लोक सेवा आयोग (जेपीएससी) के कार्यालय में ऑफलाइन आवेदन जमा कर सकते हैं। यह याचिका संदीप कुमार महतो एवं अन्य की ओर से दाखिल की गई थी। याचिकाकर्ताओं ने कहा कि जेपीएससी द्वारा एपीपी परीक्षा 2025 के लिए अधिकतम उम्र सीमा तय करते समय अगस्त 2024 को कट-ऑफ डेट माना गया है, जो अनुचित है।

## थाना परिसरों की गंदगी पर डीआईजी सख्त 'फटीग ड्यूटी' के तहत साप्ताहिक सफाई का निर्देश

- लापरवाही पर दंड, उत्कृष्ट स्वच्छता पर प्रोत्साहन का प्रावधान

नवीन मेल संवाददाता



**मेदिनीनगर।** पलामू प्रक्षेत्र के डीआईजी ने थाना एवं पुलिस प्रतिष्ठानों में फैली गंदगी और अव्यवस्था पर नाराजगी जाहिर करते हुए सभी संबंधित अधिकारियों को सख्त निर्देश जारी किए हैं। निरीक्षण के दौरान कई थाना परिसरों में स्वच्छता का स्तर बेहद खराब पाया गया, जिसे डीआईजी ने गंभीरता से लिया है। उन्होंने स्पष्ट किया है कि थाना परिसर की गंदगी केवल सौंदर्यहीनता नहीं, बल्कि संगठन की कार्यसंस्कृति और पुलिस बल की सार्वजनिक छवि पर सीधा प्रभाव डालती है। डीआईजी ने सभी अनुमंडल पुलिस पदाधिकारियों, अंचल निरीक्षकों, थाना एवं पोस्ट प्रभारियों को निर्देशित किया है कि सप्ताह में एक दिन अनिवार्य रूप से फटीग ड्यूटी के तहत वृहद सफाई अभियान चलाया जाए। इस अभियान में सभी पुलिस पदाधिकारियों एवं कर्मियों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी। साफ-सफाई के दौरान अनुपयोगी सामग्री का उचित निस्तारण, परिसर के भीतर और बाहर की सफाई तथा सौंदर्यीकरण पर विशेष ध्यान देने को कहा गया है। साथ ही, हर सफाई अभियान की स्पष्ट फोटोग्राफी कर उसे जिले स्तर पर संचालित अधिकृत व्हाट्सएप ग्रुप में भेजना अनिवार्य किया गया है। डीआईजी ने चेतावनी दी है कि निरीक्षण के दौरान स्वच्छता का स्तर अच्छा पाए जाने पर संबंधित को पुरस्कृत किया जाएगा, जबकि लापरवाही पाए जाने पर दंडात्मक कार्रवाई तय होगी।

## सर्पदंश से डालटनगंज विधायक के दो रिश्तेदार समेत तीन की मौत

- 8 से 10 साल के हैं बच्चे, चैनपुर व बसडीहा गांव की घटना

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पलामू जिले में विषैले सांप के डंसने से दो नाबालिग बच्चों समेत तीन की मौत हो गयी। दोनों नाबालिग बच्चे डालटनगंज के विधायक आलोक चौरसिया के रिश्तेदार बताये गए हैं। सांप डंसने की दोनों घटनाएं चैनपुर थाना क्षेत्र में गुरूवार रात हुई।



सोए अवस्था में सांप ने डंसा

नरसिंहपुर पथरा गांव में करैत सांप के डंसने से प्रेम प्रसाद चौरसिया के दो पुत्र देव प्रसाद चौरसिया (10) तथा अर्जुन कुमार चौरसिया (8) की मौत हो गयी। वहीं पिता का इलाज चल रहा है। तीनों को सोये अवस्था में सांप ने डंसा। बेहोशी की हालत में तीनों को इलाज के लिए पहले एमएमसीएच मेदिनीनगर में भर्ती कराया गया, जहां उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए सतबरवा के तुम्बागाड़ा नवजीवन अस्पताल ले जाया गया, जहां उनकी मौत हो गयी। दूसरी घटना बसडीहा गांव में हुई। यहां पति भिखारी भुइयां और उसकी पत्नी शकुंतला देवी को सांप ने डंस लिया। पत्नी की मौत हो गयी, जबकि पति का इलाज चल रहा है। घटना की सूचना मिलने पर भाजपा के शेष पेज 11 पर...

### आज / कल




### पीएम मोदी आज 51 हजार से अधिक नियुक्ति पत्र करेंगे वितरित

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शनिवार को वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से विभिन्न सरकारी विभागों और संगठनों में नियुक्त हुए युवाओं को 51 हजार से अधिक नियुक्ति पत्र वितरित करेंगे। इस अवसर पर प्रधानमंत्री मोदी इन युवाओं को संबोधित भी करेंगे। प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) ने शुक्रवार को एक बयान जारी कर कहा है कि इस बार 16वां रोजगार मेला देशभर के 47 स्थानों पर आयोजित किया जाएगा। इन मेलों के माध्यम से चयनित युवा देश के विभिन्न हिस्सों से आए हैं और वे जल्द ही अपने-अपने मंत्रालयों और विभागों में कार्यभार संभालेंगे।

## होटल में नाबालिग बच्चे की मौत शव घर लाने पर भड़का आक्रोश

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** जिले के मोहम्मदगंज के स्टेशन रोड के एक होटल में काम करते समय चैनपुर के नाबालिग बच्चे की मौत हो गयी। उसे उल्टी हो रही थी। इलाज किया गया, लेकिन सुधार नहीं हुआ।

इस बीच उसका शव उसके घर लाकर छोड़ देने से आक्रोश भड़क गया। बड़ी संख्या में स्थानीय लोग और परिजन शुक्रवार एसपी कार्यालय पहुंचे और घटना की जानकारी ली। एसपी के निर्देश पर शव को पोस्टमार्टम के लिए एमएमसीएच भेजा गया। इस संबंध में एफआइआर दर्ज कराने की सलाह दी गयी है।

मृत बच्चे की पहचान बुढीवीर जयनगरा के शोभन उरांव का पुत्र पिंटू उरांव (15) के रूप में हुई है। पिंटू के अलावा स्व नन्हकू उरांव का पुत्र कुश (14) और स्व शिवनाथ उरांव का पुत्र रविन्द्र (12) को 19 जून को होटल में काम कराने के लिए मोहम्मदगंज ले जाया गया था। रामजी के होटल में तीनों काम कर रहे थे।

दो दिन पहले पिंटू को उल्टी हो रही थी। बेहतर इलाज नहीं होने के कारण उसकी मौत हो गयी। वहीं होटल मालिक ने गाड़ी में शव रखवा कर गांव भेजवा दिया। शव गांव पहुंचने पर परिजन और ग्रामीण उग्र हो गए। मारपीट की वजह से ड्राइवर गाड़ी छोड़कर फरार हो गया। कई घंटे तक शव के गाड़ी में पड़े रहने पर परिजन और ग्रामीण एसपी से शिकायत करने उनके कार्यालय में पहुंचे और घटना की जानकारी दी। एसपी ने बताया कि मारपीट के डर से ड्राइवर गाड़ी छोड़कर भाग गया था। उसे बुलाया गया और गाड़ी से शव निकाल कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। इस संबंध में परिजनों को एफआइआर दर्ज कराने की सलाह दी गयी है। वहीं पूरे मामले में जांच के निर्देश दिए गए हैं।

## राहुल सिंह गिरोह के छह अपराधी गिरफ्तार

- टोरी साइडिंग पर आगजनी और गोलीबारी में थे शामिल

नवीन मेल संवाददाता




**लातेहार।** लातेहार पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। एसपी कुमार गौरव को मिली गुप्त सूचना के आधार पर कुख्यात अपराधी राहुल सिंह गिरोह के छह सदस्यों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। पुलिस ने उनके पास से हथियार भी बरामद किये है।

शुक्रवार को एसपी ने प्रेसवार्ता में बताया कि पुलिस को सूचना मिली थी कि राहुल सिंह के कहने पर कुछ अपराधी हथियारों से लैस होकर चिरो मोड़ स्थित यात्री शेड के पास बैठे हैं। उन्होंने बताया कि ये वही लोग थे जिन्होंने पिछले 10 जून को चंदवा की टोरी साइडिंग पर रंगदारी के लिए गोलीबारी की थी। जब उन्हें रंगदारी नहीं मिली, तो वे सभी दोबारा वहां गोलीबारी और लूटपाट की योजना बना रहे थे। यह भी जानकारी मिली थी कि उनके पास कुछ मोटरसाइकिलें और स्कूटी भी थीं। इस गुप्त सूचना के आधार पर डीएसपी अरविंद कुमार के नेतृत्व में एक छापामार दल का गठन किया गया। इस दल ने सफलतापूर्वक छापेमारी की और सभी अपराधियों को मौके से गिरफ्तार किया। पकड़े गये अपराधियों में मो. शाहिद अंसारी, नितेश उरांव, तरुण यादव, शमशाद अंसारी और मो. मोजम्मिल अंसारी शामिल है।

## इंडिया

# रील बनाने में जान भी जा रही है और गंदे वीडियो से प्रतिष्ठा भी



सुनील बादल
कार्यकारी संपादक

गुरुग्राम की स्टेट लेवल टेनिस खिलाड़ी राधिका यादव की उनके पिता ने ही कथित रूप से गोली मारकर हत्या कर दी जो दो साल पहले चोट लगने के कारण खेल छोड़कर सोशल मीडिया पर रील बनाकर इन्फ्लुएंसर बनना चाहती थीं और पिता को यह पसंद नहीं था लोग चिढाते थे। आज मोबाइल और सस्ते डेटा ने हर उस व्यक्ति को प्रभावित किया है जो इसे एक बार भी देखे तो बहुत ही चालाकी से फैलाए जा रहे कंटेंट को और देखने के लोभ का संवरण नहीं कर पाता । कभी बस अड्डों पर घटिया अश्लील प्रबंधित साहित्य को पुलिस जब्त कर लेती थी जिसमें भाई-बहन,माता-पुत्र,पडोसी,रिश्तेदार के बीच झूठे अनैतिक संबंधों को दिखाया जाता था अब सोशल मीडिया कंपनियों के उकसावे पर रातों रात लखपति बनने के लिए लाखों लोग वैसे भद्दे और अश्लील कंटेंट की रील बनाकर पोस्ट कर रहे हैं । ये रील्स का रोग समाज को तो पतन की ओर ले ही जा रहा है धर्मों और जातियों के बारे में वैमनस्य फैलाने के लिए फर्जी नाम से अश्लील और घृणित सामग्री धड़ल्ले से परोसी जा रही है जिसके लाखों दर्शक हैं । इन दर्शकों में किशोर भी हैं बच्चे भी और युवा भी सहज अनुमान लगाया जा सकता है कि इन से कैसे समाज को बर्बाद किया जा रहा है । चर्चा फैली है कि सोशल मीडिया इंफ्लुएंसर्स लाखों कमा रहे हैं जो उतना आसान नहीं है, जितना बताया जाता है। इंफ्लुएंसर मार्केटिंग एजेंसी कोइंफ्लुएंस ने अप्रैल में अपनी एक रिपोर्ट में बताया था कि भारत में सोशल मीडिया इंफ्लुएंसर्स 20 हजार से 2 लाख रुपए तक कमा रहे हैं। कमाई इस बात पर निर्भर करती है कि आपके सब्सक्राइबर या फॉलोअर्स कितने हैं और आपका कॉन्टेंट कितने समय में कितना देखा जा रहा है। देश में इस समय 25-35 लाख लोग ऐसे हैं, जो व्यक्तिगत स्तर पर सोशल मीडिया कॉन्टेंट क्रिएट कर रहे हैं, लेकिन इनमें से करीब 1.5 लाख लोग ही इससे पैसे कमा पा रहे हैं। आप किसी गांव या सार्वजनिक स्थान में हैं वहां एक रील में एक अधेड़ महिला अश्लील बातें बोल रही है और सब मजे ले रहे हैं । तभी एक लड़का कहता है, 'यार, रील्स



देखते हुए दिन कैसे बीत जाता है, पता ही नहीं चलता।' दूसरा बोलता है, 'इसे देख-देखकर पक गया हूं मजा तो अब आएगा।' उसने एक दूसरी रील दिखाई, जिसमें वही महिला अब और ज्यादा अश्लील बोल रही थी। उनमें से एक लड़के ने मजाकिया लहजे में उस महिला को गालियां देनी शुरू की । रील खत्म होने के बाद हंसी का ठहाका गूंज पड़ा। मैंने तो पढ़ाई छोड़ दी है। बड़ा आदमी बनने के लिए बड़ी सोच तो चाहिए ऑनलाइन ट्रेडिंग सीख रहा हूँ और अपने पिता से बड़ी मुश्किल से 5,000 रुपये लेकर फीस भरी है। 'अगर मुझे सिर्फ 50 लाख रुपये मिल जाएं, तो मैं अगले एक साल में 100 करोड़ बना दूंगा', उसने बड़े आत्मविश्वास से कहा। इतने में एक और लड़के ने अपनी इच्छा जाहिर की, 'मुझे तो फेमस होना है, इसलिए मैं यूट्यूबर बनना चाहता हूं। जब व्यूज और लाइक्स आएंगे, तो पैसे अपने आप आने लगेंगे।'हमारी युवा पीढ़ी जा कहां रही है पहचाने जाने का भी भय नहीं ? उनकी सोच उन्हें किस दिशा में ले जा रही है? मेहनत और पढ़ाई जैसे शब्द उनके जीवन से गायब क्यों हो रहे हैं? आज की युवा पीढ़ी का दोष यह नहीं है कि वे गलत दिशा में जा रहे हैं। असल समस्या है कि सोशल मीडिया ने उनकी सोच पर गहरी छाप छोड़ी है। बड़े-बड़े सिलेब्रिटीज को हेलिकॉप्टर से उतरते और महंगी गाड़ियों में घूमते देख युवा झूठे सपने पालने लगे हैं। सोशल मीडिया पर कई गैर-जिम्मेदार लोग सिर्फ अपने फायदे के लिए झूठी उम्मीदें बेच रहे हैं। ऐसे में युवा पीढ़ी का भटकाव बड़ा स्वाभाविक है।समाज की जिम्मेदारी है कि युवाओं को समझाए कि सोशल मीडिया पर दिख रही चमक-दमक एक भ्रम है और कोई भी शॉर्ट कट से महान नहीं बन सकता । कारण जानना चाहें तो वैश्विक स्तर पर एल्गोरिदम एक ऐसी तकनीक़ है जो सोशल मीडिया उपयोगकर्ता की पसंद और नापसंद का पता लगाकर, उसे उसकी दिलचस्पी वाले विषय से जुड़े कंटेंट को प्राथमिकता के आधार पर दिखाता है। एल्गोरिदम से जाने-अनजाने में कट्टरपंथी विचारधारा को बढ़ावा देने वाले और समाज को बांटने वाले नैरेटिव्स को भी बढ़ावा दिया जाता है। ज़ाहिर है कि सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर इस प्रकार के एल्गोरिदम को बढ़ावा देने से न केवल सामाजिक अलगाव बढ़ सकता है, बल्कि इससे दुष्प्रचार और गलत सूचनाओं का भी प्रसार हो सकता है, साथ ही कट्टरपंथी गुटों की पहुंच और उनके प्रभुत्व में भी इज़ाफा हो सकता है। इस तरह की घटना को "एल्गोरिदमिक रेडिकलाइज़ेशन" भी कहा जाता है। इस्लामिक स्टेट और अल-क़ायदा इसके सबसे सटीक उदाहरण हैं। रील बनाते ख़तरा मोल रहे लोग रोज मारे जा रहे हैं

## हत्याकांड का खुलासा, फूफा गिरफ्तार



- 8 जुलाई को नहर से बरामद हुआ था ताबिश का शव

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पलामू जिले के हुसैनाबाद के जपला धरहरा के ताबिश अंसारी की हत्या का खुलासा करते हुए उसके फूफा को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने फूफा गम्हरिया के तबरेज आलम को गिरफ्तार करते हुए हत्या की गुत्थी सुलझा दी है। ताबिश की हत्या करने से पहले उसे नशे का ओवरडोज इंजेक्शन दिया गया था। बाद में सिर में बांधी गयी पगड़ी के कपड़े से उसका गला घोंटकर नहर में शव डाल दी गयी थी। ताबिश का शव नहर से 8 जुलाई को बरामद किया गया था। **मृतक ने की थी तबरेज की बुआ से शादी :** जिले की एसपी रीष्मा रमेशन ने शुक्रवार को अपने कार्यालय के कांफ्रेंस हॉल में जानकारी दी कि ताबिश की हत्या के तीन कारण सामने आए हैं। तबरेज मृतक की फुआ से शादी कर लिया था। ताबिश और उसका परिवार इससे खुश नहीं था। दूसरी वजह पैसों का लेनदेन था और तीसरी वजह ताबिश के कारण तबरेज का काम छूट गया था। दोनों छतीसगढ में रहकर हेल्फर का काम करते थे। दोनों नशे के आदि भी थे। **बकाया को लेकर भी हुआ था विवाद :** मुहर्रम के दिन दोनों नहर किनारे नशा कर रहे थे। इंजेक्शन का डोज लिया था। इसी क्रम में बकाया पैसे को लेकर विवाद हुआ और नशे में होने पर ताबिश शेष पेज 11 पर...

## मोबाइल चोरी प्राथमिकी दर्ज



**नीलाम्बर-पीताम्बरपुर।** लेस्लीगंज बाजार में मोबाइल चोरी की घटनाएं लगातार बढ़ती जा रही हैं। ताजा मामला गुरुवार का है, जब कुराईन पतरा पंचायत के रोजगार सेवक मो. हसीबुद्दीन का मोबाइल उस वक्त चोरी हो गया, जब वे सब्जी खरीदने बाजार पहुंचे थे। मो. हसीबुद्दीन जो ग्राम कर्मा के निवासी हैं और लेस्लीगंज प्रखंड में रोजगार सेवक के पद पर कार्यरत हैं। घटना के बाद उन्होंने लेस्लीगंज थाना पहुंचकर मामला दर्ज कराया है। लेस्लीगंज थाना प्रभारी उत्तम कुमार राय मामले में बताया कि जांच कर जल्द ही चोर की पहचान कर कार्रवाई की जाएगी।

### डीआईजी ने हुसैनाबाद अनुमंडल पुलिस कार्यालय का किया निरीक्षण

# भयमुक्त वातावरण का माहौल कायम करना सरकार की प्राथमिकता : डीआइजी



**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** पलामू रेंज के डीआईजी नौशाद आलम ने हुसैनाबाद अनुमंडल पुलिस कार्यालय पहुंचे। हुसैनाबाद एसडीपीओ एस मोहम्मद याकूब आईपीएस ने उन्हें बुके देकर स्वागत किया। पुलिस के जवानों द्वारा सलामी शस्त्र दी गयी। इस दौरान अनुमंडल क्षेत्र के सभी थाना प्रभारी व पुलिस पदाधिकारी मौजूद थे। डीआईजी नौशाद आलम ने अपराध नियंत्रण और अपने अपने क्षेत्रों में कानून व्यवस्था बनाएं रखने के संबंध में कई दिशा निर्देश दिए। उनका मुख्य उद्देश्य हुसैनाबाद अनुमंडल में पुलिसिंग स्थिति का जायजा लेना और उससे अधिक प्रभावी बनाना था। साथ ही लंबित पड़े मामलों का शीघ्रता से निपटारा करना और जांच प्रक्रियाओं में तेजी लाने का निर्देश दिया। उन्होंने पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि हुसैनाबाद अनुमंडल क्षेत्र में मैं पहली बार आया हूं। ऐसे भी हुसैनाबाद एसडीपीओ जो खुद एक आईपीएस अधिकारी है। उनके नेतृत्व में बेहतर कार्य हो रहा है। आज के परिवेश में लोगों में पुलिस के प्रति भरोसा बढ़ा है। हाल के दिनों में नक्सलियों के खिलाफ पुलिस को कई बड़ी सफलता मिली है। उन्होंने समाज से भटके लोगों को मुख्यधारा में लौटकर सरकार की योजनाओं का लाभ उठाने की बात कही। मौके पर पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी सोनू कुमार चौधरी, अंचल पुलिस निरीक्षक बिनोद राम, हैदरनगर थाना प्रभारी अफजल अंसारी, मोहम्मदगंज थाना प्रभारी, महिला थाना प्रभारी पार्वती कुमारी, दंगवार ओपी प्रभारी सोनू गुप्ता, देवरी ओपी प्रभारी बबलू कुमार, समेत कई पुलिस पदाधिकारी मौजूद थे।

### डीआईजी ने कहा- नक्सलियों के खिलाफ तेज होगा अभियान

**हुसैनाबाद।** एसडीपीओ कार्यालय में मीडिया से बातचीत करते हुए डीआईजी नौशाद आलम ने कहा कि हाल के दिनों में पलामू रेंज में नक्सलियों के खिलाफ पुलिस को बड़ी सफलताएं मिली हैं। वे नक्सलियों से अपील करते है मुख्यधारा में शामिल हो और सुकून से रहें एवं सरकार की योजनाओं का लाभ उठाएं। कई नक्सली मुख्य धारा में लौटकर अपने परिवार के साथ जीवन यापन भी कर रहे है। उन्होंने कहा कि नक्सलियों के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है और पहले से इस अभियान को और तेज किया जाएगा एवं कारगर होगा। उन्होंने कहा कि अपराधियों के खिलाफ भी कार्रवाई की जाएगी। यहां आईपीएस एसडीपीओ एस मो. याकूब मिले हैं। इससे क्षेत्रों में अपराध व उग्रवादियों के विरुद्ध बेहतर कार्य होगें।

### एक पखवाड़े के बाद हैरदनगर क्षेत्र में खुली शराब की दुकानें

# प्रिंट रेट से ज्यादा लिए जा रहे हैं पैसे, नहीं थम रही है कालाबाजारी




**नवीन मेल संवाददाता**

**हैदरनगर।** पलामू जिला के हुसैनाबाद अनुमंडल क्षेत्र में शुक्रवार से एक पखवाड़े से बंद पड़ी देशी विदेशी शराब दुकानों को खोलने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। किन्तु संवेदकों के बाद उत्पाद विभाग के निर्देश पर भी खोली जा रही इन दुकानों पर इसकी कालाबाजारी की प्रथा नहीं थमती नजर आने लगी है। हैदरनगर प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष बिमलेश सिंह ने कहा कि इससे पूर्व भी प्रिंट रेट से अधिक पैसे लेने का आरोप लगातार लगता रहा है। अंग्रेजी शराब के ग्राहकों से क्वार्टर साइज के पैक पर 10 से 20, हाफ पर 30 से 40 और फुल साइज के पैक पर 50 से 70 रुपया अधिक मूल्य लिये जाने की शिकायत पर प्रतिष्ठान पर ही विक्रेताओं द्वारा ग्राहकों के साथ मारपीट और खून खराबा की कई घटना को अंजाम पुलिस प्रशासन की शह पर ही हो चुका है। वही केन बियर में अंकित मूल्य से 50 रुपये तक की वसूली ग्राहकों से इस क्षेत्र में किया गया। इसकी शिकायत कई बार किए जाने के बावजूद संबंधित अधिकारी चुप्पी साधे रहे। उन्होंने कहा कि आज तक समुचित कार्रवाई नहीं होने से स्पष्ट होता है कि इस कालाबाजारी की मोटी रकम उन तक जाती है। विक्रेताओं के मनोबल तो इतना परवान चढ़ा है कि अवैध वसूली का विरोध करने पर दुकानदार का सीधा जवाब मिलता है कि जहां जाना है जाओ, इसी रेट से मिलेगी शराब। इस अवैध वसूली की आवाज फिर शुक्रवार को हुसैनाबाद शहर के जेपी चौक और आकाशदीप होटल के समीप अंग्रेजी शराब दुकान में ग्राहकों ने उठाया है। उन्होंने कहा कि जब सरकारी महकमा ही इस भ्रष्टाचार को रोक नहीं पा रहें तो कौन ग्राहकों को निर्धारित और अंकित मूल्य पर शराब उपलब्ध करायेगा। जहां एक गरीब तबके से लेकर बड़े शौकीन लोगों को भी दैनिक शराब क्रय करना पड़ता है।

## युवाओं को नहीं मिला रोजगार, बेरोजगारी सबसे बड़ी सिरदर्द



**पंडवा।** प्रखंड अंतर्गत समाज सेवी बलराम विश्वकर्मा ने बेरोजगारी को ध्यान में रखते हुए कहा की राज्य में सबसे बड़ी समस्या युवा बेरोजगारी है। बिगत के दिनों में राज्य के मुख्यमंत्री के द्वारा 10 लाख युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने की व नये नये रोजगार सृजन के संभावनाएं होने की बात कही गयी थी, लेकिन असंख्य युवा बेरोजगारी से त्रस्त है और विस्थापित होने पर मजबूर है। इस परिस्थिति में सरकार को अपने दायित्व पर अच्छी तरह से कार्य करना चाहिए। राज्य के प्रति मूल कतव्यओं व नागरिकों के हित में कार्य करना चाहिए।

### बिना चलान के चल रहे हैं गिट्टी लदे वाहन

# ऊंटारी रोड़ सीओ ने एक ट्रैक्टर को पकड़ा




**नवीन मेल संवाददाता**

**ऊंटारी रोड़।** अंचलाधिकारी वासुदेव राय ने बिना चालान के स्टोन गिट्टी परिवहन करते एक ट्रैक्टर को जब्त किया है। जब्त ट्रैक्टर ऊंटारी रोड़ पुलिस को सौंप दिया गया है। बताया जाता है कि ऊंटारी रोड़ से बी मोड़ जाने वाली मुख्य सड़क बसडीया मोड़ पर गिट्टी से भरे ट्रैक्टर को ऊंटारी रोड़ अंचलाधिकारी ने गिट्टी से संबंधित किसी प्रकार का कोई दस्तावेज नहीं दिखाए जाने पर जब्त कर लिया। बतादें की बिना चालान के स्टोन गिट्टी के लगातार परिवहन होने से जिला खनन विभाग को राजस्व की भारी क्षति हो रही है। जब्त ट्रैक्टर कूल्ही गांव निवासी संजय चौधरी का बताया जा रहा है। वहीं इस संबंध में अंचलाधिकारी वासुदेव राय से फोन पर बात करने पर बताया कि जिला खनन विभाग को कार्रवाई के लिए भेज दिया गया है।

# जंगल से भटककर मैदानी इलाके में पहुंचे हिरण की मौत

**वन्य जीव की सुरक्षा को लेकर खड़ा हुआ सवाल**



**नवीन मेल संवाददाता**

**मोहम्मदगंज।** जंगल से भटककर सिंचाई कॉलोनी परिसर में घायलावस्था में पहुंचे हिरण की मौत से इस वन्य जीव की सुरक्षा को लेकर लोगों ने सवाल खड़ा किया है। बताया गया कि सिंचाई विभाग क्षेत्र में स्थित प्रखंड कार्यालय के आवासीय परिसर में दो दिनों से सिंघों वाला एक नर हिरण इधर-उधर भटक रहा था। इस दौरान अवारा कुत्तों के हमला से उसका जबड़ा टूट गया था। शरीर में भी कई जगह गहरे जख्म हो गए थे। इसकी सूचना पर वनपाल मिथुन कुमार पहुंचे। पहले उसे भयमुक्त करने के लिए उसकी आंखों पर पट्टी बांध दी। मवेशी अस्पताल के पास होने से उसका प्राथमिक उपचार कराया। बाद में इससे पहले पूर्व मुखिया इंदू देवी के आवासीय परिसर से पकड़े गए हिरण को जहां भौंराहा पर्वत पर स्थित आइबी के पास छोड़ा गया था, वहीं ले जाकर छोड़ दिया। लेकिन कुछ ही देर बाद उसकी मौत हो गई। इस पर पोस्टमार्टम के बाद शव को सुरक्षित स्थान पर दफना दिया गया।

## संत तुलसीदास इंटर कॉलेज में शोकसभा का आयोजन

**विश्रामपुर (पलामू)।** रेहला बी मोड़ स्थित संत तुलसीदास इंटर कॉलेज परिसर में शुक्रवार को शोकसभा का आयोजन किया गया। सभा में कॉलेजकर्मियों ने नम आंखों के बीच पूर्व मंत्री चन्द्रशेखर दुबे उर्फ ददई दुबे को श्रद्धांजलि अर्पित किया। स्व. दुबे के सम्मान में दो मिनट का मौन भी रखा गया। प्रभारी प्राचार्य अर्चना कुमारी ने कहा कि कॉलेज के उत्तरोत्तर विकास में ददई दुबे का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। कॉलेज के ऊपरी मंजिल का भवन भी उन्होंने ही बनवाया था। इसके अलावा कई शैक्षणिक संसाधन भी कॉलेज को उपलब्ध कराया था। मौके पर इरफान अहमद, राजीव चौबे, रेणु कुमारी, रूपा कुमारी, सोनालिका कुमारी, सुशील यादव, इबारत खलीफा, संतोष ठाकुर, सोनी कुमारी, सुभाष पांडेय, लक्ष्मीकांत शुक्ला, अमित चौबे, पंकज चौबे, प्रभाकर सिंह, विशाल चंद्रवंशी, अनिल शुक्ला, रामा तिवारी, सुजीत चौबे, पानपति कुंवर, अनिमेष तिवारी सहित सभी कॉलेजकर्मी मौजूद थे।

# मतदाता सूची की तैयारी को लेकर सीओ ने की बैठक

**विभिन्न राजनीतिक दलों के लोग बैठक में हुए शामिल**



**नवीन मेल संवाददाता**

**विश्रामपुर (पलामू)।** विश्रामपुर अंचल कार्यालय के सभागार में सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी सह सीओ राकेश तिवारी ने मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ एक बैठक की। बैठक में मतदाता सूची की तैयारी व संशोधन की प्रक्रिया में सुधार करने पर चर्चा की गई। निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी राकेश तिवारी ने बताया कि निर्वाचन आयोग के निदेर्शानुसार मतदाता सूची की तैयारी व संशोधन की प्रक्रिया में सुधार के लिए राजनीतिक दलों को बूथ लेवल एजेंट टैग करने सहित जिओ फेसिंग, मतदान केंद्रों का रेसलाइजेशन, मतदान केंद्र का नजरी नक्शा की मैप आदि के बारे में जानकारी दी गई। सीओ राकेश तिवारी ने कहा कि राजनीतिक दलों से अपेक्षा है कि मतदाता सूची तैयार करने में सहयोग करें। साथ ही यदि उनके पास मतदाताओं से प्राप्त शिकायतें हैं तो उसकी सूची भी उपलब्ध कराएं, ताकि समय रहते दूर किया जा सके। बैठक में वरिष्ठ कांग्रेसी विजय चौबे, बीस सूत्री अध्यक्ष रामचंद्र दीक्षित, इद्रीश हवारी, भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष बबन राम, कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष रविंद्र शुक्ला गुड्डु, राजद प्रखंड अध्यक्ष सतेंद्र यादव, जेएमएम प्रखंड अध्यक्ष एमामुल हक गुड्डु, कांग्रेस नगर अध्यक्ष ऋषि पांडेय, झामुमो के दिनेश मेहता सहित विभिन्न दलों के कई प्रतिनिधि शामिल हुए।

# पर्यावरण संतुलन के लिए व्यापक स्तर पर पेड़ लगाने की जरूरत: शशि



**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** मां शिवकुमारी देवी सेवा संस्थान ट्रस्ट द्वारा संचालित श्री मां बाल विकास विद्यालय की ऊपरी कला गम्हरिया होलेया रोड स्थित शाखा में पूर्व नपं अध्यक्ष शशि कुमार के सौजन्य से पौधरोपण किया गया। इस अवसर पर पूर्व नपं अध्यक्ष शशि कुमार, पूर्व वार्ड पार्षद अजय प्रसाद गुप्ता, विद्यालय के निदेशक डॉ. जीतेन्द्र प्रसाद आदि ने संयुक्त रूप से आम, अमरुद, पपीता, अनार समेत कई फलदार व छायादार पौधे लगाए। इसके पूर्व विद्यालय परिवार द्वारा सभी अतिथियों को पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए शशि कुमार ने कहा कि पौधरोपण कार्यक्रम में जनसहभागिता की जरूरत है। सभी लोगों को पौधा लगाकर संरक्षित करने की जरूरत है। निदेशक डॉ. जीतेन्द्र प्रसाद ने आयोजन की सराहना करते हुए पौधरोपण अभियान में जन भागीदारी की बात कहीं। उन्होंने बच्चों को पर्यावरण के प्रति संवेदनशील रहने की बात कह। मौके पर विद्यालय के रविंद्र कुमार मेहता, राहुल कुमार, जगनारायण सिंह, धीरेंद्र प्रसाद, राहुल गुप्ता, पिंकी कुमारी, विक्रम विशाल, रिया राज, आरती सिंह, रूमी कुमारी, फिज्जा, रानी खातून, रामरजी देवी आदि लोग मौजूद थे।

## सड़क हादसे में साइकिल सवार घायल

**हैदरनगर।** मोहम्मदगंज-हैदरनगर मुख्य पथ पर हाइस्कूल मोड़ पर पीछे से तेज गति से आ रही बाइक सवार ने साइकिल सवार को धक्का मारकर घायल कर दिया। मौके पर दोषी बाइकसवार को आसपास के ग्रामीणों ने कब्जे में लेकर पुलिस को सूचना दी। थाना प्रभारी अफजल अंसारी के निर्देश पर घटनास्थल पर पहुंची पुलिस बल ने टेंपो से दोनों सवारों को स्थानीय अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार मोहम्मदगंज थाना क्षेत्र के ग्राम पांती टोला भदई पर निवासी 60 वर्षीय मंगरु राम साइकिल से हैदरनगर बाजार जा रहे थे। जैसे ही हाइस्कूल मोड़ पर हैदरनगर बाजार जाने के लिए साइकिल घुमाया, वैसे ही हैदरनगर थाना क्षेत्र के कनौदा गांव निवासी बाइक सवार प्रमोद चौहान का पुत्र लक्की कुमार चौहान ने पीछे से साइकिल सवार को धक्का मार दिया। जिससे साइकिल सवार को गंभीर चोट आई है।

## न्यूज बॉक्स

### रांची से आज आयेगा ददई दुबे का पार्थिव शरीर, वाराणसी में होगा दाह संस्कार



**विश्रामपुर(पलामू)।** पूर्व मंत्री चन्द्रशेखर दुबे उर्फ ददई दुबे का पार्थिव शरीर सड़क मार्ग से शनिवार को रांची से आएगा। शनिवार अहले सुबह तीन बजे पार्थिव शरीर लेकर परिजन रांची से चलेंगे। सात बजे मेदिनीनगर स्थित कांग्रेस के जिला कार्यालय में अंतिम दर्शन के लिये पार्थिव शरीर रखा जाएगा। उसके बाद पड़वा मोड़, ब्रहमोरिया, भंडार, बी मोड़, रेहला होते हुए भाया गढ़वा पैतृक गांव चोका ले जाया जाएगा। जहां अंतिम दर्शन के बाद पार्थिव शरीर को वाराणसी ले जाया जाएगा। जहां गंगा किनारे राजा हरिश्चंद्र घाट पर उनका दाह संस्कार होगा।

### पूर्व मंत्री चंद्रशेखर दुबे के निधन पर शोक

**नावाबाजार।** चनेया राजहरा सीएसडी कॉलेज के संस्थापक रहे विश्रामपुर विधानसभा क्षेत्र की पूर्व विधायक सह पूर्व मंत्री सह धनबाद के पूर्व सांसद के निधन पर कॉलेज परिवार की ओर से एक शोक सभा का आयोजन किया गया। जहां कॉलेज परिवार की ओर से 2 मिनट का मौन धारण कर शोक संवेदना व्यक्त किया गया। शोक सभा काआयोजन कॉलेज के प्राचार्य देवेंद्र पाठक व संचालन प्रोफेसर हामिद हसन ने किया। मौके पर प्राचार्य देवेंद्र पाठक ने कहा कि पूर्व मंत्री सह कॉलेज के संस्थापक चंद्रशेखर दुबे उर्फ ददई दुबे का निधन संस्थान के लिए अपूरणीय क्षती है। जिसकी भरपाई नहीं की जा सकती। निःस्वार्थ भाव से क्षेत्र में शिक्षा की ज्योत जलाने को लेकर उनके द्वारा ग्रामीण क्षेत्र में कॉलेज की स्थापना कर ऐतिहासिक कार्य किया है। इतना ही नहीं उन्होंने राजहरा सीसीएल सहित अन्य जगहों से पैसों का संग्रह कर भवन की बुनियाद रखी। उनके सहयोग से कॉलेज का समग्र विकास हुआ है। जहां ग्रामीण क्षेत्र से आने वाले सैकड़ो छात्र-छात्राएं शैक्षणिक कार्य कर रहे है। मौके पर राजाराम तिवारी, परीक्षा संचालक मृत्युंजय प्रसाद सिंह, एसके द्विवेदी, डीएन वर्मा, एन देवी, भारत गौतम, राजीव मेहता, संदीप पाठक, सांभा कुमारी, मेनका कुमारी, पुष्पा कुमारी, अनुज सिंह, गोपाल कृष्ण पांडेय, सौरव पाठक, प्रवीण तिवारी, सूबेदार प्रजापति, विनोद राम, वीरू दुबे, राजू कुमार सहित कॉलेज के कर्मी मौजूद थे।

### समता स्कूल में छात्राओं को बीच बांटा गया दवा

**हुसैनाबाद।** शुक्रवार को नगर पंचायत क्षेत्र अंतर्गत अमन चैन मुहल्ला एवं जपला छतरपुर रोड के नहर मोड़ के समीप धरहरा जपला स्थित समता स्कूल परिसर में गवर्नमेंट ऑफ झारखंड सप्लाई के द्वारा आयरन एंड फोलिक एसिड टेबलेट आईपी दवा छात्राओं को बीच बांटा गया। मौके पर स्कूल के निर्देशक सह प्रधानाचार्य डॉक्टर अक्षय कुमार चौहान ने कहा कि यह गोलियां खाने से शरीर में खून की कमी को दूर करने और स्वास्थ्य रक्त का निर्माण के लिए दी जाती है। इनका प्रयोग विशेष रूप से बच्चों में खून की कमी को रोकने और ठीक करने के लिए किया जाता है। इस मौके पर उपस्थित विद्यालय के शिक्षक विनोद चौधरी, किरण देवी, संतोष मिश्रा, अंजली सिंह, सुधांशु कुमार सिंह, अनुज कुमार सिंह, विनोद कुमार सिंह, राहुल गुप्ता, राहुल चौहान, प्रियंका देवी, दशरथ कुमार, रिमझिम देवी, प्रियंका देवी, सानिया खातून, प्रियंका देवी, सुभाष कुमार, शकुंतला देवी, बबिता देवी, रीना देवी, उम्म जहरा, मुकेश कुमार, संजीत कुमार, अंशी कुमारी, चांदनी कुमारी, कार्तिक प्रसाद, नंदू प्रजापति, अनूप पांडे एवं परिचारिका विमला कुंवर एवं सैकड़ों छात्राओं भी उपस्थित थीं।

### प्रत्यक्षण के लिए 94 किसानों में उड़द बीज वितरित

**मोहम्मदगंज।** प्रखंड कृषि कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में एनएफएसएम व बिरसा कृषि विस्तार योजना के तहत प्रखंड के चयनित क्लस्टर के 94 किसानों के बीच उड़द फसल के प्रत्यक्षण को लेकर बीज वितरित किया गया। बीज वितरण प्रखंड कृषि पदाधिकारी नौशाद आलम और विधायक प्रतिनिधि पंचु रजवार ने संयुक्त रूप से किया। प्रखंड कृषि पदाधिकारी ने कहा कि इसमें पूरी पारदर्शिता बरती जा रही है। उन्नत किस्म के फसलों के प्रत्यक्षण को लेकर हर क्षेत्र को आच्छादित करने की योजना पर काम चल रहा है। इसे लेकर अलग-अलग कलस्टर बना दिए गए हैं। उन्होंने में कहा कि इस मामले में कोई भी क्षेत्र वंचित नहीं रह जाए, ऐसी कोशिश की जा रही है। उड़द बीज वैसे क्षेत्र के किसानों में वितरित किए गए हैं, जो इससे वंचित थे। इसके लिए जनप्रतिनिधियों की सहमति से हर किसानों का चयन किया जा रहा है।

### विश्व जनसंख्या दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम

**नीलाम्बर-पीताम्बरपुर।** विश्व जनसंख्या दिवस के अवसर पर प्रखंड सीएचसी सभागार में जनसंख्या नियंत्रण और परिवार कल्याण के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने हेतु एक भव्य और प्रेरक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ हुआ, जिसे पंचायत की मुखिया रेखा देवी, पूर्वी जिला परिषद सदस्य विजय कुमार, चेंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष छोटेलाल सोनी एवं प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. श्वेता ने संयुक्त रूप से किया। इस अवसर पर परिवार नियोजन की स्थायी एवं अस्थायी विधियों की विस्तार से जानकारी दी गई। मौके पर डॉक्टर श्वेता ने बताया कि प्रत्येक शुक्रवार को महिला बंध्याकरण शिविर आयोजित होता है, जिसमें लाभार्थी महिला को 2000 की प्रोत्साहन राशि प्रदान की जाती है। पुरुष नसबंदी करवाने वाले लाभार्थियों को 3000 की सहयोग राशि दी जाती है।

### जनसंख्या नियंत्रण का दिया गया संदेश

**पांकी।** विश्व जनसंख्या दिवस के अवसर पर पांकी स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में शुक्रवार को परिवार स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया गया। उक्त मेले का उद्घाटन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रखंड प्रमुख पंचम प्रसाद विशिष्ट अतिथि विधायक प्रतिनिधि राजेंद्र यादव, मुखिया प्रेम प्रसाद एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सा प्रभारी डॉक्टर महेंद्र प्रसाद सहित अन्य अतिथियों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम का संचालन कर रहे स्वास्थ्य केंद्र के बीपीएम अनुज सिंह ने बताया कि परिवार स्वास्थ्य मेला कार्यक्रम का उद्देश्य योग्य दंपतियों को परिवार नियोजन के स्थायी व अस्थायी तरीकों के प्रति जागरूक करना है। इस दौरान महिलाओं के लिए वन्ध्याकरण व पुरुषों के लिए नसबंदी जैसी स्थायी विधियों के साथ-साथ अस्थायी साधनों को अपनाने हेतु भी लोगों को प्रेरित करने की योजना है। स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सा प्रभारी डॉक्टर महेंद्र प्रसाद ने जानकारी दी कि इस पखवाड़े में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर इच्छुक लाभुकों का निःशुल्क वन्ध्याकरण व नसबंदी की जाएगी साथ ही स्वास्थ्य केंद्र परिसर में लगे स्टाल के माध्यम से लोगों को परिवार नियोजन के प्रति जागरूक करने के साथ साथ अस्थाई सेवाएं भी प्रदान किए जाएंगे।

# यात्री बस व हाइवा की टक्कर में तीन घायल




**नवीन मेल संवाददाता**

**हरिहरगंज।** शहरी क्षेत्र के बेलौदर मोड़ के समीप यात्री एनएच-139 पर महाकाल नामक यात्री बस व हाईवा की टक्कर में बस में सवार तीन लोग घायल हो गए। साथ ही अन्य यात्रियों को मामूली चोट आई है। महाकाल बस मेदिनीनगर से सासाराम जा रही थी। इसी बीच औरंगाबाद की ओर से आ रही हाईवा ट्रक ने बस में टक्कर मार दिया। इससे बस का अगला भाग क्षतिग्रस्त हो गया। घटना के बाद स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को हरिहरगंज सीएचसी लाया गया। जहां सीएचसी प्रभारी डॉ. गोपाल प्रसाद ने घायलों का इलाज किया। उन्होंने बताया कि घायल मो. रिजवान, मो. आरीफ एवं सुरेश प्रसाद औरंगाबाद टाउन के रहने वाले है। इलाज के बाद तीनों को अस्पताल से छुट्टी दे दी गई है।

**खेती-बाड़ी**

### काशीस्रोत डैम में पर्याप्त जल भंडारण से किसानों में खुशी

# आधा दर्जन गांवों में धान उत्पादन की उम्मीद जगी



**नवीन मेल संवाददाता**

**मोहम्मदगंज।** काशीस्रोत डैम के बारिश के पानी से लबालब भर जाने से इसके दो अलग-अलग पइन से बरडंडा, बरवाडीह, सबनवां, बटौवा, गोड़ाडीह, भाली, लटपौरी, माली सहित अन्य कई गांव के किसानों को धान उत्पादन की उम्मीद जग गई है। किसानों का कहना है कि ऐसी स्थिति कई वर्ष बाद आई है। जब बारिश से डैम लबालब भर गया है। इससे बारिश के बंद होने पर भी धान की रोपनी और पैदावार की उम्मीद हो गई है। हालांकि पइन का विस्तारीकरण नहीं होने से पर्याप्त जल भंडारण के बावजूद लक्षित क्षेत्र तक इस डैम से सिंचाई संभव नहीं हुआ है।

### दोबारा डालना पड़ा है बिचड़ा

किसानों का कहना है कि इस बार लगातार बारिश से डैम के लबालब भरने उन्हें खुशी मिली है। लेकिन स्थानीय बाजार में घटिया बीज उपलब्ध कराने की वजह से दोबारा बिचड़ा डालनी पड़ी। इसके लिए दूसरे बाजार अथवा किसान से बीज लेनी पड़ी। इसका उन्हें बड़ा दुःख पहुंचा है। बिचड़ा के तैयार होने में विलंब की वजह अत्यधिक बारिश से ज्यादा बाजार में उपलब्ध खराब बीज कारण बना है। स्थानीय बाजार से खरीदे गए बीज के नहीं उगने पर इसकी शिकायत को लेकर दुकानदारों से तू-तू-मैं-मैं भी करनी पड़ी।

## विश्व जनसंख्या स्थिरीकरण पखवाड़ा का उद्घाटन

**हुसैनाबाद।** शुक्रवार को अनुमंडल पदाधिकारी हुसैनाबाद, सांसद प्रतिनिधि एवं उपाधीक्षक, अनुमंडलीय अस्पताल हुसैनाबाद के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर विश्व जनसंख्या स्थिरीकरण पखवाड़ा का उद्घाटन किया गया। मौके पर अनुमंडल पदाधिकारी के द्वारा बताया कि विश्व जनसंख्या दिवस 11 जुलाई को मनाया जाता है, जिसका उद्देश्य जनसंख्या संबंधी मुद्दों पर जागरूकता बढ़ाना है। झारखंड सरकार ने भी इस दिशा में पहल की है और विश्व जनसंख्या दिवस पर विशेष अभियान चलाया जाएगा।विश्व जनसंख्या लगभग 8.2 अरब है और 2037 तक 9 अरब पहुंचने की संभावना है।

# मलय डैम पर उमड़ी भीड़, स्पीलवे से छलकता पानी बना आकर्षण का केंद्र

- **चार साल बाद फिर लौटी रौनक, लेकिन लापरवाही से हो सकती है अप्रिय घटना**

**मुनीन्द्र नाथ दुबे**



**सतबरवा।** पलामू जिले के सतबरवा प्रखंड स्थित मुरमा मलय डैम और उसके दूसरे छोर पर अधमनिया क्षेत्र में इस वर्ष भारी वर्षा के बाद चार वर्षों के लंबे अंतराल के बाद एक बार फिर चहल-पहल लौट आई है। डैम का जलस्तर पूरी तरह भर चुका है, और स्पीलवे से पानी ओवरफ्लो होकर बह रहा है, जो स्थानीय लोगों और पर्यटकों के लिए आकर्षण का केंद्र बन गया है।

**सुबह से शाम तक उमड़ रही भीड़ :** बुधवार को डैम क्षेत्र में नहाने और प्राकृतिक सौंदर्य का आनंद लेने के लिए बड़ी संख्या में लोग पहुंचे। युवाओं की संख्या सर्वाधिक रही, जो छलकते पानी में मस्ती और रोमांच की तलाश में देखे गए। लोगों का कहना है कि लगातार हो रही बारिश के कारण डैम भर गया है और अब स्पीलवे से लगातार पानी बह रहा है।

**खतरे के बीच मस्ती, हादसे से इनकार नहीं :** डैम के ऊंचे चट्टानों और पहाड़ी संरचनाओं से लोग छलांग लगाकर पानी में उतरते देखे गए। यह अत्यंत जोखिम भरा है, क्योंकि डैम के गहराई और तेज बहाव के बीच किसी प्रकार की अप्रिय घटना से इनकार नहीं किया जा सकता। इसके बावजूद कई पर्यटक जानबूझकर जान जोखिम में डाल रहे हैं, जो चिंता का विषय है।

**प्राकृतिक सौंदर्य के बीच सुरक्षा भी जरूरी :** मलय डैम चारों ओर से पहाड़ियों से घिरा है, और उसके मध्य में स्थित सात छोटी-छोटी पहाड़ियाँ एक टापू जैसी आकृति बनाती हैं, जो इसे और भी रमणीय बनाती हैं। यहाँ पहुंचकर लोग रोमांचित होते हैं, लेकिन थोड़ी-सी लापरवाही किसी बड़ी घटना को जन्म दे सकती है। स्थानीय लोगों और पर्यटकों ने इस प्राकृतिक स्थल की सुंदरता को बनाए रखने और लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए प्रशासन से सुरक्षा उपायों की मांग की है। आवश्यक है कि मौके पर सावधानी संबंधी सूचना बोर्ड, चेतावनी संकेत और सुरक्षाकर्मी की व्यवस्था की जाए, ताकि किसी प्रकार की अनहोनी से बचा जा सके।

---

### फर्जी फोटो में सिमट कर रह गया है वॉलीबॉल डे बोर्डिंग केंद्र

# सरकारी भत्ता किसके जेब में जा रहा है विभाग को मालूम नहीं

- **आंख मूंदे बैठा है खेल विभाग**

**रेवती रमण**



**मेदिनीनगर।** पलामू जिले नीलाम्बर-पीताम्बर पूरे प्रखंड के लेस्लीगंज स्थित मध्य विद्यालय के मैदान में संचालित डे बोर्डिंग केंद्र के नाम पर सिर्फ खानापूर्ति हो रही है। कागजों पर दौड़ते खिलाड़ी, हवा में उड़ती वॉलीबॉल और फाइलों में ही गूंजती तालियों की गूंज-वॉलीबॉल डे बोर्डिंग केंद्र, जहां खेल कम, खेल-खेल में गड़बड़झाला ज्यादा हो रहा है।

**20 से 25 बच्चों को प्रशिक्षण देने का प्रवधान :** करीब छह महीने पहले जिस जज्बे के साथ इस केंद्र का उद्घाटन हुआ था, अब वहां सिर्फ कागजों पर ही बच्चों का प्रशिक्षण का दवा किया जा रहा है। केंद्र पर हर दिन 25 बच्चों को प्रशिक्षण देने का प्रावधान है। लेकिन प्रशिक्षक द्वारा इस केंद्र पर मात्र 20 छात्र होने की बात करते हैं। जहां केंद्र पर प्रशिक्षण ले रहे बच्चों को ड्रेस आदि उपलब्ध कराने हेतु हजारों रुपए सरकार द्वारा खर्च किए जाते हैं वहीं भत्ते के रूप में 500 से 700 रुपये प्रतिमाह का प्रावधान है, लेकिन जब प्रशिक्षण लेने वाले ही नहीं हैं, तो सवाल उठता है कि यह पैसे किसकी जेब में जा रहा है। वहीं प्रशिक्षक का मानदेय भी भुगतान किया जाता है।

**निजी मैदान में अभिलाष चंचल का टाइमपास :** स्थानीय लोगों के अनुसार असली कहानी कुछ और ही है। डे बोर्डिंग केंद्र के बजाय पास के एक निजी मैदान में प्रशिक्षक अभिलाष चंचल टाइमपास खेल प्रशिक्षण के नाम पर समय व्यतीत करते है। जब जिला खेल विभाग को तस्वीर भेजनी होती है तो मध्य विद्यालय बाबू दुम्बी में वॉलीबॉल खेल रहे स्थानीय युवकों की तस्वीर को लेस्लीगंज का मैदान बताकर भेज दिया जाता है। ऐसे में अगर कैमरे की नजरें भी धोखा खा जाएं, तो भला सरकार क्यों न खाए।

पूर्व में शिकायतें भी हुईं, जिसके बाद कुछ दिन के लिए खेल का मेकअप करके मीडिल स्कूल लेस्लीगंज के मैदान में आसपास के बच्चों को मैदान में खेलने का प्रलोभन देकर लाया गया लेकिन जैसे ही हंगामा शांत हुआ, खिलाड़ियों की गैरहाजिरी और प्रशासन की उदासीनता ने इस केंद्र को फिर से ठंडे बस्ते में डाल दिया। हैरत की बात यह है कि खेल विभाग द्वारा इस बात की जानकारी होने के बाद भी आंख बंद कर लिया जा रहा है। यही हाल रहा तो शायद यह डे बोर्डिंग केंद्र सिर्फ सरकारी पुस्तिकाओं में स्वर्णिम खेल उपलब्धि बनकर रह जाएगा।

**नियमित तौर पर दे रहे प्रशिक्षण-अभिलाष :** इस बात की जानकारी लेने पर केंद्र के प्रशिक्षक अभिलाष चंचल ने कहा कि वे 20 खिलाड़ियों को नियमित तौर पर प्रशिक्षण देते हैं। उन्होंने कहा कि खेल मैदान पर गंदगी होने के कारण कई बार अन्यत्र स्थान पर खेल को संचालित करते हैं।

प्रभारी जिला खेल पदाधिकारी सेवाराम साहू से इस विषय पर उनका पक्ष जानने की कोशिश की गई तो उन्होंने फोन नहीं उठाया।

---

### डीआईजी ने दिया सौहार्द व सुरक्षा का संदेश

## भाईचारे से गुज़रा मोहर्रम, अब श्रद्धा में डूबेगा सावन

**नवीन मेल संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** पलामू प्रक्षेत्र के डीआईजी नौशाद आलम ने शुक्रवार को शहर की बड़ी मस्जिद में नमाज अदा करने के उपरांत जिलेवासियों को मोहर्रम और श्रावण माह की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने लोगों से सामाजिक सौहार्द और आपसी समझ बनाए रखने की अपील करते हुए कहा कि मोहर्रम का शांतिपूर्ण आयोजन क्षेत्र के भाईचारे और समझदारी की मिसाल है।

डीआईजी ने कहा कि मोहर्रम के अवसर पर पलामू व प्रमंडलवासियों ने जिस संयम, अनुशासन और एकता का परिचय दिया, वह प्रशंसनीय है। हर समुदाय ने मिलकर अमन और भाईचारे के साथ पर्व को मनाया, जो सामाजिक समरसता की मिसाल है।

इसी क्रम में उन्होंने श्रावण मास की शुरुआत पर भी शुभकामनाएं दीं और कहा कि यह महीना आस्था, भक्ति और श्रद्धा से ओतप्रोत होता है। बड़ी संख्या में श्रद्धालु, विशेष रूप से महिलाएं, मंदिरों में पूजा-अर्चना करती हैं, वहीं कांवरिया गंगाजल लेकर शिवधामों की ओर प्रस्थान करते हैं।

डीआईजी ने बताया कि कांवर यात्रा व सावन के धार्मिक आयोजनों को लेकर पुलिस प्रशासन पूरी तरह सतर्क है। श्रद्धालुओं की सुविधा, सुरक्षा, यातायात व्यवस्था व आपात स्थिति में सहायता के लिए सभी आवश्यक तैयारियां की जा रही हैं। उन्होंने लोगों से आग्रह किया कि सावन सोमवार सहित पूरे मास के धार्मिक आयोजनों में संयम, प्रेम और सौहार्द की भावना बनाए रखें। पलामू पुलिस सभी धार्मिक परंपराओं के सम्मान और शांति के माहौल को बनाए रखने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

---

### गुरु पूर्णिमा पर शिव चर्चा का भव्य आयोजन

## शिष्य अमावस की अंधेरी रात है, तो गुरु पूनम का चांद : अविनाश देव



**मेदिनीनगर।** आषाढ़ पूर्णिमा के पावन अवसर पर शिव शिष्य परिवार की ओर से पाटन प्रखंड के लोईंगा ग्राम में एक भव्य शिवचर्चा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह दिन महर्षि वेदव्यास के जन्मोत्सव के रूप में गुरु पूर्णिमा के रूप में समर्पित होता है। जो वेद-पुराणों की रचना कर ज्ञान के प्रकाश को फैलाने वाले माने जाते हैं। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में संत मरियम स्कूल के चेयरमैन अविनाश देव उपस्थित रहे। गुरुभाइयों द्वारा अंगवस्त्र अर्पित कर उनका भव्य स्वागत किया गया। मंचासीन होकर उन्होंने गुरु की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि जब जीवन अमावस की रात बन जाए, तब गुरु पूनम के चांद की तरह प्रकाश फैलाते हैं। वे न केवल राह दिखाते हैं, बल्कि हमें अंधविश्वास और भ्रम से मुक्त कर आत्मज्ञान की ओर अग्रसर करते हैं। उन्होंने आगे कहा कि समाज को सच्चे मार्ग पर चलने के लिए गुरुचर्चा और आत्मबोध को अपनाना चाहिए, न कि ढोंग और अंधविश्वास को। इस दौरान उन्होंने अपने गुरु गोकुलानंद तिवारी व गुरु माता को पुष्पगुच्छ और अंगवस्त्र भेंट कर भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की।

---

### नगर निगम की बरसात में पूरी तैयारी की खुली पोल

## डेढ़ घंटे की बारिश से शहर में जल जमाव

- **शुक्रवार को हुई 52.7 मिमी बारिश**

**नवीन मेल संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** जिला मुख्यालय मेदिनीनगर समेत आस पास के क्षेत्र में गुरुवार की रात से लगातार हो रही बारिश शुक्रवार को भी पूरे दिन होते रहा। लगातार दो दिन तक हुई बारिश के कारण जनजीवन प्रभावित हो गया है। बिजली भी कड़कती रही। शहरी क्षेत्र में हो रही बारिश के कारण जलजमाव की स्थिति उत्पन्न हो गई है। शहर के सरकारी बस स्टैंड, छहमुहान स्थित नगर निगम कार्यालय के सामने जल जमाव ने निगम की सफाई व्यवस्था की पोल खोल दी। लोगों को आवागमन में काफी परेशानी हुई। दिनभर हुई मूसलाधार बारिश के कारण शहर के बाजार क्षेत्र में कीचड़ हो जाने से लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। शहर के रांची रोड, सुदना, कचहरी चौक,पहाड़ी मोहल्ला,राहत नगर, गमहेल रोग, सदर अस्पताल रोड, कुंड मोहल्ला आदि इलाके में सड़कों पर जलजमाव होने इससे पैदल चलने वाले लोगों को काफी परेशान होना पड़ा। इधर बारिश के बीच ही शहर की बिजली भी आंखमिचौली खेलते रही। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार शुक्रवार को शाम तक 57.2 मिलीमीटर वर्षा हुई। बीते 24 घंटे में 69 मिली मीटर वर्षा दर्ज की गई। मौसम विभाग में अगले दो-तीन दिन बारिश के साथ वज्रपात होने के आसार जताए गए हैं। पलामू जिले के लिए येलो अलर्ट जारी किया गया है।

वर्षा के शुरूआत में मौसम जैसे-जैसे बढ़ते जा रहा है, नगर निगम का पोल खुलते जा रहा है। लगभग सभी वार्ड में जल जमाव की वजह से वार्डवासियों का हाल बेहाल है। आलम यह है कि पैदल सड़क पर चलना मुश्किल है। गली में जगह-जगह नली नहीं होने के वजह से जलजमाव की स्थिति उत्पन्न हो गई है तो कहीं नली जाम होने या टूटे होने के वजह से पानी नली के ऊपर से बह रहा है। इन समस्याओं पर नगर निगम का ध्यान नहीं जा रहा है। यही हाल सुदना के वार्ड नंबर आठ का है जहां जगह-जगह नाली टूटी हुई है। बारिश का पानी रोड पर जमा हुआ है। जिससे लोगों को सड़क पर चलने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

---

### जीएलए कॉलेज बना नई राष्ट्रीय प्रयोगशाला

## ना बिजली ना व्यवस्था... फिर भी चल रही है परीक्षा!

**नवीन मेल संवाददाता**



मोबाइल की रोशनी में परीक्षा देते छात्र-छात्राएं।

**मेदिनीनगर।** नीलांबर पीतांबर विश्वविद्यालय से संबद्धता प्राप्त गणेश लाल अग्रवाल महाविद्यालय में बीसीए के छात्र मोबाइल की रोशनी में प्रैक्टिकल परीक्षा लिखने को हुए मजबूर, जिस कमरे में प्रैक्टिकल परीक्षा आयोजित की गई थी वह कैमरा में बिजली की कोई व्यवस्था नहीं थी। गणेश लाल अग्रवाल महाविद्यालय जो अपने आप में बहुत बड़ा नाम है । इस महाविद्यालय में विद्यार्थी नामांकन लेने के लिए सोचते थे और अगर जिन छात्रों का परीक्षा इस महाविद्यालय में पढ़ता था उनको पहले से फेल होने का डर बना रहता था लेकिन आज इसी महाविद्यालय का हाल यह है कि महाविद्यालय के ना कमरे सही है और ना ही छात्र-छात्राओं के लिए कमरे में कोई विशेष सुविधा उपलब्ध है, विद्यालय के कई कमरे ऐसे हैं जो जर्जर हो चुके हैं लेकिन महाविद्यालय प्रशासन को इससे कोई लेना देना नहीं है। महाविद्यालय में शुक्रवार को बीसीए पार्ट 2 सेशन 2022 - 25 की प्रायोगिक परीक्षा महाविद्यालय में चल रही थी इस दौरान कमरों में अंधेरा होने की वजह से छात्रों को मोबाइल की रोशनी में परीक्षा देना पड़ा। ज्ञात हो की महाविद्यालय में बीसीए पार्ट 2 की चल रही प्रैक्टिकल एग्जाम में साफ-साफ देखा गया कि छात्रा बिना कोई टेंशन के मोबाइल से परीक्षा दे रहे हैं, लेकिन उनके शुद्ध लेने वाला वहां पर कोई भी शिक्षक विभाग से संबंधित नहीं था। ऐसे में महाविद्यालय प्रशासन पर यह सवाल खड़ा होता है कि क्या गणेश लाल अग्रवाल महाविद्यालय में प्रैक्टिकल की इसी तरह से परीक्षा ली जाती है क्या, ज्ञात होगी कई महीनों पूर्व भी बच के प्रैक्टिकल एग्जाम में ही छात्रों के द्वारा मोबाइल परीक्षा लिखने की खबर प्रकाशित हो चुकी है। फिर भी महाविद्यालय प्रशासन गंभीर नहीं है।

> छात्र नेता रिशु राज दुबे ने कहा जीएलए कॉलेज में बीसीए के छात्र बिना लाइट के प्रैक्टिकल एग्जाम दे रहे हैं और क्लासरूम में पानी जमा हो गया है जिस कारण छात्रों को काफी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है जिसमें प्राचार्य पूरी तरह से मौन है।

> नीलांबर पीतांबर विश्वविद्यालय का परीक्षा नियंत्रण अजीत सेठ ने कहा कि अगर प्रैक्टिकल परीक्षा में किसी भी तरह की अनियमितता हुई है तो संबंधित शिक्षक से पूछताछ और सबूत के आधार पर उन पर कार्रवाई की जाएगी।

---

### लापता हुआ युवक, घरवाले परेशान



**मेदिनीनगर।** शहर के कांदु मोहल्ला के वर्मा चौक के पास रहने वाले वीरेंद्र कुमार विश्वकर्मा के पुत्र अविनाश कुमार शर्मा उम्र 35 वर्ष 29 जून की रात्रि से लापता है। अविनाश कुमार शर्मा मंदबुद्धि का है उनकी दिमागी हालत ठीक नहीं है। परिजन द्वारा काफी खोजबीन करने के बाद भी उनका कुछ पता नहीं चल पाया। जिसकी रिपोर्ट शहर थाना में दी गयी है। किसी सज्जन को व्यक्ति दिखे तो मोवाइल नंबर 9534382509 पर संपर्क करें, अन्यथा अपने नजदीकी थाने को सूचित करें।

### पलामू जिला अधिवक्ता संघ ने जताया शोक



**मेदिनीनगर।** विश्रामपुर विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक ददई दुबे के निधन पर पलामू जिला अधिवक्ता संघ ने शोक व्यक्त किया। पलामू जिला अधिवक्ता संघ के महासचिव अजय कुमार पांडे ने शोक व्यक्त करते हुए कहा कि आज हमारे बीच से प्रखर राजनीति के एक युग का अंत हो गया है। ददई दुबे गरीबों के आवाज थे। इसके अलावा संघ के उपाध्यक्ष विनोद कुमार तिवारी, कोषाध्यक्ष जय किशोर पाठक, सहायक कोषाध्यक्ष देव कुमार शुक्ला, संतोष कुमार तिवारी, मंगल कुमार पांडे, वीरेंद्र कुमार तिवारी, शंकर त्रिपाठी, प्रभु दयाल गुप्ता,देवेंद्र पांडे, ललित शुक्ला, धीरज दुबे, राकेश कुमार दुबे, दिवाकर दुबे आदि अधिवक्ता ने भी शोक व्यक्त करते हुए उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दिया।

---

**आस्था** | श्रावण मास का शुभारंभ, शिवभक्ति का विशेष पर्व शुरू

# 11 जुलाई से आरंभ हुआ श्रावण, भगवान शिव की पूजा का श्रेष्ठ अवसर

**डॉ. सत्यकेतु संजय (धर्मगुरु)**
**भारतीय सशस्त्र सेना**



**मेदिनीनगर।** श्रावण मास का शुभारंभ इस वर्ष 11 जुलाई से हुआ है। हिन्दू धर्मशास्त्रों में इसे मासों का सर्वश्रेष्ठ महीना कहा गया है। यह माह भगवान शिव को समर्पित होता है और पूरे महीने श्रद्धालु विशेष श्रद्धा और विधिपूर्वक भोलेनाथ की आराधना करते हैं। पंचांग के अनुसार 10 जुलाई की रात 1:36 बजे आषाढ़ पूर्णिमा प्रारंभ हुई थी, जो 11 जुलाई की रात 2:06 बजे तक रही। सनातन परंपरा के अनुसार उदया तिथि को मान्यता दी जाती है, अतः श्रावण मास की प्रतिपदा तिथि 11 जुलाई की रात 11:07 बजे से आरंभ मानी गई, जो 12 जुलाई की रात 2:08 बजे तक रही। इसी आधार पर इस बार श्रावण मास की शुरुआत 11 जुलाई से मानी गई है। श्रावण मास में शिव पूजन के दौरान विशेष प्रकार के फूल अर्पित किए जाते हैं जिनमें धतूरा, हरसिंगार, नागकेसर, सूखा कमल गट्टा, कनेर, आंकड़ा, कुश, गेंदे, गुलाब, शंखपुष्पी, बेला, चमेली, शेफालिका, आगस्त्य जैसे पुष्प शामिल हैं। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, इन पुष्पों को चढ़ाने से भक्तों को वाहन सुख, धनलाभ, विवाह संबंधी समस्याओं से मुक्ति, संतान प्राप्ति, तनाव से राहत और सम्मान की प्राप्ति होती है।

इसी तरह शिव पूजन में 11 प्रमुख सामग्रियों का प्रयोग भी अत्यंत लाभकारी माना गया है। इनमें जल, दूध, दही, शहद, घी, चीनी, इत्र, चंदन, केसर, भांग और लाल फूल शामिल हैं। जल से मन शांत होता है, दूध से स्वास्थ्य लाभ मिलता है, दही से स्वभाव में सुधार आता है, शहद से वाणी मधुर होती है, घी से शक्ति की प्राप्ति होती है, चीनी से सुख-समृद्धि बढ़ती है, इत्र से विचार शुद्ध होते हैं, चंदन से सम्मान प्राप्त होता है, केसर से सौम्यता आती है और भांग से रोग एवं दोषों का नाश होता है। श्रावण मास केवल एक धार्मिक पर्व नहीं, बल्कि सनातन संस्कृति की गहराई से जुड़ा हुआ वह महीना है जिसमें संयम, भक्ति, त्याग और साधना का समन्वय देखने को मिलता है। इस मास के माध्यम से समाज में अध्यात्म की चेतना, पवित्रता और आस्था की ऊर्जा का संचार होता है। देशभर में शिव मंदिरों में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ रही है और मंदिरों में विशेष झांकी व रुद्राभिषेक के आयोजन किए जा रहे हैं।

### श्रावण माह शिवभक्तों के लिए विशेष महत्व रखता है

श्रावण माह शिवभक्तों के लिए विशेष महत्व रखता है। इस दौरान श्रद्धालु व्रत, रुद्राभिषेक और शिवलिंग पर विविध सामग्री चढ़ाकर विशेष फल की कामना करते हैं। शास्त्रों के अनुसार, श्रावण में भगवान शिव की पूजा से मानसिक शांति, भौतिक सुख, स्वास्थ्य लाभ और आध्यात्मिक उन्नति मिलती है। खासकर सोमवार को किया गया व्रत और पूजन अत्यंत पुण्यदायी माना गया है। मान्यता है कि श्रावण में भगवान शंकर अपने भक्तों की विशेष प्रार्थना स्वीकार करते हैं और उनकी मनोकामनाओं को पूर्ण करते हैं।

---

### राष्ट्रीय नवीन मेल की खबर पर त्वरित संज्ञान

## रात्रि गश्ती छोड़ अवैध वसूली में लगे पुलिसकर्मी पर डीआईजी सख्त, जांच के आदेश

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** राष्ट्रीय नवीन मेल में छपी खबर "रात्रि गश्ती छोड़ वसूली में लगे पुलिसकर्मी" का असर सामने आया है। खबर प्रकाशित होने के बाद पलामू प्रक्षेत्र के डीआईजी नौशाद आलम ने मामले को गंभीरता से लेते हुए त्वरित संज्ञान लिया है। उन्होंने इस प्रकरण की जांच की जिम्मेदारी एसडीपीओ मणि भूषण को सौंपी है।

डीआईजी ने स्पष्ट किया कि तीन दिनों के भीतर जांच रिपोर्ट सौंपने का निर्देश दिया गया है। रिपोर्ट मिलने के बाद दोषी पुलिसकर्मी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि पुलिस का कर्तव्य आमजन को सुरक्षा देना है, न कि अपनी भूमिका से भटककर वसूली जैसे गैरकानूनी कार्यों में संलिप्त होना। डीआईजी आलम ने दो टूक कहा कि किसी भी स्तर पर पुलिसकर्मी यदि अपने दायित्वों से विमुख होते हैं तो उन्हें बख्शा नहीं जाएगा। पुलिस की जिम्मेदारी केवल अपराध पर नियंत्रण ही नहीं, बल्कि जनता के साथ विश्वास और सहयोग का रिश्ता बनाना भी है। ऐसे आचरण से न केवल कानून व्यवस्था प्रभावित होती है बल्कि पुलिस विभाग की छवि भी धूमिल होती है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि पुलिसिंग में अनुशासन और पारदर्शिता सर्वोपरि है, और दोषी को हर हाल में जवाबदेह बनाया जाएगा।


रात्रि गश्ती के बजाय अवैध वसूली में मशगुल पुलिसकर्मी

- प्रतिदिन रात्रि मालवाहक वाहनों से होती है हजारों की कमाई

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। शहरी क्षेत्र में पुलिस रात में मेदिनी नगर रांची मुख्य सड़क पर गस्ती के बदले ट्रक और अन्य मालवाहक वाहनों से अवैध वसूली करती है। बताते चलें कि नो एंट्री खुलते ही ट्रक मालवाहक वाहनों से अवैध वसूली शुरू हो जाती है। जिसे लेकर लगातार शिकायत ...

सामने कई मालवाहक वाहनों को रोक कर पुलिस के जवान वसूली करते नजर आए। इस दौरान पुलिसकर्मी पैसे वसूलने में इतने मशगूल थे कि उनके द्वारा ऐंठे जा रहे पैसे का वीडियो बना लिया गया। फिर भी उन्हें इसका इल्म नहीं रहा।

**जांच के नाम पर पैसे की उगाही**

रात के करीब 10:30 बजे उक्त स्थान पर बारी-बारी से जांच के नाम पर रोक कर पूछताछ की जा रही थी इसके बाद वहां खड़े पुलिस जवानों द्वारा अवैध वसूली करते देखा गया। विदित हो कि रांची मेदिनीनगर ...

## पीएम श्री उच्च विद्यालय में पहले सत्र की शुरूआत

**धुरकी।** प्रखंड अंतर्गत खुटिया पंचायत सचिवालय स्थित प्रखंड का इकलौता पीएम श्री उच्च विद्यालय का पहला सत्र 2025-26 की शुरूआत गुरुवार को बड़े ही धूम-धाम के साथ विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक अरविंद कुमार यादव जिप सदस्य सुनीता कुमारी, झामुमो के प्रखंड अध्यक्ष इसराइल खान व विधायक प्रतिनिधि लक्षमण यादव, विद्यालय प्रबंधन समिति के सचिव कमलेश सिंह गोड ने सामूहिक रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर पीएम श्री उच्च विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने एक से बढ़कर एक गीत व नृत्य भी प्रस्तुत किये। वहीं मौके पर प्रधानाध्यापक ने सभी अतिथि और विद्यालय के छात्र-छात्राओं और शिक्षकों के साथ पहले सत्र को यादगार बनाने के लिए, विद्यालय परिसर मे पौधरोपण भी किया। प्रधानाध्यापक ने सत्र समारोह मे संबोधित करते हुए कहा कि यह बड़े ही सौभाग्य की बात है की हमारे सभी शिक्षक और छात्र-छात्राओं के लगातार उत्कृष्ट प्रदर्शन के बदौलत धुरकी प्रखंड में एकमात्र इकलौता उच्च विद्यालय खुटिया को पीएमश्री प्रधानमंत्री स्कूल्स फॉर राइजिंग इंडिया के लिए चयन किया गया है। वहीं इस कार्यक्रम मे सभी अतिथियों को शॉल ओढ़ाकर प्रधानाध्यापक ने सम्मानित किया। इस अवसर पर हरिनारायण यादव, रामप्रवेश यादव विद्यालय के शिक्षक इकबाल खान, सूर्यकांत पाल, कुमार रमन किरण, अनील गुप्ता, आलिम अंसारी, अजय यादव, सुनील यादव, अजीत कुमार सिंह, रामलाल चंद्रवंशी, पंकज कुमार, जयप्रकाश मौजूद थे।

## डंडई में 1287 छात्र-छात्राओं को जल्द मिलेगी साइकिल : विकास

**डंडई।** झारखंड सरकार के कल्याण विभाग की ओर से संचालित योजना उन्नति का पहिया कार्यक्रम के तहत डंडई प्रखंड कार्यालय परिसर में 1287 साइकिल सेट उपलब्ध कराया गया है। वहीं साइकिल कसने का कार्य शुरू कर दिया गया है। जल्द ही 8वीं कक्षा में पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं के बीच साइकिल का वितरण किया जाएगा। इस संबंध में प्रभारी प्रखंड कल्याण पदाधिकारी विकास कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि झारखंड में उन्नति का पहिया योजना का मुख्य उद्देश्य राज्य के सरकारी स्कूलों में आठवीं कक्षा में पढ़ने वाले अनुसूचित जाति (एससी), अनुसूचित जनजाति (एसटी), पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) और अल्पसंख्यक समुदायों के छात्र-छात्राओं को मुफ्त साइकिलें प्रदान करना है। इसका उद्देश्य शिक्षा को बढ़ावा देना, छात्रों को स्कूल तक पहुंचने में सुविधा प्रदान करना और ड्रॉपआउट दर को कम करना है। उन्होंने बताया कि आठवीं कक्षा में पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं के बीच जल्द ही साइकिल का वितरण प्रारंभ किया जाएगा। साइकिल को तैयार करने में संबंधित कर्मचारी जुट गए हैं। उन्होंने आगे बताया कि 354 अनुसूचित जनजाति,190 अनुसूचित जाति, 521 पिछड़ा वर्ग एवं 222 अल्पसंख्यक छात्र-छात्राओं के बीच साइकिल का वितरण किया जाना है। उन्होंने बताया कि कुल मिलाकर 1,287 साइकिल उपलब्ध हो चुका है। प्रखंड के 6,41 छात्राओं एवं 6,46 छात्रों को साइकिल मिलेगा।

## वनसानी पंचायत में ब्राह्मण समाज की बैठक हुई

**भवनाथपुर।** प्रखंड क्षेत्र के झगराखांड़ गांव में सतीश पाठक के आवास पर वनसानी पंचायत के ब्राह्मण समाज की बैठक रामाशंकर पाठक की अध्यक्षता में आयोजित की गई। इस बैठक में इटावा में यादव कथावाचक के साथ हुए अत्याचार के बाद आसपास के क्षेत्रों में यादवों द्वारा ब्राह्मणों के बहिष्कार के मुद्दों पर गहन चर्चा हुई। जिसमें सर्वसम्मति से इटावा कांड की घटना की निंदा करते हुए भविष्य में किसी भी परिवार के साथ ऐसी घटना न हो। साथ ही इस घटना में शामिल दोषियों पर कड़ी करवाई की मांग की गई,वहीं बिहार में अजय यादव की गई निर्मम हत्या की भी हम घोर निंदा करते हैं। इस मामले में यादव समुदाय के नेताओं द्वारा अभी तक कोई बयान न देना अत्यंत खेदजनक है,जो काफी निंदनीय है। बैठक में कहा गया कि ब्राह्मण परिवार किसी भी जाति या धर्म का विरोध नहीं करता और न ही भविष्य में करेगा। हालांकि, यदि कोई व्यक्ति विशेष द्वारा ब्राह्मणों का अपमान किया जाता है,तो उसका विरोध किया जाएगा, चाहे वह किसी भी जाति या धर्म का हो,भले ही वह ब्राह्मण ही क्यों न हो।इटावा के घटना के बाद से ब्राह्मण परिवार के खिलाफ लिए जा रहे शपथ का हम सभी विरोध करते हैं और इसे निंदनीय मानते हैं। इस बैठक में जगरनाथ पाठक, गिरीजा मिश्र, विनोदानंद पाठक, उदयनाथ वैद्य, अभय पाण्डेय, शैलेन्द्र पाठक, प्रदीप पाठक, सुनील पाठक, बबलू पाण्डेय, आशुतोष वैद्य, सतीश पाठक, अनुज पाठक, नित्यानन्द पाठक, पतंजलि पाठक, निरंजन पाठक सहित सैकड़ों की संख्या में ब्राह्मण परिवार उपस्थित थे।

## परिवार स्वास्थ्य मेला का किया गया आयोजन

**मझिआंव।** स्वास्थ्य चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग झारखंड सरकार के निदेर्शानुसार दिन शुक्रवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रांगण में परिवार नियोजन पखवाड़ा के तहत परिवार स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन प्रखंड विकास पदाधिकारी श्रीमती कनक, चिकित्सा पदाधिकारी डॉक्टर गोविंद प्रसाद सेठ, डॉक्टर गौरव विक्रम, डॉक्टर कविता कुमारी एवं डॉक्टर अफसाना के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस दौरान परिवार नियोजन से संबंधित उपस्थित महिलाओं को जानकारी दी गई, साथ ही जागरूकता फैलाने की बात कही गई। वहीं प्रखंड विकास पदाधिकारी श्रीमती कनक एवं चिकित्सा पदाधिकारी डॉक्टर प्रसाद सेठ ने उपस्थित स्वास्थ्य कर्मियों एवं महिलाओं से कहा कि लड़का हो या लड़की बच्चे दो ही अच्छे। अगर लड़की भी तो हैं तो उन्हें ही पढ़ाई-लिखाई, और आगे बढ़ाइए। सारा कार्यक्रम बैम सह बीपीएम आलोक कुमार सिंह के देखरेख में किया गया। इस दौरान मौके पर डॉ सरोज कुमारी, सी एच ओ सोनिया कुमारी, बीटीटी रीता देवी, एसटीएस कन्हैया कुमार, लिपिक मनोज कुमार सिन्हा, मनोज मिश्रा,सुचीत सिंह, संतोष कुमार सहित अन्य कई कर्मी उपस्थित थे।

## बरडीहा गांव में भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ी पीएम आवास योजना

**श्री वंशीधर नगर।** नगर उंटारी प्रखंड के चित्तविश्राम पंचायत के ग्राम बरडीहा में प्रधानमंत्री आवास योजना के क्रियान्वयन में भारी अनियमितता और भ्रष्टाचार का सनसनीखेज मामला सामने आया है। गांव के कई लाभुकों और ग्रामीणों ने उपायुक्त दिनेश यादव और जिला डीडीसी को एक लिखित आवेदन सौंपते हुए उच्च स्तरीय जांच की मांग की है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि योजना के लाभ के लिए सूची में नाम शामिल कराने के नाम पर गांव के कुछ बिचौलियों द्वारा गरीब लाभार्थियों से अवैध रूप से पैसे की मांग की गई। जिन लोगों ने पैसे देने से मना किया, उनके नाम सूची से हटा दिए गए, जबकि कई अपात्र लोगों–जिनके पास पहले से ही पक्का मकान है, उसी को गलत तरीके से योजना का लाभ दे दिया गया।

## 14 से 18 जुलाई तक पंचायत स्तर पर विशेष शिविर

**खरौंधी (गढ़वा)।** मनरेगा मजदूरों को पारदर्शी और त्वरित भुगतान उपलब्ध कराने की दिशा में खरौंधी प्रखंड प्रशासन द्वारा विशेष पहल की जा रही है। प्रखंड विकास पदाधिकारी रविन्द्र कुमार ने आदेश जारी कर सभी पंचायतों में आधार आधारित भुगतान प्रणाली के अंतर्गत मजदूरों का रूपांतरण सुनिश्चित कराने हेतु पंचायत स्तर पर विशेष शिविर आयोजन का निर्देश दिया है। इन शिविरों में मजदूरों का आधार सीडिंग, बैंक खाता मिलान, ई-केवाईसी और अइढर रूपांतरण की प्रक्रिया पूरी की जाएगी। बीडीओ ने सभी नियोजन पदाधिकारियों को यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है कि उनके क्षेत्र के सभी गैर- असक्षम मजदूर निर्धारित तिथि पर शिविर में उपस्थित हों।

## कावांरियों का जत्था बाबा धाम के लिए रवाना

**केतार।** केतार प्रखंड के परती- कूशवानी पंचायत से श्रद्धालुओं का एक जत्था शुक्रवार को बाबा धाम देवघर के लिए रवाना हुआ। इस जत्थे में अंकेश गुप्ता, श्री राम गुप्ता, राजू जयसवाल, ललन पटवा, संतोष उरांव, रमेश यादव, नन्हकू रजक शामिल हैं। सभी कांवरियों को मुखिया मुनि देवी ने सहयोग राशि देकर रवाना किया। कांवरियों ने कोठार भगवती मंदिर एवं चतुभुर्जी मंदिर में दर्शन पूजन के पश्चात सुल्तानगंज के लिए रवाना हुए। कांवरियों ने बताया की सुल्तानगंज में गंगा स्नान के पश्चात कांवर में जल भरकर देवघर बाबा धाम के लिए रवाना होंगे। इस यात्रा से उन्हें न केवल आस्था कि अनुभूति होगी बल्कि प्राकृतिक सौंदर्य और कठिनाई भरे मार्ग पर चलने का अनुभव भी मिलेगा।

## अभियान के तहत बच्चों ने लगाया 50 पौधा

**खरौंधी।** खरौंधी प्रखंड अंतर्गत उत्क्रमित मध्य विद्यालय माझिगावां में शुक्रवार को माँ के नाम एक पेड़ अभियान के तहत स्कूली बच्चों द्वारा पर्यावरण संरक्षण के उद्देश्य से फलदार पौधारोपण किया गया। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने लगभग 50 आम, अमरूद, नींबू, जामुन आदि के पौधे लगाए। पौधरोपण के साथ बच्चों ने पर्यावरण बचाने की शपथ भी ली। विद्यालय के प्रधानाध्यापक कामेश्वर प्रसाद सिंह ने बताया कि इस अभियान का उद्देश्य बच्चों में पर्यावरण के प्रति जागरूकता फैलाना और उन्हें प्रकृति से जोड़ना है। उन्होंने कहा कि हर बच्चा अपनी मां के नाम से एक पेड़ लगाएगा और उसका पालन-पोषण करेगा। इससे भावनात्मक जुड़ाव के साथ-साथ हरियाली भी बढ़ेगी। इस अवसर पर छात्र खुदा बक्स, अंकित कुमार, रंजु कुमारी, स्नेहा कुमारी, छोटी कुमारी, चन्दनी कुमारी, अमन कुमार समेत सभी विद्यार्थी उपस्थित थे।

# मंईयां सम्मान योजना से वंचित महिलाओं ने दिया आवेदन

● **योग्य लाभुकों को सम्मान राशि देने की उठी मांग**

**नवीन मेल संवाददाता**




**मझिआंव।** नगर पंचायत क्षेत्र के वार्ड संख्या 4, 5, 6 और 7 की मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना से वंचित दो दर्जन से अधिक महिलाएं अंचल कार्यालय पहुंचीं। सभी महिलाओं ने दोपहर 2 बजे अंचलाधिकारी को सामूहिक रूप से आवेदन सौंपा और सम्मान राशि दिलाने की मांग की। महिलाओं ने कहा कि झारखंड सरकार द्वारा गरीब महिलाओं को सम्मान स्वरूप प्रोत्साहन राशि दी जा रही है, लेकिन हम सभी अब तक इससे वंचित हैं। हम गरीब परिवार से आते हैं, फिर भी योजना में हमारा नाम नहीं जोड़ा गया है। उन्होंने अंचलाधिकारी से इस योजना के तहत मिलने वाली राशि जल्द भुगतान करने की मांग की। अंचलाधिकारी प्रमोद कुमार ने इस पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि यदि किसी का आवेदन फर्जी पाया जाता है, तो उस पर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। वहीं उन्होंने यह भी आश्वासन दिया कि जो महिलाएं योजना की वास्तविक हकदार हैं, उन्हें लाभ दिलाया जाएगा। अंचल कार्यालय में मौजूद नगर पंचायत की निवर्तमान अध्यक्ष सुमित्रा देवी ने महिलाओं की बातें सुनीं और कहा कि आवेदन अंचल कार्यालय में दिए हैं। इस मामले को लेकर वे उच्च अधिकारियों से बात करेंगी ताकि योग्य महिलाओं को योजना का लाभ मिल सके।

# गढ़वा: डीसी के नाम से सोशल मीडिया पर फर्जी अकाउंट, साइबर ठगों से सावधान!

**नवीन मेल संवाददाता**

**प्रशासन ने जारी की चेतावनी, संदिग्ध संदेशों से रहें सतर्क**



**गढ़वा।** उपायुक्त, गढ़वा के नाम से साइबर ठगों द्वारा व्हाट्सएप पर फर्जी अकाउंट बनाकर आम लोगों को ठगने की साजिश की जा रही है। जिला जन संपर्क कार्यालय की ओर से जारी बयान में इसे गंभीर साइबर अपराध बताते हुए नागरिकों से विशेष सतर्कता बरतने की अपील की गई है। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि उपायुक्त आमजन से केवल आधिकारिक माध्यमों के जरिए ही संवाद करते हैं। ऐसे किसी भी अनधिकृत, भ्रामक या फर्जी संदेश पर विश्वास न करें और इसकी जानकारी तुरंत पुलिस या जिला प्रशासन को दें। संदेश में कहा गया है कि डिजिटल धोखाधड़ी के इस दौर में सजग रहना ही सबसे बड़ी सुरक्षा है। जागरूकता ही ठगी से बचाव का उपाय है। प्रशासन ने सभी नागरिकों से अपील की है कि किसी भी प्रकार के संदेहास्पद संदेश या कॉल से सतर्क रहें और जिम्मेदार नागरिक की भूमिका निभाएं।

## जल जमाव से आम नागरिक परेशान

**नवीन मेल संवाददाता**

**भवनाथपुर (गढ़वा)।** भवनाथपुर प्रखंड मुख्यालय का प्रवेश द्वार इन दिनों बारिश के पानी से नरकीय स्थिति में तब्दील हो गया है। बारिश के चलते गेट के सामने जलजमाव की समस्या ने स्थानीय लोगों और अधिकारियों-कर्मचारियों की परेशानी को बढ़ा दिया है। स्थिति यह है कि प्रखंड गेट से अंदर प्रवेश करना किसी चुनौती से कम नहीं रह गया है। जगह-जगह कीचड़ और पानी जमा होने से लोगों को आने-जाने में खासी दिक्कत हो रही है। बताते चलें कि भवनाथपुर प्रखंड परिसर में आधा दर्जन से अधिक सरकारी कार्यालय स्थित हैं। इनमें प्रखंड कार्यालय, अंचल कार्यालय, बाल विकास परियोजना कार्यालय, कृषि कार्यालय, सीएचसी केंद्र, अनाज गोदाम, पशु हॉस्पिटल समेत अन्य महत्वपूर्ण विभागों के दफ्तर शामिल हैं। हर साल बरसात में यही समस्या खड़ी हो जाती है, जिससे अधिकारी, कर्मचारी और आम लोग कीचड़ में फिसलते और परेशान होते हैं। लोगों ने मांग की है कि जल्द से जल्द प्रखंड गेट के पास नाला निर्माण कर पानी निकासी की स्थायी व्यवस्था की जाए।

## वज्रपात से एक महिला की मौत, एक घायल

**मेराल।** शुक्रवार को दो अलग-अलग जगहों में वज्रपात होने से एक महिला की मौत जबकि एक घायल हो गई है। जानकारी के अनुसार रमुना थाना अंतर्गत हारादाग खुर्द गांव के राजेंद्र सिंह की पत्नी बुद्धमानी देवी उम्र करीब 60वर्ष है। बुद्धमानी को वज्रपात से घायल होने के बाद परिवार के लोगों ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मेराल में लाया जहां डॉक्टर मृंगाकेस मृदुल ने मृत घोषित कर दिया। जबकि लखेया गांव निवासी विनय बैठा की 32 वर्षीय पत्नी विमला देवी घायल है। विमला देवी के निजी अस्पताल में इलाज चल रहा है। जानकारी के अनुसार विमला देवी को 3 वर्ष पहले खेत में काम करने के दौरान वज्रपात से घायल हुई थी।

# सरकारी भूमि जल्द होंगी अतिक्रमण मुक्त

▸ **कांडी बाजार की 4 एकड़ 84 डिसमिल पर है कब्जा**

**नवीन मेल संवाददाता**



**कांडी।** प्रखंड के कांडी बाजार की 4 एकड़ 84 डिसमिल सरकारी भूमि को जल्द ही बलपूर्वक अतिक्रमण मुक्त कराया जाएगा। इस संबंध में जानकारी देते हुए अंचलाधिकारी राकेश सहाय ने बताया कि बाजार की भूमि को अतिक्रमण मुक्त करने के लिए अंचल अमीन राजस्व कर्मी को निर्देशित किया गया है। जल्द में ही उक्त भूमि से अवैध कब्जाधारियों को हटाया जाएगा। साथ ही मुख्य सड़क बाजार से कांडी थाना तक सड़क के दोनों तरफ से अतिक्रमण हटाया जाएगा। उन्होंने कहा कि अतिक्रमणकारियों 24 घंटे के अंदर अपना जोगी झोपड़ी और सामान हटा ले नहीं तो उसे ध्वस्त कर अतिक्रमण मुक्त कराया जाएगा। बाजार की भूमि रहने के बावजूद भी साप्ताहिक बाजार शुक्रवार को लोग अपना वस्तु को क्रय विक्रय करने के लिए सड़क किनारे बैठकर वस्तु को क्रय विक्रय करने के लिए विवश हैं। अंचलाधिकारी द्वारा इस विषय पर पहल किए जाने पर लोगों में खुशियां व्याप्त हो गई है।

### विश्व जनसंख्या दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम

# जनसंख्या नियंत्रण हम सब की जिम्मेदारी- बीडीओ



**नवीन मेल संवाददाता**

**भंडरिया।** गढ़वा विश्व जनसंख्या दिवस के अवसर पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भंडरिया में एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन प्रखंड विकास पदाधिकारी अमित कुमार, उप प्रमुख श्रद्धा देवी, सांसद प्रतिनिधि रूप निरंजन सिंहा, विधायक प्रतिनिधि बिरझू सिंह और प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. संजय कुमार ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। मुख्य अतिथियों का स्वागत पारंपरिक स्वागत गीत के साथ किया गया। कार्यक्रम में जनसंख्या नियंत्रण, मातृ-शिशु स्वास्थ्य, परिवार नियोजन जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से कई जानकारीपरक सत्र आयोजित किए गए। लोगों को संबोधित करते हुए बीडीओ अमित कुमार ने कहा कि जनसंख्या नियंत्रण केवल सरकारी जिम्मेदारी नहीं, बल्कि समाज के हर नागरिक की नैतिक जिम्मेदारी है। सीमित संसाधनों के बीच गुणवत्तापूर्ण जीवन तभी संभव है, जब जनसंख्या संतुलित हो। हमें आज इस अवसर पर संकल्प लेना चाहिए कि हम अपने परिवारों में जनसंख्या नियंत्रण की दिशा में कदम उठाएंगे और दूसरों को भी जागरूक करेंगे। वहीं उपप्रमुख श्रद्धा देवी ने जनसंख्या नियंत्रण को सामाजिक विकास की कुंजी बताया और सरकारी योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि हमारी प्राथमिकता है कि हर व्यक्ति को इसकी जानकारी मिले। सुरक्षित मातृत्व, संतुलित परिवार और स्वस्थ समाज यही विश्व जनसंख्या दिवस का मूल उद्देश्य है। इस अवसर पर प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधक रमाकांत राय, लेखा प्रबंधक जितेन्द्र कुमार, चलन्त चिकित्साक अजय सिंह पटेल, डॉक्टर दयानंद प्रभाकर, डॉ अमित कुमार, डॉक्टर पंचानंद पासवान, डॉक्टर सोनी कुमारी, डॉक्टर संध्या किरण, डॉ. एस आई खान, बीटीटी संतोष कुमार वर्मा सहित स्वास्थ्य विभाग के अन्य कर्मी, आशा कार्यकर्ता, सहिया और ग्रामीण महिलाएं उपस्थित रहीं।

## विधायक प्रतिनिधि ने की सड़क मरम्मत की मांग

**कांडी।** विधायक प्रतिनिधि अतीश कुमार सिंह ने प्रखंड विकास पदाधिकारी राकेश सहाय को एक पत्र देते हुए प्रखंड की खराब सड़कों की मरम्मत करने की मांग की है। विधायक प्रतिनिधि ने अपने पत्र में लिखा है कि पिछले कुछ दिनों से कांडी प्रखंड क्षेत्र में लगातार हो रही बारिश से सड़कें बहुत खराब हो गयी है। बारिश होने से सड़कों पर पानी जमा हो जाता है। कई जगहों पर सड़कों में गड्ढा हो गया है, जिससे आवागमन में परेशानी हो रही है। पैदल चलने वाले व वाहन चालकों को बहुत परेशानी हो रही है। कई बार तो दुर्घटना भी हो गयी है। उन्होंने कांडी प्रखंड की बदहाल सड़कों को चिन्हित करते हुए उसकी मरम्मत करने के लिए यथोचित कार्रवाई करने की मांग की है।

# थाना दिवस पर 6 मामलों का निष्पादन




**नवीन मेल संवाददाता**

**मेराल।** थाना के सभागार में शुक्रवार को थाना दिवस का आयोजन किया गया। इस संबंध में अंचलाधिकारी सह बीडीओ, जसवंत नायक ने बताया कि थाना दिवस के अवसर पर भूमि विवाद से संबंधित 6 मामले आए। उन्होंने कहा कि सभी मामलों का निष्पादन किया गया। सीओ जसवंत नायक ने कहा कि सभी मामले में आपसी सुलह समझौता के बाद निष्पादन किया गया। सभी मामले भूमि से संबंधित था, जो काफी दिनों से विवादित पड़ा हुआ था। उन्होंने कहा कि भूमि विवाद से संबंधित मामले प्रखंड के बनखेता गांव, पिंडरा, संगवारिया, गोंन्दा, अटौला, आदि गांव से आया था। सीओ जसवंत नायक ने कहा कि सभी मामलों में दोनों पक्ष के कागजातों का अवलोकन के बाद आपसी समझौता के आधार पर सुलह कराया गया। उन्होंने कहा कि इस तरह के शिविर आयोजन होने से गरीब लोगों को आसानी से न्याय मिल जाता है उन्हें कोर्ट का चक्कर नहीं लगाना पड़ता है। इस अवसर पर थाना प्रभारी विष्णु कांत, सीआई जॉनसन गिद्दी, राजस्व कर्मचारी संजीव कुमार, मुकेश किसको सहित, कई लोग मौजूद थे।


**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल, गढ़वा**

निविदा आमंत्रण सूचना (वर्ष 2025–26)

निविदा आमंत्रण सूचना संख्या– पथ/गढ़वा/759/2025–26 (गै0यो0) दिनांक–11.07.2025

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1 | विज्ञापनदाता का पदनाम एवं पता | : | कार्यपालक अभियंता, पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल, गढ़वा। |
| 2 | परिमाण विपत्र की बिक्री की तिथि एवं समय | : | दिनांक 08.08.2025 को 12.00 बजे से दिनांक 26.08.2025 तक 3.00 बजे अपराह्न तक। (कार्यालय अवधि में) |
| 3 | निविदा प्राप्त करने की तिथि एवं समय | : | दिनांक 29.08.2025 को 3.00 बजे अपराह्न तक। |
| 4 | निविदा खोलने की तिथि एवं समय | : | दिनांक 29.08.2025 को 3.30 बजे अप0 के बाद। |
| 5 | परिमाण विपत्र (निविदा कागजात) की बिक्री का स्थान | : | (1) मुख्य अभियंता (यातायात) का कार्यालय, पथ निर्माण विभाग, झारखण्ड राँची, प्रथम तल्ला, अभियंत्रण छात्रावास सं0–2, धुर्वा, रांची। (2) आरक्षी अधीक्षक, पलामू के कार्यालय परिसर में अधीक्षण अभियंता, प0नि0वि0, पथ अंचल डालटनगंज से प्रतिनियुक्त पदाधिकारी के द्वारा। (3) कार्यपालक अभियंता, प0 नि0 वि0, पथ प्रमण्डल गढ़वा के कार्यालय परिसर में प्रतिनियुक्त पदाधिकारी के द्वारा। |
| 6 | निविदा प्राप्त करने एवं खोलने का स्थान | : | क्रमांक 5 (पांच) में उल्लेखित कार्यालयों में निर्धारित स्थानों पर |
| 7 | कार्य का विवरण :– | | |

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (लाख में) | अग्रधन की राशि (रू0 में) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रू0 में) | कार्य समाप्ति की अवधि | संवेदक की श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1. | रमकण्डा–भंडरिया पथ (कुल लंबाई 14.648 कि0मी0) का साधारण मरम्मति कार्य। | 40.00 | 80,000.00 | 5,000.00 | 03 माह | तृतीय अथवा द्वितीय श्रेणी |
| 2. | रंका–चिनियाँ पथ के 14वें कि0मी0 में लगभग 1 कि0मी0 में विशेष मरममति कार्य। | 30.00 | 60,000.00 | 5,000.00 | 02 माह | तृतीय अथवा द्वितीय श्रेणी |
| 3. | NH-39 (शंखा से खजुरी पथ) तथा गढ़वा–चिनियाँ पथ के बीच स्थित लिंक पथ (विरेन्द्र तिवारी मार्ग) का विशेष मरम्मति कार्य। | 25.00 | 50,000.00 | 5,000.00 | 02 माह | तृतीय अथवा द्वितीय श्रेणी |
| 4. | भण्डरिया–टिहरी भाया बड़गड़ पथ के 28वें कि0मी0 में 2.5 मी0 x 2 मी0 का आर0सी0सी0 पुलिया का पुर्नस्थापन कार्य। | 20.00 | 40,000.00 | 5,000.00 | 02 माह | तृतीय अथवा द्वितीय श्रेणी |
| 5. | गोदरमाना निरीक्षण भवन पहुंच पथ के पास 70 मी0 में पी0सी0सी0 पथ एवं 610 मी0 आर0सी0सी0 नाली का निर्माण कार्य। | 50.00 | 1,00,000.00 | 5,000.00 | 03 माह | तृतीय अथवा द्वितीय श्रेणी |
| 6. | चैनपुर–रमकण्डा पथ के 26वें कि0मी0 में 110 मी0 का गार्डवॉल निर्माण कार्य। | 30.00 | 60,000.00 | 5,000.00 | 03 माह | तृतीय अथवा द्वितीय श्रेणी |
| 7. | खरसोता मोड़ से कसनप पथ के खरखोता मोड़ पर 400 मी0 में आर0सी0सी0 नाली निर्माण कार्य। | 30.00 | 60,000.00 | 5,000.00 | 03 माह | तृतीय अथवा द्वितीय श्रेणी |
| 8. | पथ अवर प्रमण्डल, नगरउंटारी अंतर्गत निरीक्षण भवन का सुसज्जीकरण एवं सौदर्यीकरण कार्य। | 5.00 | 10,000.00 | 750.00 | 02 माह | चतुर्थ अथवा तृतीय श्रेणी |
| 9. | गोदरमाना निरीक्षण भवन का साज–सज्जा, चाहरदीवारी की मरम्मति कार्य। | 10.00 | 20,000.00 | 1,250.00 | 02 माह | चतुर्थ अथवा तृतीय श्रेणी |
| 10. | प्रमण्डलीय कार्यालय के ग्राउंड फ्लोर में अवस्थित कार्यपालक अभियंता का कक्ष एवं अन्य कक्षों के साथ प्रमण्डलीय जाँच प्रयोगशाला का जिर्णोद्धार कार्य। | 10.00 | 20,000.00 | 1,250.00 | 02 माह | चतुर्थ अथवा तृतीय श्रेणी |
| 11. | पथ प्रमण्डल, गढ़वा अंतर्गत आवासीय परिसर में नाली निर्माण, पेभर ब्लॉक एवं बाउंड्री वॉल निर्माण कार्य। | 10.00 | 20,000.00 | 1,250.00 | 03 माह | चतुर्थ अथवा तृतीय श्रेणी |
| 12. | केतार–कांडी पथ में क्रैश बैरियर अधिष्ठापन का कार्य। | 30.00 | 60,000.00 | 5,000.00 | 01 माह | तृतीय अथवा द्वितीय श्रेणी |
| 13. | नगरउंटारी–भवनाथपुर–खरौंधी–उ0प्र0 डाला पथ के बाजार भाग में पेभर ब्लॉक कार्य। | 40.00 | 80,000.00 | 5,000.00 | 02 माह | तृतीय अथवा द्वितीय श्रेणी |
| 14. | रंका–चिनियाँ पथ के 7वें एवं 20वें कि0मी0 में 310 मी0 का क्रैश बैरियर का निर्माण कार्य। | 10.00 | 20,000.00 | 1,250.00 | 01 माह | चतुर्थ अथवा तृतीय श्रेणी |

नोटः(1) निविदा की राशि घट–बढ़ सकती है।
(2) UCAN Portal में निबंधित संवेदक हीं निविदा में भाग ले सकते हैं।
(3) निविदा की शर्ते www.jharkhand.gov.in एवं कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता,
प0नि0वि0, पथ प्रमण्डल, गढ़वा

PR 357099 (Road)25-26*D



**झारखण्ड सरकार**
**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,**
**पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमंडल, लोहरदगा**

अति–अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना – 01/2025–26

(1st Call) गैर–योजना मद

| | | |
|---|---|---|
| 1. | विभाग का नाम | पथ निर्माण विभाग, झारखण्ड, राँची। |
| 2. | विज्ञापनदाता का नाम | कार्यपालक अभियंता, पथ प्रमंडल, लोहरदगा। |
| 3. | परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि | 21.07.2025 (कार्यालय अवधि में)। |
| 4. | निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय | 22.07.2025 को अपराह्न 3:00 बजे तक। |
| 5. | निविदा खोलने की तिथि एवं समय | 22.07.2025 को अपराह्न 3:30 बजे। |
| 6. | परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान | (क) मुख्य अभियंता (यातायात) का कार्यालय, पथ निर्माण विभाग, झारखण्ड, अभियंत्रण छात्रावास सं॰–2, प्रथम तल्ला, धुर्वा, राँची–834004. (ख) अधीक्षण अभियंता का कार्यालय, पथ निर्माण विभाग, पथ अंचल, राँची–834001. (ग) कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमंडल, लोहरदगा–835302. |
| 7. | निविदा प्राप्ति एवं खोलने का स्थान | क्रमांक 6 के अनुसार। |

8.निविदाधीन कार्य का विवरण :–

| क्र॰ सं॰ | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रूपये लाख में) | अग्रधन की राशि (रूपये में) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रूपये में) | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | लोहरदगा–किस्को मोड़ से रिचुगुटा पथ के चेनेज–22+100 में सुरक्षात्मक कार्य हेतु रिटेनिंग वॉल 110 मीटर, ऊँचाई – 3 मीटर का निर्माण कार्य। | 49.98 | 1,00,000.00 | 5,000.00 | 03 Month. |
| 2. | लोहरदगा–किस्को मोड़ से रिचुगुटा पथ के चेनेज–22+500 में सुरक्षात्मक कार्य हेतु रिटेनिंग वॉल 50 मीटर, ऊँचाई – 3 मीटर, 90 मीटर, ऊँचाई – 2 मीटर का निर्माण कार्य। | 49.55 | 1,00,000.00 | 5,000.00 | 03 Month. |
| 3. | लोहरदगा–किस्को मोड़ से रिचुगुटा पथ के 29वें कि.मी. में सुरक्षात्मक कार्य हेतु रिटेनिंग वॉल 167 मीटर, ऊँचाई – 2 मीटर का निर्माण कार्य। | 49.89 | 1,00,000.00 | 5,000.00 | 03 Month. |
| 4. | शंख–चतरा (लुकैया मोड़) पथ के 5वें कि.मी. में नाली निर्माण कार्य (900 m. Stone Masonary)। | 49.81 | 1,00,000.00 | 5,000.00 | 03 Month. |
| 5. | लोहरदगा–गंगूपाड़ा–पेशरार पथ के 2रे कि.मी. में नाली निर्माण कार्य (RCC Drain – 320 m.)। | 35.00 | 70,000.00 | 5,000.00 | 03 Month. |
| 6. | लोहरदगा–किस्को मोड़ से रिचुगुटा पथ के 23वें कि.मी. में नाली निर्माण कार्य (450 m. Stone Maonary)। | 25.00 | 50,000.00 | 5,000.00 | 02 Month. |
| 7. | लोहरदगा–किस्को मोड़ से रिचुगुटा पथ के विभिन्न चेनेजों में फ्लैंक का सुरक्षात्मक कार्य। | 25.00 | 50,000.00 | 5,000.00 | 02 Month. |
| 8. | चट्टी–कैरो–टाटी पथ के 15वें कि.मी. में नाली निर्माण कार्य (325 m. Stone Masonary)। | 25.00 | 50,000.00 | 5,000.00 | 02 Month. |
| 9. | लोहरदगा–गंगूपाड़ा–पेशरार पथ के 2रे कि.मी. में पथ के किनारे पेवर ब्लॉक का अधिष्ठापन कार्य (लम्बाई–850 मीटर)। | 25.00 | 50,000.00 | 5,000.00 | 02 Month. |
| 10. | केशा मोड़–माण्डर पथ के कि.मी. 2.00 से 5.00 तक विशेष मरम्मति कार्य। | 20.00 | 40,000.00 | 5,000.00 | 02 Month. |
| 11. | सर्किट हाऊस, लोहरदगा से बी.एस. कॉलेज पथ, लोहरदगा में विशेष मरम्मति कार्य। | 20.00 | 40,000.00 | 5,000.00 | 02 Month. |
| 12. | Repairing and Maintenance of Divisional Office, Sub-Divisional Office and J.E. Quarter. | 20.00 | 40,000.00 | 5,000.00 | 02 Month. |
| 13. | किस्को मोड़ से रिचुगुटा पथ के विभिन्न चेनेजों (घाटी क्षेत्र) में सुरक्षात्मक कार्य हेतु W-Metal Beam Crash Barrier का अधिष्ठापन कार्य। | 18.00 | 36,000.00 | 5,000.00 | 01 Month. |
| 14. | करांजी मोड़ (बेड़ो) से चट्टी पथ के विभिन्न चेनेजों में W-Metal Bem Crash Barrier एवं साईन बोर्ड का अधिष्ठापन कार्य। | 18.00 | 36,000.00 | 5,000.00 | 01 Month. |
| 15. | सर्किट हाऊस, लोहरदगा से बी.एस. कॉलेज पथ के 1ले कि.मी. में नाली एवं Cross Drain का निर्माण कार्य। | 15.00 | 30,000.00 | 2,500.00 | 02 Month. |
| 16. | सर्किट हाऊस, लोहरदगा से बी.एस. कॉलेज पथ के 3रे एवं 4थे कि.मी. में हेतु W-Metal Beam Crash Barrier का अधिष्ठापन कार्य। | 12.00 | 24,000.00 | 2,500.00 | 01 Month. |

1. निविदा की शर्ते कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।
2. प्राक्कलित एवं अग्रधन की राशि घट–बढ़ सकती है जो कि परिमाण–विपत्र की बिक्री के समय देखा जा सकता है।
3. बिना कारण बताये विभाग को किसी या सभी निविदा को रद्द करने अथवा स्थगित करने का अधिकार सुरक्षित है।

कार्यपालक अभियंता
पथ निर्माण विभाग,पथ प्रमंडल, लोहरदगा

PR 357086 Lohardaga(25-26).D

## सड़क हादसे में बच्चे की मौत, एक घंटा सड़क जाम



नवीन मेल संवाददाता

**लातेहार।** जिले के मनिका थाना क्षेत्र के नामुदाग के पास शुक्रवार को एनएच-39 सड़क हादसा में नाबालिग बच्चे की मौत हो गई। स्थानीय लोगों बताया कि मेदिनीनगर से रांची की ओर जा रही तेज रफ्तार माधव यात्री नामक बस ने सामने से आ रही बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाइक पर सवार 10 साल के अंकित कुमार की मौके पर ही मौत हो गई। बाइक चला रहे 16 साल का राहुल कुमार गंभीर रूप से घायल हो गया। दोनों आपस में चचेरे भाई थे। हादसे के बाद स्थानीय लोगों और पुलिस की मदद से घायल छात्र को मनिका सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक ईलाज के बाद रिम्स रेफर कर दिया। घटना के बाद बस चालक वाहन छोड़कर फरार हो गया। घटना के बाद स्थानीय लोगों ने एनएच सड़क को करीब एक घंटा जाम कर दिया। पीड़ित परिवार को मुआवजा देने की मांग कर रहे हैं। जाम की सूचना मिलते ही मनिका थाना प्रभारी शशि कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए लातेहार भेजा गया। उन्होंने परिजनों को सरकारी प्रावधान के तहत मुआवजा दिलाने की बात कहीं। बस को जब्त कर लिया गया है।

### संत जेवियर के छात्रों ने शिक्षकों के हटाने पर जताया विरोध

# स्कूल परिसर में प्रबंधन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की

नवीन मेल संवाददाता



**लातेहार।** पहाड़पूरी स्थित संत जेवियर स्कूल के बाहर पढ़ने वाले बच्चे हंगामा करने लगे। सैकड़ों की संख्या में छात्र छात्राएं स्कूल परिसर में प्रबंधन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। बच्चों का आरोप है कि उनके भविष्य के साथ स्कूल प्रबंधन खिलवाड़ कर रही है और अच्छे शिक्षकों को स्कूल से बाहर का रास्ता दिखाया जा रहा है। वहीं कई समस्याओं को लेकर संत जेवियर के छात्र-छात्राओं ने लातेहार समाहरणालय पहुंचे प्रबंधन के खिलाफ जिला शिक्षा अधीक्षक से लिखित शिकायत की हैं स्कूल प्रबंधन के द्वारा मनमाना किया जाता है जिसमें अच्छे शिक्षक को निकाल प्रबंधन के चहेते शिक्षकों को बहाल करने की कोशिश की जा रही है। इससे हमारे पढ़ाई पर बूरा असर पड़ रहा है। छात्रों ने कहा कि स्कूल प्रबंधन शिक्षकों को फोर्स कर निकाला रही है और जो नये शिक्षक की बहाली की जा रही है और जो नए शिक्षक हैं वे उनका व्यवहार छात्रों के साथ अच्छा नहीं है। साथ ही शनिवार के दिन छात्र-छात्राओं के साथ भेदभाव किया जाता है। जहां क्रिश्चियन छात्र-छात्राओं को बाइबल की पढ़ाई करवाई जाती है। छात्र-छात्राओं ने कहा कि कुछ दिनों में हमारी परीक्षा है। स्कूल से गणित व विज्ञान के शिक्षकों को हटा दिया गया है। ऐसे में प्रबंधन हमारे भविष्य के साथ खिलवाड़ कर रही है, जिसे हम बर्दाश्त नहीं करेंगे। वहीं जब इस पूरे मामले में संत जेवियर के प्रिंसिपल ने कहा कि यह सारी जानकारी मुझे नहीं है, मैं कुछ दिनों पहले ही स्कूल में ज्वाइन की हूं।

## न्यूज बॉक्स

### कुआं में डूबने से किसान की मौत

**चंदवा।** थाना क्षेत्र अंतर्गत बोदा में स्नान करने के दौरान कुआं में डूबने से एक किसान की मौत हो गई। मृतक की पहचान प्रकाश बड़ाइक के रूप रूप हुई है। घटना के संबंध में बताया जाता है कि प्रकाश खेत में काम करने गया था, खेत में काम कर वापस लौटने के बाद वह कुंआ में नहाने गया था, पानी भरने के दौरान लगाई गई लकड़ी टूट जाने के कारण वह असंतुलित होकर कुंआ में गिर गया। ग्रामीणों ने बताया कि कुंआ के आसपास और कोई मौजूद नहीं होने के कारण कोई मदद नहीं मिल सका। इधर घटना की सूचना के बाद विधायक प्रतिनिधि विजय दुबे अस्पताल पहुंचे व पीड़ित परिवार से मिलकर ढांढस बंधाया व सरकारी प्रावधान के तहत हर संभव मदद दिलाने का भी भरोसा दिया है।

### ददई दुबे के निधन पर कांग्रेस ने जताया शोक



**चंदवा।** झारखंड के कद्दावर नेता व मंत्री रहे चंद्रशेखर दुबे उर्फ ददई दुबे के निधन पर प्रखड कांग्रेस कमिटि ने गहरा शोक व्यक्त किया है। शोक व्यक्त करते हुए नेताओं ने परिजनों के प्रति गहरी संवेदना प्रकट की है। ददई दुबे का निधन गुरुवार की रात्रि दिल्ली के सर गंगाराम अस्पताल में हो गया। कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष असगर खान ने कहा कि स्व. दुबे कोयला मजदूरों की आवाज थे। वे हमेशा मजदूरों को उनका हक दिलाने के लिए तत्पर रहते थे। उनके निधन से पार्टी को गहरा प्रभाव पड़ा है। शोक व्यक्त करने वालों में वरिष्ठ कांग्रेसी रामयश पाठक, श्रीराम शर्मा, निर्मल कुमार भारती, मोहफिल खान, संतोष साहू, संजय दुबे, हरिनंदन दुबे, कुशेश्वर यादव, लक्ष्मण साहू, गिदियोंन खाखा, मो छोटू, अरुण भारती, नौशाद खान, मनोज पासवान, मंजू देवी, करनालुस एक्का, मुस्ताक खान, बालजी उरांव, शीश आलम, दामोदर उपाध्याय, छठन राम, अख्तर अंसारी, अब्दुल अंसारी, लक्ष्मी देवी, प्रमिला देवी, मोहम्मद हातिम, मोहम्मद रशीद समेत कई लोग शामिल हैं।

### चंदवा में वज्रपात से सहिया की मौत

**चंदवा।** शहर के इंदिरा गांधी चौक स्थित जिला परिषद बस पड़ाव के समीप शुक्रवार कि दोपहर बाद हो रही मूसलाधार बारिश के बीच हुई वज्रपात में एक महिला की मौत हो गई। महिला कि पहचान चंदवा थाना क्षेत्र के चकला पंचायत अंतर्गत पुरना टोली अम्बाटांड निवासी सुभाष देवी पति स्व. फगुआ मुंडा के रूप में की गई। वह सीएचसी में सहिया के रूप में कार्यरत थी। घटना के बाद से परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है। घटना की सूचना के बाद चकला मुखिया रंजीता एक्का, स्वास्थ्य प्रतिनिधि विजय कुमार दुबे अस्पताल पहुंच परिजनों को ढाढस बंधाया। घटना के संबंध में बताया जाता है कि सहिया विश्व जनसंख्या दिवस पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चंदवा पहुंची थी। कार्यक्रम के पश्चात वह अपनी बेटी के साथ कागजात की फोटो कॉपी कराने इंदिरा चौक गई थी। तेज बारिश के दौरान बज्रपात हुई जिसकी चपेट में आने से सहिया सुभाष देवी (52) घायल हो गई। आनन फानन में स्थानीय लोगों ने उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चंदवा लाया जहां चिकित्सकों की टीम ने उसे मृत घोषित कर दिया। ग्रामीणों ने बताया कि सहिया सुभाष देवी के पति फगुआ मुंडा व पुत्र यमुना मुंडा की मौत भी वज्रपात से वर्ष 2013 में हो गई थी। दोनों पिता पुत्र खेत में काम कर रहे थे इसी बीच हुई वज्रपात में पिता पुत्र दोनों की मौत एक साथ हो गई थी। सहिया की आकस्मिक मौत के बाद सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चंदवा के चिकित्सक प्रभारी डॉ नीलिमा, डॉ मनोज कुमार, बीपीएम अमित कुमार, एम पी डब्लू कृष्णकांत के अलावे प्रवीन कुमार भोला, मनीष कुमार, त्रिलोकी सिंह, बीरबल भगत, मो हसीब, मोक्ष वाहन चालक बादशाह खान समेत कर्मियों ने गहरी संवेदना प्रकट की है।

### लातेहार बार एसोसिएशन चुनाव-सरगर्मियां तेज

**लातेहार।** लातेहार जिला बार एसोसिएशन चुनाव को लेकर सरगर्मियां तेज हो गई है। इसे लेकर शुक्रवार को चुनाव पर्यवेक्षकों ने चुनाव से संबंधित तारीखों का एलान कर दिया। इस संबंध में जानकारी देते हुए चुनाव प्रवेक्षकों ने बताया कि सत्र 2025-27 के लिए 98 मतदाता इस चुनाव में भाग लेंगे और उम्मीदवारों के भाग्य का फैसला करेंगे। आगामी 14 जुलाई को मतदाता सूची का प्रकाशन किया जाएगा। इसके बाद 16 एवं 17 जुलाई को सुबह 11 से शाम 4 बजे तक और 17 जुलाई को सुबह 11 बजे से दोपहर 2:30 बजे तक नामांकन पत्रों की बिक्री होगी। उसी दिन यानि 16 जुलाई को सुबह 11:30 से शाम 4 बजे तक एवं 17 जुलाई को सुबह 11:30 बजे से दोपहर 3:30 बजे तक नामांकन पत्र भरा जाएगा। अगले दिन 18 जुलाई को स्क्रुटनी का कार्य किया जाएगा। इसके बाद 19 जुलाई को नाम वापसी सुबह 11:30 बजे से दोपहर 2 बजे तक लिया जा सकेगा। इसके बाद उम्मीदवारों के फाइनल लिस्ट का प्रकाशन किया जाएगा। मतदान 26 जुलाई दिन शनिवार को सुबह 9 बजे से दोपहर 1 बजे तक कराया जाएगा। इसी दिन दोपहर 2:30 बजे से मत पत्रों की गिनती शुरू होगी और तक विजय प्रत्याशियों की घोषणा कर दी जाएगी।

### माओवादी के घर पुलिस ने इश्तेहार चिपकाया

**बालूमाथ।** थाना पुलिस ने फरार चल रहे अभियुक्त मनोहर जी उर्फ मनोहर गंझू उर्फ दिनेश गंझू, पिता बृहस्पति गंझू उर्फ विलास्पति गंझू, निवासी ग्राम बसिया टोला टेमराबर, बालूमाथ के खिलाफ न्यायालय से प्राप्त इश्तेहार को विधिवत चिपकाया गया है। इस संबंध में बालूमाथ थाना प्रभारी अमरेंद्र कुमार ने बतलाया कि फरार अभियुक्त मनोहर गंझू पर बालूमाथ थाना कांड संख्या 93/21, दिनांक 16 मई 2021 को भारतीय दंड संहिता की धारा 385, 387 एवं 17 सीएलए एक्ट के तहत गंभीर आपराधिक मामला दर्ज है। न्यायालय ने अभियुक्त के विरुद्ध इश्तेहार जारी कर आदेश दिया है कि अभियुक्त एक माह के भीतर स्वयं न्यायालय में आत्मसमर्पण करे, अन्यथा उसके खिलाफ कुर्की-जब्ती की कार्रवाई की जाएगी।

### साइकिल चलाना सीखेंगे शिशु वाटिका के बच्चे




**लातेहार।** सरस्वती विद्या मंदिर शिशु वाटिका खंड में शुक्रवार को साइकिल सुविधा बहाल हुई। जिसका उद्घाटन साइकिल प्रदान करने वाले समाज सेवियों में जानी-मानी अधिवक्ता रितु रानी पांडे एवं सुधांशु दुबे सहित अतिथियों ने किया। दोनों अतिथियों ने विद्यालय को साइकिल प्रदान किया है। उनके साथ उद्घाटन में समाजसेवी और समिति सदस्य दिनेश महलका, युवा अधिवक्ता प्रशांत रंजन पांडे एवं प्रधानाचार्य उत्तम कुमार मुखर्जी उपस्थित थे। इस अवसर पर रितु रानी पांडे ने कहा कि विद्यालय में विद्या भारती की गतिविधियां कारगर तो है ही, अब साइकिल की व्यवस्था होने से बच्चे और स्मार्ट बनेंगे क्योंकि साइकिल के माध्यम से बच्चों में कौशल विकास, आत्मविश्वास, संतुलन, गति एवं गति नियंत्रण आदि की दृष्टि मजबूत होती है। सुधांशु दुबे ने कहा कि बच्चों के सर्वांगीण विकास में साइकिल सहायक बनेंगे' अतिथियों ने मां सरस्वती की वंदना के पश्चात साइकिल की विधिवत पूजा कर शिशु वाटिका प्रमुख गीता कुमारी एवं सह प्रमुख शिल्पा कुमारी को सौंपा। प्रथम बार साइकिल चलाने वाले बच्चे बहुत उत्साहित दिखे' अतिथियों सहित शिक्षक शिक्षिकाओं ने बच्चों को साइकिल चलाने में सहयोग करते हुए आनंद लिया।

### कुंदा के अखरा टोली के ग्रामीण महिलाओं ने एक स्वर में कहा-

## मंईयां सम्मान योजना नहीं, सड़क चाहिए सरकार

नवीन मेल संवाददाता



**कुन्दा (चतरा)।** जिले के कुन्दा प्रखंड के अखरा टोला के ग्रामीणों ने मांईयां सम्मान योजना को विरोध करते हुए सड़क बनवाने की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि आजादी से लेकर आज तक हमलोग कई सांसद व कई विधायक को वोट दे कर जिताए लेकिन आज तक हमलोग के टोला में सरकारी विकास के नाम मे सिर्फ प्राथमिक विद्यालय है। आज तक यहां सड़क का निर्माण नहीं कराया गया है जबकि इस सड़क से कई पदाधिकारी भी गुजरे है। लेकिन किसी ने आज तक सड़क बनवाने की पहल नहीं की। यहां तक की पंचायती राज होने के बाद कुछ उम्मीद जगी थी लेकिन तीन बार चुनाव होने के बाद भी हम अखरा के ग्रामीणों को निराश का ही मुंह देखना पड़ा। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि हमलोगों को सड़क नहीं बनती हैं तो आगामी चुनाव में हमलोग वोट का विरोध करेंगे। वहीं ग्रामीणों ने कहा कि हमलोग को मंइयां सम्मान का पैसा सरकार ना दे लेकिन हमलोगों के यहां सड़क बनवाने का काम करे। विरोध करने वाले में मनवा देवी, उषा देवी, ज्ञानति देवी, फुलमतिया देवी, करमी देवी, महंगी देवी, मुनिया देवी, एतवरिया देवी, मालती देवी, सरोजवा देवी, सुकनी देवी, बेबी देवी, विदेशी भारती, अरुण भारती, राजेश कुमार, महेशी भारती, तुलु भारती, सुकन भारती, राजकुमार गंझू, राजकुमार भारती, राजकुमार सिंह, पिन्टु भारती, नागों भारती, जोगो भारती, नकुल सिंह, ननकेशर सिंह, सुमन भारती, मनु यादव, केदार यादव, छोटू साव, रोहन भारती के साथ दर्जनों ग्रामीण शामिल थे।

### आपसी विवाद में पति ने की पत्नी की हत्या

**महुआडांड़।** थाना क्षेत्र के सोहर पंचायत में पति पत्नी के आपसी विवाद में पति ने पत्नी की हत्या कर दी। प्राप्त जानकारी के अनुसार आदिम जनजातिय बहुल गांव कटहलटोली में बुधवार की रात सुमन कोरवा (25) की अपनी पत्नी तिरयो देवी के बीच किसी बात को लेकर विवाद शुरू हुआ, इस दौरान दोनों नशे में थे। विवाद मारपीट तक पहुंच गई। इस दौरान सुमन कोरवा ने पीट-पीटकर पत्नि की हत्या कर दिया और खुद फरार हो गया। वहीं गुरूवार की रात में इस घटना की जानकारी गांव के लोगों के द्वारा थाना को दी गई। शुक्रवार की सुबह थाना प्रभारी मनोज कुमार दल बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। महिला के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए लातेहार भेजा गया।

### डीडीसी ने की कई विभागों की समीक्षा

**लातेहार।** उप विकास आयुक्त सैय्यद रियाज अहमद की अध्यक्षता में ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, पथ निर्माण विभाग की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, पथ निर्माण विभाग अंतर्गत किए जा रहे कार्यों की अद्यतन प्रगति, लंबित योजनाओं की स्थिति, गुणवत्तापूर्ण कार्यान्वयन तथा निर्धारित समय-सीमा में योजनाओं की पूर्णता की समीक्षा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। उप विकास आयुक्त ने निर्देश दिया कि सभी निर्माण कार्यों में गुणवत्ता से किसी प्रकार का समझौता नहीं किया जाए। उन्होंने लंबित योजनाओं को यथाशीघ्र पूरा करने का निर्देश संबंधित कार्यपालक अभियंता को दिया।

## ग्रामीणों को बांध टूटने का सता रहा डर

- बाड़ी बांध का श्रमदान कर किया गया मरम्मत

नवीन मेल संवाददाता

**लातेहार।** जिला के बालूमाथ प्रखंड के होलंग गांव में कई वर्षों पहले बाड़ी बांध का निर्माण किया गया था ताकि पानी की कमी से किसानों को फसल उगाने में कोई दिक्कत ना हो। यह बांध लगभग पांच सौ एकड़ खेतों में सिंचाई के लिए पानी की कमी को दूर करता है। लेकिन बांध के टूट जाने से किसानों के खेतों में पानी की कमी से फसल को नुकसान पहुंचेगा। बांध का कई हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया है और कई जगहों पर बांध दो हिस्सों में बट गया है। इससे पानी निकलना शुरू हो गया है जिससे मिट्टी का कटाव भी लगातार हो रहा है। अभी बांध में पानी भरा हुआ है साथ ही बांध टूटने का खतरा भी बढ़ते जा रहा है। बांध टूट जाता है तो किसानों का धान का बीज बर्बाद हो जाएगा साथ ही होलंग गांव में धान की फसल नहीं होगी। यहां के किसान चिंतित है कि बांध टूट जाता है तो हमलोग कैसे धान की फसल कर पायगें। वही कई किसानों का कहना हैं कि बांध की मरम्मत करवाने के लिए कई बार जिला प्रशासन और जन प्रतिनिधि को लिखित में आवेदन दिया है लेकिन अब तक कोई सुनवाई नही हुआ हैं। किसानों ने जिला प्रशासन से गुहार लगाई है कि यह बांध को तत्काल मरम्मत किया जाए ताकि बांध टूटने से बच जाए।

## इटखोरी और करनी गांव से 71 कांवरियों का जत्था रवाना

- श्रद्धालुओं ने माता भद्रकाली मंदिर में लिया आशीर्वाद

नवीन मेल संवाददाता



**इटखोरी (चतरा)।** सावन माह के पवित्र अवसर पर इटखोरी और करनी गांव से कुल 71 कांवरियों का एक विशाल जत्था बाबाधाम देवघर के लिए शुक्रवार को रवाना हुआ। यात्रा की शुरूआत से पूर्व सभी श्रद्धालुओं ने इटखोरी स्थित प्राचीन एवं ऐतिहासिक माता भद्रकाली मंदिर में पूजा-अर्चना की और आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर पूरा क्षेत्र हर-हर महादेव और बोल बम के जयकारों से गूंज उठा। श्रद्धालुओं में जबरदस्त उत्साह और श्रद्धा देखने को मिली। जत्थे के सुबोध शर्मा ने बताया कि वे पूर्ण नियम और आस्था के साथ देवघर पहुंचकर बाबा बैद्यनाथ का जलाभिषेक करेंगे। यात्रा में शामिल प्रमुख श्रद्धालुओं में सुबोध शर्मा, निरंजन पांडेय, बबलू बीईओ, बबलू, सूरज सर, सोनू स्टूडियो, टिंकू, राजेंद्र दागी, रंजीत रंजन और रामजनम सहित कई अन्य श्रद्धालु शामिल हैं।


कार्यालय, जिला गव्य विकास पदाधिकारी, चतरा
(कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (गव्य विकास प्रभाग), झारखण्ड, सरकार

गव्य विकास निदेशालय, झारखण्ड, राँची द्वारा सूचीबद्ध दुधारू पशु विक्रेताओं/योजना के लाभुकों के लिए आम सूचना

चतरा जिला अन्तर्गत मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना के चयनित लाभुकों के लिए 90%, 75% एवं 50% अनुदान पर दो गाय/पाँच गाय एवं दस दुधारू गाय की योजनान्तर्गत उन्नत नस्ल/शंकर नस्ल का दुधारू गाय/भैंस का क्रय हेतु जिला स्तरीय दुधारू पशु मेला जिला पशुपालन कार्यालय परिसर ,चतरा में संचालित है।

निदेशानुसार उत्तरी छोटानागपुर प्रमण्डल ,हजारीबाग के सभी संबंधित सूचीबद्ध दुधारू गाय/भैंस के इच्छुक आपूर्तिकर्ता को सूचित किया जाता है कि जिला पशुपालन कार्यालय परिसर, चतरा स्थित में दुधारू पशु मेला स्थल में दुधारू पशु लाकर नियमानुसार संगरोध संधारण पश्चात् जिला के लाभुक को दुधारू पशु उपलब्ध कराये। सभी संबंधित योजना के लाभुकों को सूचित किया जाता है कि दुधारू पशु मेला में दुधारू पशु पसंद करने के दरम्यान कम से कम तीन लगातार पाली में अपने सामने दुध दुहाई कर सुनिश्चित हो लेंगे कि गाय प्रतिदिन कम से कम औसतन 12–15 लीटर दूध दे रही है। गाय का कीमत का निर्धारण लाभुक एवं दुधारू गाय विक्रेता के आपसी सहमति से नियमानुसार होगा। दुधारू गाय का संगरोध पूर्ण होने उपरान्त ही क्रय–विक्रय का कार्य किया जायेगा।

सभी सूचीबद्ध दुधारू पशु विक्रेताओं से आग्रह है कि सरकार के द्वारा निर्धारित प्रक्रियाओं एवं शर्तों का अनुपालन करते हुए मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजनान्तर्गत प्रथम/द्वितीय ब्यांत की उन्नत देशी नस्ल यथा साहीवाल, रेड सिंधी, थारपारकर, गीर, एवं संकर नस्ल की दुधारू गायों अथवा उन्नत नस्ल की भैंसों यथा मुर्रा, सुरती, जाफराबादी, मेहसाना आदि को जिला पशुपालन कार्यालय परिसर, चतरा में लगाये गये दुधारू पशु मेला में आपूर्ति करना सुनिश्चित करेंगे। बिजली की सुविधा जिला पशुपालन कार्यालय चतरा/जिला गव्य विकास कार्यालय,चतरा }ारा प्रदान की जाएगी तथा शेष व्यवस्था दुधारू पशु विक्रेता को स्वयं करना होगा। दुधारू गाय/भैंस लाने के पश्चात् यथाशीघ्र जिला गव्य विकास कार्यालय में संबंधित कागजात समर्पित करें। विशेष जानकारी जिला गव्य विकास पदाधिकारी,चतरा के सम्पर्क संख्या– 9835586928 पर सम्पर्क कर प्राप्त किया जा सकता है।

जिला गव्य विकास पदाधिकारी
चतरा

PR 357045 (Animal Husbandry)25-26*D



कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल, डालटनगंज।

निविदा आमंत्रण सूचना सं0 – 01/2025–26)

1. विज्ञापनदाता का पदनाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, पथ निर्माण विभाग,पथ प्रमण्डल, डालटनगंज।
2. परिमाण विपत्र (निविदा कागजात) की बिक्री की तिथि एवं समय :– दिनांक–**04.08.2025** को 3:00 बजे अपराहन तक
3. निविदा प्राप्त करने की तिथि एवं समय :– दिनांक–**05.08-2025** को 3.00 बजे अपराहन तक।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– दिनांक–**05-08-2025** 3.30 बजे अपराहन में।
5. परिमाण विपत्र (निविदा कागजात) की बिक्री का स्थान :– (1) **मुख्य अभियंता (यातायात)** का कार्यालय, पथ निर्माण विभाग, झारखण्ड राँची, अभियंत्रण छात्रावास प्रथम तल्ला धुर्वा, राँची। (2) **आरक्षी अधीक्षक**, पलामू के कार्यालय परिसर में अधीक्षण अभियंता, प0 नि0 वि0, पथ अंचल, डालटनगंज से प्रतिनियुक्त पदाधिकारी के द्वारा। (3) **आरक्षी अधीक्षक**, पलामू के कार्यालय परिसर में कार्यपालक अभियंता, प0 नि0 वि0, पथ प्रमण्डल, डालटनगंज से प्रतिनियुक्त पदाधिकारी के द्वारा।
6. निविदा प्राप्त करने एवं खोलने का स्थान :– क्रमांक 5 (पांच) में उल्लेखित कार्यालयो में निर्धारित स्थानों पर।
7. **कार्य का विवरण :–**

| क्र0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रु0 में) | अग्रधन की राशि (रु0 में) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रू0 में) | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | पाटन–डालटनगंज पथ के चैनेंज–16.5 से चैनेंज–17.9 कि0मी0 तक पूर्व में निर्मित नाली का Cover Slab निर्माण कार्य (वर्ष 2025–26) | 15,00,000.00 | 30,000.00 | 5,000.00 | 02 Months |
| 2 | कजरी–पाटन–मनातू पथ के चैनेंज–16.00 से चैनेंज–36.00 कि0मी0 तक में RCC Railing का साधारण मरम्मति/रंग–रोगन कार्य (वर्ष 2025–26) | 10,00,000.00 | 20,000.00 | 2,500.00 | 02 Months |
| 3 | छत्तरपुर (NH-98) भाया करमाचेराई – सराईडीह कि0मी0 19.25 कि0मी0 पथ का H.L Brigde & Culverts का RCC Railing का साधारण मरम्मति/रंग–रोगन कार्य (वर्ष 2025–26) | 10,00,000.00 | 20,000.00 | 2,500.00 | 02 Months |
| 4 | हुसैनाबाद से पथराघाट पथ में चैनेंज–9.30 कि0मी0 में H.L Brigde का RCC Railing का मरम्मति/रंग–रोगन कार्य (वर्ष 2025–26) | 10,00,000.00 | 20,000.00 | 2,500.00 | 02 Months |
| 5 | पाटन (I.B.) निरीक्षण भवन का मरम्मति एवं सुसज्जीकरण कार्य (वर्ष 2025–26) | 10,00,000.00 | 20,000.00 | 2,500.00 | 02 Months |
| 6 | Ordinary Repair Work of North Koel Semra Mines Link Road (Working Length-0.00 to 1.00 Km) for the year 2025-26 | 50,00,000.00 | 1,00,000.00 | 5,000.00 | 01 Month |

नोटः– (1) निविदा आमंत्रण सूचना एवं निविदा की शर्त्ते कार्यालय के सूचना पटट पर देखा जा सकता है। (2) निर्धारित निविदा तिथि को सरकार द्वारा अवकाश घोषित होने पर निविदा आमंत्रण की तिथि अगले कार्य दिवस को होगी। (3) प्राक्कलन की राशि घट–बढ़ सकती है।

कार्यपालक अभियंता
पथ निर्माण विभाग
पथ प्रमण्डल, डालटनगंज

PR 357087 (Road) 25-26 (D)


**आस्था**

### भद्रकाली मंदिर परिसर में निःशुल्क भोजन शिविर का शुभारंभ

# सावन माह में कांवरियों की सेवा करना पुण्य का कार्य : ब्रज किशोर

- जिप उपाध्यक्ष ब्रज किशोर तिवारी ने किया उद्घाटन

नवीन मेल संवाददाता



**इटखोरी (चतरा)।** सावन माह के पावन अवसर पर इटखोरी स्थित मां भद्रकाली मंदिर परिसर में शुक्रवार को मां भद्रकाली सेवा संस्था द्वारा कांवरियों के लिए निःशुल्क भोजन शिविर का शुभारंभ किया गया। इस शिविर का विधिवत उद्घाटन जिला परिषद उपाध्यक्ष ब्रज किशोर तिवारी, जिला परिषद सदस्य सरिता देवी एवं प्रमुख प्रिया कुमारी ने दीप प्रज्वलित कर एवं नारियल फोड़कर किया। उद्घाटन अवसर पर भक्ति और सेवा का अद्भुत संगम देखने को मिला। बड़ी संख्या में श्रद्धालु, स्थानीय ग्रामीण एवं सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे। इस अवसर पर श्री तिवारी ने कहा कि सावन के इस पवित्र माह में कांवरियों की सेवा करना एक महान पुण्य का कार्य है। यह सिर्फ ठहरने और भोजन की व्यवस्था नहीं है, बल्कि श्रद्धा, सम्मान और सेवा का भाव है जो समाज को एकजुट करता है। उन्होंने मां भद्रकाली सेवा संस्था द्वारा किए जा रहे इस सेवा कार्य की प्रशंसा करते हुए कहा कि संस्था समाज सेवा के क्षेत्र में एक अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत कर रही है। संस्था के पदाधिकारियों ने बताया कि यह शिविर सावन माह की संपूर्ण अवधि तक प्रतिदिन जारी रहेगा, जिसमें प्रतिदिन सैकड़ों कांवरियों की सेवा की जाएगी। श्रद्धालुओं के लिए भोजन की उत्तम व्यवस्था के साथ-साथ स्वच्छता और सुरक्षा का भी पूरा ध्यान रखा गया है।

### पूर्व विधायक ने की मां भद्रकाली की पूजा

**इटखोरी (चतरा)।** श्रावण मास के प्रथम दिन इटखोरी स्थित प्रसिद्ध मां भद्रकाली मंदिर में श्रद्धा और भक्ति का अद्भुत संगम देखने को मिला। इस अवसर पर सिमरिया के पूर्व विधायक किसुन कुमार दास ने विधिवत पूजा-अर्चना कर राज्यवासियों के सुख, समृद्धि एवं मंगलमय जीवन की कामना की। पूर्व विधायक ने कहा कि श्रावण मास का पहला दिन धार्मिक दृष्टिकोण से अत्यंत शुभ होता है। मां भद्रकाली की आराधना से श्रद्धालुओं की सभी मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं। उन्होंने प्रदेशवासियों के लिए शांति, उन्नति और स्वास्थ्य की प्रार्थना की। पूजा कार्यक्रम में इटखोरी मंडल अध्यक्ष देव कुमार सिंह, भाजयुमो मंडल अध्यक्ष कमलेश कुमार सिंह, महामंत्री शिवकुमार राणा, पूर्व विधायक प्रतिनिधि निरंजन सिंह सहित ब्रह्मदेव यादव, सुंदर सिंह, पिंटू सिंह, सुधीर राय, सतीश सिंह, रतन शर्मा, रामाधीन सिंह, सीताराम दांगी, ज्ञानी यादव, योगेश्वर साव, प्रकाश दास समेत बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे। पूजन के उपरांत पूर्व विधायक समेत कार्यकताओं ने मंदिर परिसर में आशीर्वाद प्राप्त किया और धार्मिक अनुष्ठानों में भाग लिया। मंदिर परिसर में पूरे दिन भक्ति भाव का माहौल बना रहा और श्रद्धालुओं की भीड़ से क्षेत्र का धार्मिक वातावरण और भी पवित्र एवं उत्साहपूर्ण हो गया।

## अवैध बालू ढुलाई करते दो ट्रैक्टर पकड़ाया




**लोहरदगा।** लोहरदगा के विभिन्न नदी एवं बालू घाटों से अवैध बालू का उठाव लगातार जारी है। बालू के लगातार अवैध खनन से नदियों के अस्तित्व पर खतरा मंडराने लगा है। वही शहर के मुख्य सड़क, गली एवं चौराहे पर रहने वाले लोगों की रात का नींद गायब हो गया है। जिसकी शिकायत जिला खनन पदाधिकारी राजाराम प्रसाद को मिली। जिसके बाद जिला खनन पदाधिकारी द्वारा तत्काल एक टीम का गठन कर छापेमारी अभियान चलाया गया। डीएमओ राजाराम प्रसाद ने बताया कि टीम द्वारा अवैध बालू ढुलाई करते लोहरदगा निवासी अख्तर अंसारी एवं भक्सों निवासी उदय साहू का ट्रैक्टर को जब्त कर लिया। जब्त करने के बाद स्वराज एवं सोनालिका कंपनी के दोनों ट्रैक्टर को लोहरदगा थाना को सपुर्द कर दिया गया है। उन्होंने बताया खनन एक्ट के तहत ट्रैक्टर, ड्राइवर एवं मालिक के ऊपर कड़ी कारवाई किया जाएगा। उन्होने कहा अवैध बालू खनन के खिलाफ लगातार छापेमारी अभियान जारी रहेगा।

# शिव की नगरी है भंडरा का कसपुर, खेत-खलिहानों व पहाड़ों में बिखरे हैं शिवलिंग

कुलदीप कच्छप

**भंडरा (लोहरदगा)।** झारखंड के दक्षिणी छोटानागपुर क्षेत्र की धरती प्राचीन काल से ही तपोभूमि रही है। साधु-संतों, ऋषियों और योगियों ने इस क्षेत्र को साधना के लिए उपयुक्त मानते हुए यहां शिव और शक्ति की उपासना की। खासकर लोहरदगा जिला अंतर्गत भंडरा प्रखंड का कसपुर गांव, शिव साधना का एक अद्भुत और ऐतिहासिक केंद्र रहा है, जिसे "शिव की नगरी" कहा जाता है। इस क्षेत्र की विशेषता यह है कि यहां शिवलिंग केवल मंदिरों में नहीं, बल्कि खेतों, खलिहानों, पहाड़ों और यहां तक कि जुताई के समय मिट्टी के भीतर भी मिलते हैं। स्थानीय जनमान्यता है कि यहां कण-कण में भगवान शिव का वास है।

स्थानीय ग्रामीणों और इतिहास प्रेमियों की मांग है कि सरकार और पुरातत्व विभाग इस क्षेत्र के संरक्षण और विकास की दिशा में गंभीर प्रयास करें। यहां धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने से स्थानीय अर्थव्यवस्था को भी बल मिलेगा और साथ ही आने वाली पीढ़ियों को अपनी सांस्कृतिक विरासत से जुड़ने का अवसर मिलेगा।



### कौशल्या नगरी व पुरातात्विक महत्व

इतिहासकार यह भी बताते हैं कि यह क्षेत्र भगवान राम की माता माता कौशल्या के राज्य की राजधानी रहा है। कसपुर में आज भी पुराने किले के अवशेष, प्राचीन बर्तन और सिक्के खेतों की खुदाई में मिलते हैं। इससे यह स्पष्ट होता है कि यह स्थान न केवल धार्मिक दृष्टिकोण से, बल्कि पुरातात्विक और सांस्कृतिक रूप से भी अत्यंत महत्वपूर्ण है।

### कण-कण में शिव, हर कोने में साधना

भंडरा प्रखंड के कसपुर, बेलडिप्पा, कारूमठ, अखिलेश्वर धाम, चट्टी महादानी जैसे क्षेत्रों में आज भी प्राचीन शिवलिंग खुले में बिखरे हुए देखे जा सकते हैं। कई शिवलिंग खेतों की जुताई के दौरान स्वयंभू रूप में बाहर आते हैं।

### इतिहास व अध्यात्म का संगम

इतिहासकारों के अनुसार, इस क्षेत्र में पाए गए शिवलिंग छठी से लेकर 14वीं शताब्दी तक के हैं। साथ ही यहाँ शिव के अतिरिक्त विष्णु के अवतार हिरण्यकश्यप की पत्थर पर उकेरी गई प्रतिमा भी देखी गई है, जो क्षेत्र के ऐतिहासिक गौरव को दर्शाता है। भंडरा के अखिलेश्वर धाम का तीन फीट लंबा नीले रंग का शिवलिंग, अपने स्वरूप में अद्वितीय है। यह शिवलिंग पहाड़ की तलहटी में स्थित है और इसके आसपास दो पहाड़ों के बीच बना तालाब श्रद्धालुओं को आध्यात्मिक शांति प्रदान करता है।

### सावन माह के पहले दिन शिवालयों में उमड़ी भीड़



**भंडरा।** प्रखंड के ऐतिहासिक अखिलेश्वर धाम सहित ग्रामीण क्षेत्र के शिवालयों में शुक्रवार को पवित्र सावन माह के पहले दिन भक्तों का भीड़ देखा गया। अखिलेश्वर धाम में शिव भक्ति अहले सुबह से ही भगवान भोलेनाथ व माता पार्वती की पूजा-अर्चना करने को लेकर पहुंच गए थे। भक्तों के बोल बम व हर हर महादेव के उद्घोष से पूरा अखिलेश्वर धाम परिसर भगवान के जयकारे से गूंजमय रहा। शिव भक्त पूरे विधिवत तरीके से दूध, बेलपत्र व जलाभिषेक कर सुख समृद्धि को लेकर प्रार्थना किया। मंदिर के पुजारी भजन पांडा ने कहा कि पवित्र सावन माह के पहले दिन सैकड़ों की संख्या में शिव भक्त कतार में रहकर विधिवत पूजा अर्चना किया। भीड़ को देखते हुए भक्त कतार बद्ध होकर पूजा करते नजर आएं। उन्होंने कहा कि अखिलेश्वर धाम शिव मंदिर में सच्चे श्रद्धाभाव से मांगी गई हर मनोकामना भगवान भोलेनाथ पूर्ण करते है। यहां झारखंड राज्य सहित छत्तीसगढ़ से भी भक्त पहुंचते है। भक्तों की मुराद पूरी होने पर घंटा लगाने की भी प्रथा है।


## OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER
### Road Construction Department, Road Division, Daltonganj

**e-Procurement Notice**

e-Tender Ref No-4/RCD/Daltonganj/2025-26/617 Dated:- 10.07.2025

| | | |
|---|---|---|
| 1. | Name of Work | Ordinary Repair Work of North Koel Semra Mines Link Road (Working Length-1.00 to 2.75 Km) for the year 2025-26. |
| 2. | Estimated Cost | Rs. 2,00,00,000.00 (Rupees Two Crore) Only. |
| 3. | Bid Security (Amount) | Rs. 4,00,000.00 (Rupees Four Lac) Only. |
| 4. | Time of Completion | 03 Months |
| 5. | Date of Publication of Tender on Website | 21.07.2025, 10:30 AM |
| 6. | Last Date/Time of Online Bid Submission | 12.08.2025, 12:00 Noon |
| 7. | Date and Time of Bid opening | 13.08.2025, 12:30 PM |
| 8. | Bid (Tender Fee & EMD) Submission Address | Cost of bidding document (for a non refundable fee) & Bid security as indicated shall be payable online through http://jharkhandtenders.gov.in |
| 9. | Name & address of officer Inviting tender | Executive Engineer, R.CD., Road Division, Daltonganj. 06562–225019 |
| 10. | E-mail Id | eercdmedini-jhr@nic.in |
| 11. | Helpline number of e Procurement cell | 0651-2401010 |

**Note : Estimated amount may vary.**
For further details can be seen on website http://jharkhandtenders.gov. in.

Executive Engineer
Road Construction Department
Road Division, Daltonganj.

PR.NO.357089 Road(25-26):D


# हिंदू फ्रंट ने उपायुक्त को जनसंख्या नियंत्रण कानून लागू करने को लेकर ज्ञापन सौंपा

नवीन मेल संवाददाता



**लोहरदगा।** राष्ट्रीय हिंदू फ्रंट के द्वारा शुक्रवार को उपायुक्त कार्यालय परिसर में जनसंख्या नियंत्रण कानून लागू करने की मांग को लेकर एक ज्ञापन सौंपा गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता संगठन के जिला अध्यक्ष प्रो. शिवदयाल साहू ने की। ज्ञापन में उल्लेख किया गया कि भारत ने स्वतंत्रता प्राप्ति के 78 वर्षों में हर क्षेत्र में अभूतपूर्व प्रगति की है, लेकिन अनियंत्रित जनसंख्या वृद्धि इसके समक्ष सबसे बड़ी चुनौती बन गई है। 1952 में विश्व में सबसे पहले परिवार नियोजन कार्यक्रम की शुरुआत करने वाला भारत आज 146 करोड़ से अधिक आबादी के साथ एक गंभीर संकट का सामना कर रहा है। देश केवल 2.4% भू-भाग पर विश्व की 17.8% जनसंख्या का बोझ वहन कर रहा है, जिससे सामाजिक, आर्थिक एवं पर्यावरणीय समस्याएं विकराल होती जा रही हैं। ज्ञापन में चेताया गया कि यदि समय रहते जनसंख्या नियंत्रण के लिए ठोस कानून नहीं लाया गया, तो देश में गृहयुद्ध जैसे हालात उत्पन्न हो सकते हैं। जनसंख्या समाधान फाउंडेशन एवं राष्ट्रीय हिंदू फ्रंट पिछले 12 वर्षों से इस मुद्दे को लेकर देश भर में सभाएं, रैलियां, ज्ञापन, पदयात्राएं और रथयात्राएं आयोजित कर जनजागरण का कार्य कर रहा है। भारत सरकार शीघ्र ही जनसंख्या नियंत्रण कानून लागू करे और इस दिशा में राष्ट्रीय स्तर पर जनचेतना बढ़ाने का अभियान चलाए। ज्ञापन सौंपने के दौरान चंदन गोयल, पवन तिग्गा, आकाश वर्मा, विजय चंद्रशेखर, प्रमोद प्रजापति और सचिन कुमार साहू समेत कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## परिवार स्वास्थ्य मेला का उद्घाटन, परिवार नियोजन के उपायों की दी जा रही जानकारी

**कुड़ू।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कुड़ू में शुक्रवार को परिवार स्वास्थ्य मेला का शुभारंभ प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. सुलामी होरो द्वारा फीता काटकर किया गया। यह मेला आगामी 26 जुलाई तक चलेगा। इस अवसर पर डॉ. श्रीमती होरो ने कहा कि परिवार स्वास्थ्य मेला का उद्देश्य लोगों को जनसंख्या नियंत्रण और सुरक्षित परिवार नियोजन के तरीकों के प्रति जागरूक करना है। इस दौरान महिला बंध्याकरण, पुरुष नसबंदी, आईयूडी, पीपीआईयूसीडी, अंतरा, छाया सहित परिवार नियोजन से संबंधित अन्य साधनों का निःशुल्क वितरण किया जाएगा। इसके साथ ही परिवार नियोजन के महत्व, उपायों और लाभ की जानकारी लोगों को दी जाएगी। उंन्होने आम लोगों से अधिक से अधिक संख्या में आकर इसका लाभ लेने की अपील की।


## कार्यालय जिला ग्रामीण विकास शाखा, गढ़वा

**प्रेस विज्ञप्ति**

मनरेगा अंतर्गत क्रियान्वित योजनाओं में जे.सी.बी. मशीन से कार्य कराना पूर्णतः वर्जित है एवं मनरेगा मार्गदर्शिका में निहित प्रावधानों का उल्लंघन है। गढ़वा जिला अंतर्गत सभी जे.सी.बी. मालिक को सूचित किया जाता है कि किसी भी परिस्थिति में अपना जे.सी.बी. मशीन का प्रयोग मनरेगा अंतर्गत क्रियान्वित योजनाओं में नहीं करेंगे। यदि कोई भी जे.सी.बी. मशीन मनरेगा योजना में कार्यरत पाया जाता है तो संबधित जे.सी.बी. मशीन एवं मालिक पर प्राथमिकी दर्ज कराते हुए अग्रेतर कार्रवाई की जाएगी।

उपायुक्त–सह–
जिला कार्यक्रम समन्वयक, गढ़वा

PR 357044 Rural Development(25-26)#D


## अज्ञात वाहन की चपेट में आने से मिस्त्री व एक युवक घायल

**सेन्हा-लोहरदगा।** सड़क दुर्घटना में मिस्त्री और एक युवक गम्भीर रूप से घायल हो गए। दोनों घायलों को स्थानीय लोग और राहगीरों द्वारा निजी वाहन से इलाज के लिये सदर अस्पताल लोहरदगा भेजा गया। वही घटना की सूचना मिलने पर घटना स्थल पहुंच सेन्हा पुलिस ने घटना का जायजा लिया। विदित हो कि सेन्हा थाना क्षेत्र के बक्सीडीपा में अज्ञात वाहन के चपेट में आने से मोटरसाइकिल जे एच 05 एक्स 1889 पर सवार युवक एवं वाहन मिस्त्री गम्भीर रूप से घायल हो गए। दोनों घायलों को निजी वाहन टोटो से सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां चिकित्सकों के निगरानी में दोनों का इलाज किया जा रहा है। वही एक घायल युवक की पहचान मुर्की निवासी बिशु उराँव का पुत्र सिकेन्द्र उराँव तथा दूसरा युवक का पहचान वाहन मिस्त्री के रूप में किया गया।जानकारी के अनुसार बताया जाता है। वाहन मिस्त्री खराब गाड़ी को बना रहा था। और सिकेन्द्र उराँव खड़ा था। उसी दौरान अज्ञात वाहन का चालक के लापरवाही से दोनों को टक्कर मार दिया जिसे दोनों युवक घायल हो गये।पर्यक्षदर्शियों द्वारा बताया जाता है। की सिकेन्द्र उरांव को हाथ पैर और चेहरा में चोट लगी है। तथा वाहन मिस्त्री को भी चोट लगी है।और एक पैर टूट गया है।

## दोषी इमरान को 20 साल कारावास व अर्थ दंड की सजा

**लोहरदगा।** ट्रैफिकिंग एवं पोक्सो एक्ट के तहत सुनवाई करते हुए जिला एवं प्रधान सत्र न्यायाधीश राजकमल मिश्रा की अदालत ने शुक्रवार को आरोपी इमरान अंसारी को दोषी ठहराते हुए 20 साल कारावास और 25 हजार रुपए का अर्थ दंड लगाने का सजा सुनाया है। ह्यूमन ट्रैफिकिंग के तहत दोषी ठहराते हुए 10 वर्ष अतिरिक्त सजा का भी फैसला सुनाया गया है। मामला 2019 का है। जबकि, नाबालिक पीड़िता के पिता ने एसटीएससी थाना में कांड संख्या 28/2022 दर्ज कराया था। मामले में नाबालिक युवती का अपहरण का मामला दर्ज किया गया। इसमें मांडर मुड़मा निवासी रफीक अंसारी के पुत्र इमरान अंसारी को नामजद आरोपी बनाया गया। बताया गया कि, नाबालिक लोहरदगा स्थित अपने बड़ी बहन के घर मेहमान के रूप में आई थी। इस दौरान सलवार सूट सिलवाने के लिए जब बाजार जा रही थी। तब ईद बाजार के गहमा गहमी के बीच रास्ते से आरोपी इमरान अंसारी बलपूर्वक नाबालिक युवती का अपहरण कर लिया। अपहरण के बाद इमरान अंसारी लगातार नाबालिक का यौन शोषण करता रहा।




## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
### ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, लातेहार

Email- rdsd.latehar@rediffmail.com

**निविदा रद्द करने संबंधी सूचना**

इस कार्यालय द्वारा आमंत्रित अल्पकालिन ई निविदा सं0. EE/RDSD/LATEHAR/14/2025-26 जिसका PR NO- 356300 Rural Development(25-26)_D दिनांक–03/07/2025 को प्रकाशित हुई थी। इस निविदा को अपरिहार्य कारणों से रद्द किया जाता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, लातेहार

PR 357042 Rural Development(25-26)#D



## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
### ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, चतरा

**ई-अतिअल्पकालीन पुनर्निविदा आमंत्रण सूचना**

ई–अतिअल्पकालीन पुनर्निविदा संख्या– 24/RI/2025-26/RWD/CHATRA दिनांक– 10.07.2025

कार्यपालक अभियन्ता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, चतरा द्वारा जिला खनिज फाउण्डेशन ट्रस्ट (DMFT) मद अन्तर्गत् निम्न विवरण के अनुसार e-procurement पद्धति से निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र॰ सं॰ | आईडेन्टिफिकेशन संख्या / पैकेज संख्या | प्रखण्ड | ग्राम / पंचायत | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रूपये में) अंक में | प्राक्कलित राशि (रूपये में) अक्षर में | कार्य समाप्ति की अवधि | कॉल सं॰ |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | RWD/ CHATRA/152/ 2024-25 | टण्डवा | किचटो | ग्राम होसीर में चांदो महतो के घर से गवाट स्थल तक गार्डवाल एवं PCC पथ निर्माण | 4381000.00 | तैंतालीस लाख इक्यासी हजार मात्र | 03 माह | द्वितीय |
| 2 | RWD/ CHATRA/153/ 2024-25 | टण्डवा | किचटो | होसीर मेन रोड से टोली हसनातु तक पथ निर्माण | 6661500.00 | छियासठ लाख इकसठ हजार पाँच सौ मात्र | 06 माह | द्वितीय |

2. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि :– 14.07.2025
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :– 21.07.2025 अपराह्न 5.00 बजे तक।
4. ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– 23.07.2025 अपराह्न 3.30 बजे।
5. ई–निविदा आमंत्रित करनेवाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियन्ता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, चतरा, द्वितीय तल, विकास भवन, चतरा।
6. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष संख्या :– 06541-296208
   विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण कार्य विभाग,
कार्य प्रमण्डल, चतरा

PR 357083 Rural Work Department (25-26)_D



## Office of the Executive Engineer
### Road Construction Department, Road Division, Garhwa

**e-Procurement Notice**

Tender Reference No. : RCD/GARHWA/761/2025-26
Date:-11.07.2025

| | | |
|---|---|---|
| 1. | Name of the work | Special repair work of Bhandariya (Marda More)-Madgadi Road(L-15.548 km) for the year of 2025-26 under R.C.D., Road Division, Garhwa |
| 2. | Estimated Cost (Rs.) | Rs. 1,00,00,000.00 (One Crore) only. |
| 3. | Bid Security (Amount) | Rs. 2,00,000.00 (Two Lacs Only) |
| 4. | Time of Completion | 03 Months. |
| 5. | Date of Publication of Tender on website | 18.08.2025 from 10.30 A.M. |
| 6. | Last date/Time for receipt of bids | 08.09.2025 Up to 12.00 Noon |
| 7. | Name & address of office Inviting tender | Executive Engineer, RCD, Road Division, Garhwa |
| 8. | Contact no. of Procurement officer | 06561-295161 |
| 9. | Helpline number of e-Procurement cell | 0651-2401010 |

Note :-
(1) The Bid Amount & Bid security Amount may decrease or increase.
(2) Contractor registered under R.C.D Jharkhand and also registered in **UCAN PORTEL** can only participate in this tender.
***Further details can be seen on website*** http://jharkhandtenders.gov.in

Executive Engineer,
Road Construction Department,
Road Division, Garhwa

PR 357095 Road (25-26)_D


# लोहरदगा के प्रांजल अग्रवाल ने राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय मंचों पर लहराया परचम

नवीन मेल संवाददाता



**लोहरदगा।** लोहरदग्गा के महावीर चौक निवासी पंकज कुमार अग्रवाल के 11 वर्षीय प्रतिभाशाली छात्र प्रांजल अग्रवाल ने हाल ही में राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर आयोजित तीन प्रमुख प्रतियोगिताओं में शानदार सफलता प्राप्त कर न सिर्फ गुजरात बल्कि पूरे देश का नाम गौरवान्वित किया है। प्रांजल ने भारत सरकार के डाक विभाग द्वारा आयोजित गुजरात पोस्टल सर्कल की पत्र लेखन प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया। "सागर संरक्षण" विषय पर लिखे गए उनके पत्र को बेहद रचनात्मक और संवेदनशील माना गया। उन्होंने महासागर की ओर से चंद्रमा को एक काल्पनिक पत्र लिखकर जलवायु परिवर्तन, प्लास्टिक प्रदूषण और वैश्विक सहयोग जैसे जटिल मुद्दों को सरल और मार्मिक ढंग से प्रस्तुत किया।

उनकी एक पंक्ति - "हे सुंदर चंद्रमा, क्या मनुष्य अब भी तुम्हारी रोशनी से मोहित होते हैं? क्या वे जानते हैं कि मेरा भविष्य उनके हाथों में है?" — विशेष रूप से निर्णायकों को प्रभावित कर गई। इसके अलावा, प्रांजल ने यूसी बर्कले द्वारा आयोजित बर्कले मिनी मैथ टूर्नामेंट 2025 में व्यक्तिगत स्तर पर दसवां स्थान प्राप्त किया। यह प्रतियोगिता विश्व की सबसे प्रतिष्ठित छात्र संचालित गणित प्रतियोगिताओं में से एक मानी जाती है, जिसमें इस वर्ष 2000 से अधिक प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। इसी क्रम में, प्रांजल ने भारतीय सांख्यिकी संस्थान, बेंगलुरु द्वारा आयोजित लिमिट गणित प्रतियोगिता में सोलहवां स्थान हासिल कर अपनी गणितीय प्रतिभा का लोहा मनवाया।

## शत-प्रतिशत परिणाम देने वाले आचार्यों का सम्मान

**लोहरदगा।** मनोहर लाल अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज, लोहरदगा में आचार्य सम्मान समारोह का आयोजन बड़े ही गरिमामय वातावरण में किया गया। यह समारोह कॉलेज की उन आचार्या दीदी जी के सम्मान में आयोजित किया गया जिन्होंने जैक बोर्ड की कक्षा 12वीं कला और विज्ञान संकाय में अपने विषय में शत-प्रतिशत परिणाम देकर महाविद्यालय का नाम गौरवान्वित किया है। समारोह में प्राचार्य श्री बिपिन कुमार दास जी ने सभी आचार्य, दीदी जी को प्रशस्ति पत्र एवं उपहार भेंटकर सम्मानित किया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा, "विद्यार्थियों का सबसे अच्छा मित्र पुस्तक होता है, यदि विद्यार्थी अच्छे परिणाम की अपेक्षा रखते हैं, तो उन्हें स्वाध्याय पर विशेष ध्यान देना चाहिए।"


## JHARKHAND BIJLI VITRAN NIGAM LIMITED
### (CIN : U40108JH2013SGC001702), Electric Supply Circle, Garhwa
E-mail: esegarhwa@yahoo.in

**Tender Notice**

Sealed Tender in two Part (Part – I Technical and commercial and Part – II Price part) subscribed on sealed envelope with Lah are invited from the reputed tenderers having good experience of following same type of civil works and having sound financial status.

| Sl. No | NIT No. | Name of the works | Estimated cost in (Rs.) | Time for completion (Day) | Earnest money to be deposited in (Rs.) | Cost of BOQ (Non-Refundable in (Rs.) | Late date and time for submission of tender | Date and time for opening of Tender |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 98/PR/ JBVNL/ 2025-26 | Construction of common toilet at 33/11 KV P/S/S Dhurki under Electric Supply Circle, Garhwa. | 719600.00 | 04 Month | 14400.00 | 1475.00 (Including GST) | 02 /08 /2025 upto 03:00 PM | 02/08/2025 at 03:30 PM |

The tender documents can be purchased from the office of the undersigned from any working day till one day before the date of submission of tender in office working hours after depositing cost of B.O.Q. (Non-refundable) with Manager (F&A), Electric Supply Circle, Garhwa in shape of Bank draft.

स्वहित एवं राष्ट्रहित में ऊर्जा बचावें। कृपया अपनी शिकयतों को 18003456570(कॉल सेन्टर) पर दर्ज करायें।

Sd/-
Electrical Superintending Engineer
ELECTRIC SUPPLY CIRCLE, GARHWA

PR 357103 Jharkhand Bijlee Vitran Nigam Ltd(25-26)#D



## उपायुक्त–सह– जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय, लोहरदगा
### (आपूर्त्ति शाखा)

**नोटिस**

सर्वसाधरण को सूचित किया जाता है कि लोहरदगा जिले में **NFSA** एवं **JSFSS** योजनान्तर्गत आच्छादित निम्न राशन कार्ड लाभुकों द्वारा विगत 06 माह, 12 माह, 03 वर्ष एवं 5 वर्ष से अधिक अवधि से खाद्यान्न इत्यादि का उठाव नहीं किया जा रहा है और ना ही **e-KYC** किया जा रहा है, जिसकी विवरणी निम्नवत् है :–

Block Wise Ration Card NotLifted
District :- LOHARDAGA

| Sl No | Block Name | RationCard NotLifted Count (6 Months) (Created 9 months before) | RationCard NotLifted Count (12 Months) (Created 15 months before) | RationCard NotLifted Count (3 Years) (Created 3 Years 3 months before) | RationCard NotLifted Count (5 Years) (Created 5 Years 3 months before) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Bhandra | 788 | 533 | 336 | 277 |
| 2 | Kairo | 450 | 316 | 212 | 159 |
| 3 | Kisko | 627 | 489 | 349 | 312 |
| 4 | Kuru | 858 | 593 | 388 | 329 |
| 5 | Lohardaga | 751 | 596 | 379 | 291 |
| 6 | Lohardaga (Nagar Parishad) | 634 | 551 | 419 | 362 |
| 7 | Peshrar | 49 | 35 | 21 | 15 |
| 8 | Senha | 1030 | 782 | 601 | 466 |
| | Total | 5187 | 3895 | 2705 | 2211 |

उपरोक्त लाभुकों द्वारा खाद्यान्न उठाव नहीं करने तथा **e-KYC** नहीं करने के कारण राज्य स्तर पर लोहरदगा जिला की स्थिति संतोषप्रद नहीं है।

**" झारखण्ड लक्षित जन वितरण प्रणाली (नियंत्रण) आदेश, 2024"** की कंडिका **6-(X)¼ग)** में उल्लेखित है कि यदि राशन कार्ड धारी द्वारा लगातार छः माह से अधिक अवधि से जन वितरण प्रणाली दुकान से सरकार द्वारा प्रदत किसी भी प्रकार की सामग्री का उठाव नहीं किया गया हो तो जाँचोंपरान्त उनका राशन कार्ड को रद्द कर दिया जाएगा।

उक्त परिप्रेक्ष्य में लोहरदगा जिलान्तर्गत विगत 06 माह, 12 माह, 03 वर्ष एवं 05 वर्ष से अधिक से खाद्यान्न इत्यादि का उठाव नहीं करने वाले उक्त सभी राशन कार्डधारी नोटिस निर्गत के एक सप्ताह के अन्दर अनिवार्य रूप से संबंधित जन वितरण प्रणाली दुकानों के माध्यम से खाद्यान्न का उठाव करते हुए **e-KYC** भी कराना सुनिश्चित करें अन्यथा यह माना जाएगा कि आपको खाद्यान्न उठाव में किसी प्रकार की रूचि नहीं है एवं आप राशन कार्ड की पात्राता नहीं रखते है। तदोपरान्त उक्त लाभुकों का राशन कार्ड रद्द करने की कार्रवाई की जाएगी।

उपायुक्त,
लोहरदगा

PR 357063 (Lohardaga)25-26*D

# न्यूज बॉक्स

## चला वाहन जांच अभियान, लोगों को हेलमेट व सीट बेल्ट लगाने की दिलाई गई शपथ

**चैनपुर।** चैनपुर थाना क्षेत्र के छतरपुर में आज उपायुक्त प्रेरणा दीक्षित और पुलिस अधीक्षक हारिश बिन जमां के आदेशानुसार एक विशेष वाहन जांच अभियान चलाया गया। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य सड़क सुरक्षा के प्रति लोगों को जागरूक करना और यातायात नियमों का पालन सुनिश्चित कराना था।जांच के दौरान, दुपहिया वाहन चालकों को हेलमेट पहनने और चार पहिया वाहन चालकों को सीट बेल्ट लगाने की सख्त हिदायत दी गई। इसके साथ ही, सभी वाहन चालकों को यह भी सुनिश्चित करने को कहा गया कि वे अपने वाहन से संबंधित सभी आवश्यक कागजात जैसे ड्राइविंग लाइसेंस, रजिस्ट्रेशन सर्टिफिकेट, प्रदूषण नियंत्रण प्रमाण पत्र, बीमा आदि हमेशा अपने साथ रखें, ताकि उन्हें किसी भी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े।आज के अभियान में, नियमों का उल्लंघन करने वाले कई वाहन चालकों को शपथ दिलाकर छोड़ा गया। चैनपुर थाना के एएसआई नंदकिशोर कुमार और थाना के जवानों ने लोगों को समझाया कि यह पहली चेतावनी है। उन्हें स्पष्ट रूप से बताया गया कि यदि वे अगली बार बिना हेलमेट या सीट बेल्ट के पकड़े जाते हैं, तो उनका चालान काटा जाएगा और नियमानुसार जुर्माना लगाया जाएगा।इस अभियान का लक्ष्य सड़क दुर्घटनाओं को कम करना और सुरक्षित यात्रा को बढ़ावा देना है। प्रशासन ने सभी नागरिकों से यातायात नियमों का पालन करने और अपनी तथा दूसरों की सुरक्षा सुनिश्चित करने की अपील की है।

## नशामुक्ति अभियान को मिला छात्रों का समर्थन, 500 बच्चों ने लिया संकल्प

**बिशुनपुर।** झारखंड सरकार के महत्वाकांक्षी अभियान "ड्रग्स के कुचक्र तोड़ो, जीवन से नाता जोड़ो" के तहत शुक्रवार को राजकीयकृत मध्य विद्यालय बिशुनपुर में एक प्रेरणादायक कार्यक्रम का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में लगभग 500 छात्र-छात्राओं ने किसी भी प्रकार के मादक पदार्थों का सेवन न करने और दूसरों को भी इससे दूर रखने का संकल्प लिया। यह कार्यक्रम उपायुक्त गुमला के निर्देश पर अंचलाधिकारी शेखर वर्मा और थाना प्रभारी राकेश कुमार सिंह के नेतृत्व में आयोजित हुआ। अंचलाधिकारी ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि नशा न केवल शारीरिक और आर्थिक क्षति पहुंचाता है, बल्कि सामाजिक रिश्तों और भविष्य को भी बर्बाद कर देता है। उन्होंने छात्रों को ऐसी संगति से दूर रहने की सलाह दी जो नशे की ओर ले जाती हो। थाना प्रभारी राकेश कुमार सिंह ने नशे के दुष्प्रभावों की विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि बीड़ी, सिगरेट, तंबाकू और अन्य मादक पदार्थ शरीर को धीरे-धीरे समाप्त कर देते हैं। विद्यालय के प्रधानाध्यापक मणि कुमार सिन्हा ने छात्रों को प्रेरित किया कि वे अपने संकल्प को हमेशा याद रखें और दूसरों के लिए उदाहरण बनें।कार्यक्रम को सफल बनाने में शिक्षकों, स्कूल प्रबंधन और सीआई सुशील कुमार टोप्पो, अमीन प्रकाश कुमार समेत अन्य कर्मियों की अहम भूमिका रही।

## 17 वर्षों से महाविद्यालय शिक्षकों का प्रोन्नति नहीं होने पर शिक्षकों ने किया आक्रोश सभा

**सिसई (गुमला)।** 17 वर्षों से महाविद्यालय शिक्षकों का प्रोन्नति नहीं होने पर शुक्रवार को बैजनाथ जालान महाविद्यालय सिसई के शिक्षकों ने आक्रोश सभा किया। शिक्षकों को संबोधित करते हुए जुटान के संयोजक डॉ कंजीव लोचन ने कहा कि यह क्षोभ व आश्चर्य का विषय है कि शिक्षकों का प्रोन्नति नहीं हो रहा है। विश्वविद्यालय इस पर कोई पहल नहीं कर रही है। और जेपीएससी भी मौन धारण किये हुए है। प्रोन्नति नहीं होने से शिक्षकों का मनोबल गिरता जा रहा है। अब हम मिलकर संघर्ष करेंगे। महाविद्यालय शिक्षक संघ के अध्यक्ष प्रो अरुण कुमार दास ने कहा विपरित परिस्थितियों में काम करने वाले शिक्षक बिना प्रोन्नति के हतोत्साहित हो रहे हैं। सचिव विनीता गुड़िया ने कहा अब हम भी रांची जा कर आन्दोलन में शामिल होंगे।

## घाघरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में विश्व जनसंख्या दिवस का आयोजन

**घाघरा।** घाघरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में आज विश्व जनसंख्या दिवस बड़े ही उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर प्रखंड विकास पदाधिकारी दिनेश कुमार मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बढ़ती जनसंख्या के प्रति लोगों को जागरूक करना और परिवार नियोजन के विभिन्न उपायों के बारे में जानकारी प्रदान करना था। स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी ने जनसंख्या नियंत्रण के महत्व पर प्रकाश डाला और बताया कि कैसे एक छोटा परिवार बेहतर जीवन शैली और बच्चों को अच्छी शिक्षा प्रदान करने में सहायक हो सकता है। बीडीओ दिनेश कुमार ने अपने संबोधन में कहा कि जनसंख्या नियंत्रण केवल सरकारी जिम्मेदारी नहीं है, बल्कि यह हर नागरिक का कर्तव्य है। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे परिवार नियोजन के तरीकों को अपनाएं और स्वस्थ समाज के निर्माण में अपना योगदान दें। इस दौरान स्वास्थ्य कर्मियों ने उपस्थित लोगों को छोटे परिवार के फायदे बताए और विभिन्न गर्भनिरोधक उपायों पर विस्तृत जानकारी दी। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्थानीय लोग और स्वास्थ्य कर्मी मौजूद रहे।

## पारिवारिक हिंसा की शिकार महिला को अस्पताल में भर्ती कराया गया

**चैनपुर।** चैनपुर थाना क्षेत्र के टिनटागर गांव में पारिवारिक हिंसा का एक मामला सामने आया है, जहाँ एक पति ने अपनी पत्नी के साथ मारपीट की। मारपीट के बाद अपनी जान बचाने के लिए महिला रात भर गांव में ही किसी अन्य घर में रुकी।सुबह होते ही महिला ने चैनपुर बीडीओ यादव बैठा को इस घटना की जानकारी दी। बीडीओ ने तत्काल संज्ञान लेते हुए महिला को चैनपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। प्राथमिक उपचार के बाद महिला की गंभीर स्थिति को देखते हुए उसे बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल गुमला रेफर कर दिया गया है।घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय प्रशासन और जनप्रतिनिधि सक्रिय हो गए।सीओ दिनेश कुमार, एसआई विजय उरांव, जिला परिषद सदस्य मेरी लकड़ा, मुखिया प्रियंका असुर और जेएसएलपीएस की दीदियां अस्पताल पहुंचीं और घायल महिला का हालचाल जाना। सभी ने पीड़ित महिला को हर संभव मदद का आश्वासन दिया है।प्रशासन और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने इस मामले में त्वरित कार्रवाई का भरोसा दिलाया है।

## सभी शिक्षकों व आईसीटी इंस्ट्रक्टर को दिया गया तकनीकी शिक्षा का प्रशिक्षण

**सिसई (गुमला)।** सिसई प्रखंड के राजकीयकृत मध्य विद्यालय सिसई एवं राजकीयकृत उत्क्रमित मध्य विद्यालय कुदरा में आईसीटी योजना के तहत एक्स्ट्रा मार्क्स एजुकेशन इंडिया प्राइवेट लिमिटेड द्वारा नवनियुक्त आईसीटी इंस्ट्रक्टर को जॉइनिंग से पूर्व पांच दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया। आईसीटी के मास्टर ट्रेनर करूणा कुमारी,जुही फातमा, मनोवर अंसारी,एवं नितेश कुमार के द्वारा गुमला जिला अंतर्गत फेज वन में 100 से अधिक शिक्षको को शिक्षा में तकनीकी का उपयोग बढ़ाने, छात्रों को डिजिटल कौशल प्रदान करने,शिक्षा में गुणवत्ता को सुधार करने की पांच दिवसीय प्रशिक्षण दी जा चुकी है। उन्होंने कहा कि आईसीटी के माध्यम से छात्रों को डिजिटल कौशल प्रदान करने के लिए सक्षम बनाना है। जिससे कि छात्र नए युग की चुनौतियों के लिए तैयार हो सके। छात्रों के लिए कंप्यूटर का ज्ञान होना बहुत ही आवश्यक है। यदि उन्हें तकनीकी जानकारी नहीं रही तो वे शिक्षा के तकनीकी जानकारी और पढ़ाई में पिछे रह सकते है इसलिए सभी शिक्षक अपने विद्यालय में छात्रों को कंप्यूटर का बेहतर ज्ञान दें। "जी गुरु जी" के माध्यम से ऑनलाइन पाठ्यक्रम की जानकारी दी गई है ताकि छात्र एवं छात्राएं अपने घर पर भी स्मार्टफोन के माध्यम से डिजिटल पढ़ाई कर सकें। उन्हें स्मार्ट बोर्ड के साथ सभी विषयों की भी ज्ञान दें। सभी शिक्षको का कर्तव्य है कि अपने विद्यालय में सक्रिय रूप से छात्रों को शिक्षा प्रदान करें। मौके पर जिला कॉर्डिनेटर आशीष कुमार, एक्स्ट्रा मार्क्स एजुकेशन इंडिया प्राइवेट लिमिटेड,विद्यालय प्रधानाचार्य सुमती कुमारी एवं सजंय कुमार साहु उपस्थित थे।

# सावन शुरू पहले दिन मंदिरों में उमड़ी भक्तों की भीड़, गूंजा हर-हर महादेव

नवीन मेल संवाददाता



**घाघरा।** घाघरा से लगभग दो किलोमीटर दूरी पर प्रसिद्ध देवाकी बाबाधाम मंदिर में सावन के पहले दिन से ही पूजा-अर्चना के लिए भक्तों की भीड़ उमड़ने लगी है। शुक्रवार को घाघरा के प्रसिद्ध देवाकी बाबाधाम मंदिर में बड़ी संख्या में श्रद्धालु की भीड़ उमड़े। सुबह से लेकर से ही हर-हर महादेव का स्वर गूंजता रहा। महिला एवं पुरुष भोलेनाथ को जलाभिषेक के बाद विधिवत पूजा-अर्चना कर रहे है। घाघरा के प्रसिद्ध देवाकी बाबाधाम मंदिर में दिनभर श्रद्धालुओं की भीड़ लगी है।

### उज्जना-बिजना अभियान के तहत एफपीओ सशक्तिकरण पर विशेष बैठक

# महिला उद्यमिता व ब्रांडिंग को मिलेगा प्राथमिकता

नवीन मेल संवाददाता

**गुमला।** उपायुक्त प्रेरणा दीक्षित के निर्देशानुसार जिले में संचालित "उज्जना बिजना अभियान" के तहत एफपीओ (फार्मर प्रोड्यूसर ऑर्गनाइजेशन) को सशक्त बनाने हेतु एक विशेष समन्वय बैठक का आयोजन किया गया। बैठक का उद्देश्य स्थानीय महिला उद्यमियों को प्रोत्साहित करना, सीजनल उत्पादों की ब्रांडिंग को बढ़ावा देना और एफपीओ को मजबूत बाजार तंत्र से जोड़ना रहा। बैठक में जिला योजना पदाधिकारी, जेएसएलपीएस के जिला परियोजना प्रबंधक, जिला उद्यमी समन्वयक, प्रदान संस्था के प्रतिनिधि समेत कई विभागों के अधिकारी एवं कर्मी मौजूद रहे। बैठक में निर्देश दिया गया कि जिले के 23 सक्रिय एफपीओ को उत्पादन आधारित क्लस्टर मॉडल के तहत सीजनल दृष्टिकोण से संचालित किया जाए। इन एफपीओ को बाजार से जोड़ने, विपणन क्षमता बढ़ाने और स्थानीय उत्पादों की ब्रांडिंग पर जोर दिया गया। बिशुनपुर प्रखंड में चिप्सोना आलू के उत्पादन और प्रसंस्करण योजना को प्लानिंग विभाग के सहयोग से क्रियान्वित करने की दिशा में चर्चा की गई। साथ ही, सदर प्रखंड में मॉडल मीट सेंटर हेतु रूम अलॉटमेंट की पुष्टि करते हुए पोल्ट्री यूनिट स्थापना और स्वच्छ जल आपूर्ति व्यवस्था को प्राथमिकता दी गई। लघु वन उत्पाद जैसे लेमन ग्रास, इमली, करौंजी और लाह के वैज्ञानिक संग्रहण, प्रसंस्करण एवं सामूहिक विपणन की संभावनाओं पर भी विमर्श हुआ। संबंधित विभागों को जमीनी स्तर पर ठोस कार्ययोजना प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए। उपायुक्त प्रेरणा दीक्षित ने कहा कि वे स्वयं एफपीओ सदस्यों से फील्ड विजिट के दौरान भेंट कर गतिविधियों की प्रत्यक्ष समीक्षा करेंगी, ताकि गांवों में उद्यमिता को नई दिशा मिले और ग्रामीण अर्थव्यवस्था सशक्त हो सके। यह बैठक जिले में ग्रामीण विकास, महिला सशक्तिकरण और आत्मनिर्भरता की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम के रूप में देखी जा रही है।

## ग्रामीण युवाओं को प्रशिक्षित करने के लिए आरसेटी को अनुभवी राजमिस्त्री प्रशिक्षकों की आवश्यकता, आवेदन आमंत्रित

**गुमला।** ग्रामीण क्षेत्रों में स्वरोजगार को बढ़ावा देने और युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में बैंक ऑफ इंडिया ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान (आरसेटी), गुमला लगातार सक्रिय है। उपायुक्त गुमला के निर्देश पर, संस्थान ने अब अपने प्रशिक्षक पैनल में अनुभवी राजमिस्त्री प्रशिक्षकों को शामिल करने हेतु आवेदन आमंत्रित किए हैं। संस्थान को ऐसे समर्पित प्रशिक्षकों की जरूरत है, जो राजमिस्त्री कार्य में दक्ष हों और ग्रामीण युवाओं को गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण देने का उत्साह व अनुभव रखते हों। चयन हेतु आवश्यक योग्यताएं:- न्यूनतम 5 वर्षों का राजमिस्त्री कार्य या प्रशिक्षण अनुभव, 12वीं पास उम्मीदवार, जिनके पास 5 वर्ष का व्यावहारिक अनुभव हो, आईटीआई/पॉलिटेक्निक से सेवानिवृत्त प्रशिक्षक या प्रशिक्षु, सिविल उपाधि धारक, जिनके पास न्यूनतम 5 वर्ष का अनुभव हो, प्रमाणित प्रशिक्षकों को प्राथमिकता, सेवानिवृत्त सैन्यकर्मी, जिनका अनुभव सिविल निर्माण क्षेत्र में हो, आरसेटी से जुड़ने के लाभ: ग्रामीण युवाओं को स्वावलंबन की राह पर लाने में योगदान।

### सुब्रतो मुखर्जी फुटबॉल टूर्नामेंट का भव्य समापन

# उपायुक्त ने विजेताओं को किया सम्मानित



नवीन मेल संवाददाता

**गुमला।** संत इग्नेसियस विद्यालय परिसर, गुमला में शुक्रवार को दक्षिणी छोटानागपुर प्रमंडल स्तरीय सुब्रतो मुखर्जी फुटबॉल टूर्नामेंट का भव्य समापन समारोह आयोजित किया गया।इस अवसर पर उपायुक्त प्रेरणा दीक्षित मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहीं और उन्होंने विजेता व उपविजेता टीमों को ट्रॉफी एवं मेडल प्रदान कर सम्मानित किया।

**अंडर-15 बालक वर्ग:** विजेता- रांची, उपविजेता- गुमला, बॉय ऑफ द सीरीजः प्रवीण उरांव (गुमला), बेस्ट स्कोररः अंकित उरांव (गुमला), बेस्ट गोलकीपरः सूरज उरांव (रांची)

**अंडर-17 बालक वर्ग:** विजेता- गुमला, उपविजेता- सिमडेगा (3-0 से पराजित), प्लेयर ऑफ द सीरीजः सत्यम महतो (सिमडेगा), बेस्ट स्कोररः मोहित हेंब्रम (गुमला) बेस्ट गोलकीपरः सत्यम मुर्मू (गुमला)।

**अंडर-17 बालिका वर्ग :** विजेता - गुमला, उपविजेता- खूंटी (8-0 की शानदार जीत), प्लेयर ऑफ द सीरीजः नितिर नाग (खूंटी), बेस्ट स्कोरर सबरीना कुमारी (गुमला),बेस्ट गोलकीपरः कशिश बारला (गुमला)।

समारोह में यह घोषणा की गई कि प्रमंडल स्तर की विजेता टीमें अब राज्य स्तरीय सुब्रतो कप फुटबॉल टूर्नामेंट में गुमला का प्रतिनिधित्व करेंगी। इस अवसर पर जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला शिक्षा अधीक्षक, खेल प्रशिक्षकगण, विभिन्न विद्यालयों के शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं छात्र-छात्राएं बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

### उपायुक्त का प्रेरणादायक संदेश

उपायुक्त ने अपने संबोधन में खिलाड़ियों को बधाई देते हुए कहा कि गुमला की टीमों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर जिले को गौरवान्वित किया है। उन्होंने खेल को अनुशासन, संयम और सकारात्मक जीवन शैली का जरिया बताया और युवाओं से नशा मुक्त जीवन का संकल्प लेने की अपील की। उन्होंने कहा कि शिक्षा, खेल, साहित्य, कला और प्रकृति से जुड़ना एक बेहतर इंसान बनने की दिशा में अहम भूमिका निभाता है।

## पांच दिन से लापता युवक का शव कुएं से बरामद

**बिशुनपुर।** बिशुनपुर प्रखंड मुख्यालय निवासी स्वर्गीय करीमल बड़ाईक के 35 वर्षीय पुत्र पवन बड़ाईक का शव शुक्रवार सुबह लगंटा ढोड़हा के पास एक कुएं से बरामद किया गया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल गुमला भेज दिया है। परिजनों के अनुसार, पवन की मानसिक स्थिति पिछले कुछ दिनों से ठीक नहीं थी। वह पांच दिन पहले घर से अचानक लापता हो गया था, जिसके बाद परिजन रिश्तेदारों और आसपास के इलाकों में उसकी तलाश कर रहे थे। शुक्रवार सुबह स्थानीय लोगों ने जब कुएं में शव तैरता देखा, तो तुरंत पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को बाहर निकाला। परिजनों ने शव की पहचान पवन बड़ाईक के रूप में की।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक की मौत, कई घायल

**बिशुनपुर।** थाना क्षेत्र के हाई स्कूल मोड़ के पास शुक्रवार को हुए सड़क हादसे में एक 25 वर्षीय युवक अयान खेरवार की दर्दनाक मौत हो गई, जबकि ऑटो में सवार अन्य यात्रियों को हल्की-फुलकी चोटें आई हैं। घटना सुबह करीब 11 बजे की है जब एक पैसेंजर ऑटो बिशुनपुर से बनारी की ओर जा रहा था।उसी दौरान विपरीत दिशा से आ रहे अज्ञात वाहन ने ऑटो को जोरदार टक्कर मार दी, जिससे ऑटो पलट गया। हादसे में रागें गांव निवासी अयान खेरवार को सिर में गंभीर चोट आई। स्थानीय लोगों की मदद से अयान को तत्काल बिशुनपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया, जहां से प्राथमिक इलाज के बाद गंभीर स्थिति को देखते हुए उसे गुमला सदर अस्पताल रेफर किया गया।

## करंज पुलिस का जागरूकता अभियान, छात्रों को दी गई सामाजिक कुरीतियों व साइबर अपराध की जानकारी

**भरनो (गुमला)।** करंज थाना क्षेत्र के राजकीय उत्क्रमित उच्च विद्यालय, कानारावां में शुक्रवार को थाना प्रभारी आशीष केशरी के नेतृत्व में एक जागरूकता अभियान चलाया गया, जिसमें कक्षा 7वीं से 10वीं तक के छात्र-छात्राओं को सामाजिक कुरीतियों और अपराधों के प्रति जागरूक किया गया। थाना प्रभारी ने विद्यार्थियों को साइबर अपराध, मानव तस्करी, प्रेम-प्रसंग के दुष्परिणाम, नशा, सड़क सुरक्षा, डायन प्रथा जैसी सामाजिक बुराइयों से सचेत रहने की सलाह दी। उन्होंने संबंधित कानूनी प्रावधानों की जानकारी भी साझा की और बताया कि किसी भी आपात स्थिति में डायल 112 तथा साइबर ठगी की स्थिति में 1930 नंबर पर तुरंत संपर्क करें। इस मौके पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक शिवराज भगत, सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों को सजग, जागरूक और जिम्मेदार नागरिक बनाना रहा।

### गुरु पूर्णिमा पर भैया-बहनों ने किया गुरुजनों का सम्मान

# सांस्कृतिक कार्यक्रमों के जरिए गुरु के महत्व को दर्शाया

नवीन मेल संवाददाता



**गुमला।** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, गुमला में गुरु पूर्णिमा उत्सव परंपरागत श्रद्धा, उल्लास और भक्ति भावना के साथ मनाया गया। इस अवसर पर भैया-बहनों ने अपने गुरुजनों के प्रति कृतज्ञता एवं सम्मान प्रकट करते हुए भावपूर्ण गीत, भाषण और चरण वंदन के माध्यम से गुरु की महिमा का गुणगान किया। कार्यक्रम की शुरुआत महर्षि वेदव्यास जी के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन से हुई। इस दौरान प्रबंधन समिति के अध्यक्ष रामकिशोर रजक, उपाध्यक्ष अशोक मुकुल, सचिव विजय बहादुर सिंह, सह सचिव त्रिभुवन शर्मा, कोषाध्यक्ष प्रभात कुमार दास, सदस्य राजेश कुमार एवं प्रधानाचार्य संजीव कुमार सिंहा सहित समस्त गुरुजन उपस्थित रहे। सचिव विजय बहादुर सिंह ने महर्षि वेदव्यास, द्रोणाचार्य एवं वशिष्ठ जैसे ऋषियों का उल्लेख करते हुए भारतीय गुरु परंपरा की गरिमा पर प्रकाश डाला। उपाध्यक्ष अशोक मुकुल ने कहा कि गुरु केवल शिक्षा ही नहीं, जीवन मूल्यों और आदर्शों के मार्गदर्शक भी होते हैं। सह सचिव त्रिभुवन शर्मा ने बच्चों से अपने गुरुजनों के प्रति पूर्ण समर्पण भाव रखने का आह्वान किया। इस मौके पर प्रबंधन समिति की ओर से सभी आचार्य एवं दीदी जी को अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया गया। विद्यालय के विद्यार्थियों ने पुष्प अर्पण, चरण वंदन, गीत एवं भाषण के माध्यम से गुरुजनों को सम्मानित किया। प्रधानाचार्य संजीव कुमार सिंहा ने अपने उद्बोधन में विद्यार्थियों से गुरु दक्षिणा के रूप में अनुशासन, संस्कार, संस्कृति और राष्ट्रीयता की भावना को आत्मसात करने की प्रेरणा दी। विभाग प्रमुख अखिलेश कुमार ने सभी गुरुजनों को शुभकामनाएं दीं।


**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER**
Road Construction Department, Road Division, Daltonganj

e-Procurement Notice

e-Tender Ref No-5/RCD/Daltonganj/2025-26/616 Dated:- 10.07.2025

| | | |
|---|---|---|
| 1. | Name of Work | Ordinary Repair Work of North Koel Semra Mines Link Road (Working Length-2.75 to 4.50 Km) for the year 2025-26. |
| 2. | Estimated Cost | Rs. 2,00,00,000.00 (Rupees Two Crore) Only. |
| 3. | Bid Security (Amount) | Rs. 4,00,000.00 (Rupees Four Lac) Only. |
| 4. | Time of Completion | 03 Months |
| 5. | Date of Publication of Tender on Website | 21.07.2025, 10:30 AM |
| 6. | Last Date/Time of Online Bid Submission | 12.08.2025, 12:00 Noon |
| 7. | Date and Time of Bid opening | 13.08.2025, 12:30 PM |
| 8. | Bid (Tender Fee & EMD) Submission Address | Cost of bidding document (for a non refundable fee) & Bid security as indicated shall be payable online through http://jharkhandtenders.gov.in |
| 9. | Name & address of officer Inviting tender | Executive Engineer, R.CD., Road Division, Daltonganj.06562-225019 |
| 10. | E-mail Id | eercdmedini-jhr@nic.in |
| 11. | Helpline number of e Procurement cell | 0651-2401010 |

**Note : Estimated amount may vary.**
For further details can be seen on website http://jharkhandtenders.gov.in.

Executive Engineer
Road Construction Department
Road Division, Daltonganj

PR 357088 Road (25-26)_D



**Office of the Executive Engineer**
**Road Construction Department,**
**Road Division, Garhwa.**

e-Procurement Notice

Tender Reference No. : RCD/GARHWA/760/2025-26
Date:-11.07.2025

| | | |
|---|---|---|
| 1. | Name of the work | Construction of 610 m RCC Drain and 70 m PCC in Godermana-IB Approach Road for the year of 2025-26 Under RCD Road Division, Garhwa |
| 2. | Estimated Cost (Rs.) | Rs. 70,00,000.00 (Seventy Lac) only. |
| 3. | Bid Security (Amount) | Rs. 1,40,000.00 (One Lacs Forty Thousand Only) |
| 4. | Time of Completion | 03 Months. |
| 5. | Date of Publication of Tender on website | 18.08.2025 from 10.30 A.M. |
| 6. | Last date/Time for receipt of bids | 08.09.2025 Up to 12.00 Noon |
| 7. | Name & address of office Inviting tender | Executive Engineer, RCD, Road Division, Garhwa |
| 8. | Contact no. of Procurement officer | 06561-295161 |
| 9. | Helpline number of e-Procurement cell | 0651-2401010 |

Note :-(1) The Bid Amount & Bid security Amount may decrease or increase.
(2) Contractor registered under R.C.D Jharkhand and also registered in **UCAN PORTEL** can only participate in this tender.
**Further details can be seen on website** http://jharkhandtenders.gov.in

Executive Engineer,
Road Construction Department,
Road Division, Garhwa

PR.NO.357100 Road(25-26):D



**Office of the Executive Engineer**
Road Construction Department,
Road Division, Garhwa

e-Procurement Notice
For National Competitive Bidding
e-Tender Reference No. : RCD/GARHWA/758/2025-26
Date:- 11.07.2025

| | | |
|---|---|---|
| 1. | Name of the work | Widening And Srengthening/ Reconsstruction Of Barwadih-Mandal-Bhandariya Road (Part-II, Ch. 25.00 km. to Ch. 45.00 km.) (Total Length = 20 km) for the year 2025-26 Under R.C.D.Road Division, Garhwa |
| 2a. | Approximate Value of Work | Rs. 82,78,25,396.00 (Rupees Eighty Two crore Seventy Eight Lac Twenty Five thousand Three hundred Ninety Six) only. |
| b. | Bid Security* | Rs. 82,79,000.00 (Rupees Eighty Two Lac Seventy Nine thousand) only. |
| 3. | Time of Completion | 15 (Fifteen) Months. |
| 4. | Date of Publication of Tender on website | 18-07-2025, 10.30 A.M. |
| 5. | Last date/Time for receipt of bids | 06-08-2025, 12.00 Noon |
| 6. | Name & address of office Inviting tender | Executive Engineer, RCD, Road Division, Garhwa Pin Code - 822114 |
| 7. | Contact no. of Procurement officer | 06561-295161 |
| 8. | Helpline number of e-Procurement cell | 0651-2401010 |

Note :- The Bid Amount & Bid security will be decrease or increase.
***Further details can be seen on website*** http://jharkhandtenders.gov.in
UCAN registration is mandatory for the bidders who are already registered in appropriate class with road construction department Govt. of Jharkhand.

Executive Engineer,
Road Construction Department,
Road Division, Garhwa

PR 357098 Road (25-26)_D



**कार्यालयः-जिला परिषद, लातेहार**

पत्रांकः— **सूचना** दिनांकः—

एतत द्वारा आम एवं खास को सूचित किया जाता है कि प्रखण्ड बालूमाथ अन्तर्गत बस पड़ाव बालूमाथ में 11 दूकान का निर्माण कार्य पूर्ण हो गया है जिसे स्थानीय नागरिकों को उपलब्ध कराया जाना है। उक्त दूकान के आवंटन हेतु **दिनांक 24.07.2025 को 03:00 बजे अपराहन्** में अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय प्रकोष्ट में खुली डाक आहूत की गई है। खुली डाक की बोली प्रति दूकान मो0 1000.00 रूपये मासिक किराया से प्रारम्भ की जाएगी, डाक में भाग लेने हेतु इच्छुक व्यक्ति भाग ले सकते है। उच्चतम डाक वक्ता को दूकान आवंटन होने के पश्चात बोली गई अधिकतम राशि को प्रतिमाह दूकान का किराया निर्धारित किया जाएगा, जिसे प्रत्येक माह के 5वीं तारिख तक जमा करना अनिवार्य होगा। डाक सम्पन्न होने के उपरांत प्रत्येक उच्चतम डाकवक्ता को जमानत के रूप में (Security money) मो0 25,000.00 (पच्चीस हजार) रूपये जमा करना होगा।

प्रखण्ड बालूमाथ अन्तर्गत बस पडाव बालूमाथ में जिला परिषद, लातेहार के नियंत्रणाधीन निर्मित दूकान में जिन्हे पूर्व से दूकान आवंटित किया गया है वे उक्त डाक में भाग लेने हेतु योग्य नहीं होंगे।

अतः प्रखण्ड बालूमाथ के इच्छुक स्थानीय नागरिक जो डाक में भाग लेना चाहते है वे डाक में भाग लेने के पूर्व जमानत के रूप में मो0 10000.00 (दस हजार) रूपये का बैंक ड्राफ्ट जो सचिव, जिला परिशद, लातेहार के पदनाम से लातेहार शाखा में भुगतेय होगा। साथ ही कोई एक वैद्य पहचान पत्र दिनांक 22.07.2025 तक कार्यालय अवधि में समर्पित करना सुनिश्चित करें ताकि दिनांक 24.07.2025 को अपराहन् 03:00 बजे खुली डाक में भाग ले सकेंगे।

उप विकास आयुक्त—सह—
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी,
जिला परिषद, लातेहार

PR 357055 Rural Development(25-26)#D

सुप्रभात

विचार प्रवाह

परमात्मा का वास सभी इंसानों में है। लेकिन, सभी इंसानों में परमात्मा का भाव भी हो, ये जरूरी नहीं है। इसलिए व्यक्ति अपने कर्मों की वजह से दुखी है। - **स्वामी रामकृष्ण परमहंस जी**

## संपादकीय

### पुल ढहना अंतरराज्यीय समस्या

गुजरात के वडोदरा जिले में पुल ढहने के हादसे ने एक बार फिर देश में बुनियादी ढांचे की सुरक्षा और रखरखाव की स्थिति पर गंभीर सवाल उठाए हैं। पुल करीब चालीस साल पुराना था और इसे बीते कुछ वर्षों से मरम्मत की सख्त जरूरत थी। मिल रही जानकारियों के अनुसार, करीब तीन साल पहले हुई एक जांच में भी इस पुल को गंभीर रूप से जर्जर पाया गया था और सरकार ने इसकी फौरी मरम्मत भी कराई थी। फिर भी स्थानीय प्रशासन द्वारा समय रहते इसकी जांच और रखरखाव की कोई प्रभावी पहल नहीं की गई। जाहिर है कि यह हादसा, जिसने कई जानें भी निगल लीं, किसी प्राकृतिक आपदा का नतीजा नहीं, बल्कि मानवीय लापरवाही, प्रशासनिक उदासीनता और निर्माण कार्यों में गुणवत्ता के अभाव का दुखद प्रमाण है। जिस समय यह पुल टूटा, उस वक्त लोग इस पर से गुजर रहे थे। गनीमत तो यह रही कि नदी में पानी कम था, अन्यथा स्थिति और भी गंभीर हो सकती थी। दरअसल, यह हादसा महज संरचनात्मक विफलता नहीं है, यह हमारी प्रणाली की उस कमी को उजागर करता है, जो बार-बार ऐसे हादसों को जन्म देती है। गौरतलब है कि 2022 में गुजरात के ही मोरबी में एक केबल सस्पेंशन ब्रिज के ढहने से 130 से अधिक लोगों की मौत हुई थी और बड़ी संख्या में लोग घायल हुए थे। सवाल यह है कि उस हादसे से क्या कोई सबक सीखा गया? ताजा हादसा इस सवाल को और गहरा करता है। विकास हो रहा है, बड़े-बड़े काम भी हो रहे हैं, लेकिन छोटे कामों में जिन बारीकियों की और जिस फॉलो-अप व्यवस्था की जरूरत होती है, उनकी अनदेखी हो रही है, तो इसमें दोष व्यवस्था का ही है। यह केवल गुजरात की समस्या नहीं है, यह पूरे देश के लिए एक चेतावनी है जिसमें झारखंड भी शामिल है। यह हादसा सबक देता है कि पुराने ढांचों की नियमित और गहन जांच जरूरी है। यही नहीं, भ्रष्टाचार और लापरवाही को रोकने के लिए कड़े नियम और उन्हें सख्ती से लागू करने की भी जरूरत है। जांच का आश्वासन तो दिया गया है, लेकिन यह महज औपचारिकता नहीं होनी चाहिए; इसके नतीजों को सार्वजनिक करना और दोषियों को दंड देना भी जरूरी है।

*पुल करीब चालीस साल पुराना था और इसे बीते कुछ वर्षों से मरम्मत की सख्त जरूरत थी।*

हर बार जब कोई पुल ढहता है, या कोई इमारत गिरती है, तो हम जिंदगियों के खोने के साथ लोगों का भरोसा भी खोते हैं। पुल हादसे में जो जिंदगियां खोई हैं, उनको सच्ची श्रद्धांजलि तभी होगी, जब प्रशासन यह सुनिश्चित करे कि भविष्य में ऐसी घटनाएं दोबारा नहीं होंगी। झारखंड में भी इसे गंभीर मुद्दा बनाने की जरूरत है किसके कार्यकाल में घटना हुई यह महत्वपूर्ण नहीं क्योंकि अधिकारी या नेता व्यवस्था को संभालते हैं उसके मालिक नहीं। जब कोई पुल या इमारत गिरती है तो यह सवाल उठता है कि कितने दिन पहले इसका निर्माण हुआ था? अक्सर लोग अंग्रेजों के बनाए पुल या इमारत की चर्चा करते हैं जो सौ वर्षों के बाद भी मजबूती से खड़े हैं। दरअसल आजादी के बाद जब निर्माण कार्य शुरू हुए तो अनेक लोगों ने डरते-डरते कमीशनखोरी शुरू की जो अब पूरी बेशर्मी और दीदादिलेरी से हिस्सेदार की तरह रकम वसूलने की परंपरा बन गई है जिस कारण ऐसे हादसे हो रहे हैं।

# मतदाता सूची में सुधार पर सुप्रीम सहमति सराहनीय




बिहार में मतदाता सूची सुधार पर सुप्रीम कोर्ट की हरी झंडी सिर्फ एक न्यायिक फैसला नहीं, बल्कि लोकतंत्र के मूल्य को पुष्ट करने वाला ऐतिहासिक एवं प्रासंगिक निर्णय है। सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव आयोग को बिहार में मतदाता सूची की समीक्षा के लिए आधार, राशन और वोटर कार्ड को भी मान्यता देने का सुझाव देकर आम लोगों की मुश्किल हल करने की कोशिश की है। इससे प्रक्रिया आसान होगी और आशंकाओं को कम करने में मदद मिलेगी। बेशक, फर्जी नाम मतदाता सूची में नहीं होने चाहिए लेकिन ऐसे अभियानों के दौरान आयोग का जोर ज्यादा से ज्यादा नाम वोटर लिस्ट से निकालने के बजाय, इस पर होना चाहिए कि एक भी नागरिक चुनावी प्रक्रिया में शामिल होने से वंचित न रह जाए। विपक्ष को चाहिए कि वह इस फैसले को राजनीतिक हार न माने, बल्कि इसे एक अवसर माने, जनविश्वास अर्जित करने का, लोकतंत्र में आस्था बढ़ाने का और सबसे जरूरी, राष्ट्रहित को राजनीति से ऊपर रखने का। मतदाता सूची में विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) का कार्य केवल बिहार ही नहीं, देश के अन्य राज्यों में प्राथमिकता के आधार पर प्रारंभ करना चाहिए। भारतीय लोकतंत्र में सुप्रीम कोर्ट का निर्णय सर्वोपरि होता है। चुनाव आयोग यदि चुनाव कराने को तैयार है, और इसकी जुड़ी किन्हीं प्रक्रियाओं में कोई त्रुटि या खामी है तो उसका सुधार करना संविधान सम्मत है, तो फिर इस पर प्रश्नचिन्ह लगाने का अधिकार किसी भी राजनीतिक दल को नहीं होना चाहिए। लेकिन जो प्रश्न जनता के मानस को उद्वेलित करता है, वह यह है कि विपक्ष बार-बार चुनावी प्रक्रियाओं, राष्ट्रीय हितों या सुरक्षा से जुड़े मुद्दों पर भी एकमत होकर विरोध करता है, आखिर क्यों? बिहार में एसआईआर को लेकर जो याचिकाएं और बहसें सामने आईं, उनमें एक प्रमुख तर्क यह था कि समय उपयुक्त नहीं है, सरकार अस्थिर है, या सामाजिक समीकरण तैयार नहीं हैं। लेकिन सुप्रीम कोर्ट ने स्पष्ट किया कि जनता को प्रतिनिधित्व देने का अधिकार सर्वोपरि है। लेकिन त्रुटिपूर्ण या फर्जी मतदाता सूची से चुनाव कराना भी लोकतंत्र का अपमान है। अदालत ने यह भी संकेत दिया कि देर-सवेर नहीं, संवैधानिक कर्तव्य को समय पर निभाना जरूरी है।

अदालत ने एसआईआर पर कोई आदेश नहीं दिया है, लेकिन अपने इरादे की ओर इशारा तो कर ही दिया है। अदालत ने टाइमिंग को लेकर जो सवाल उठाया, वह उचित प्रतीत होता है। बिहार में इसी साल के आखिर तक विधानसभा चुनाव होने हैं। ऐसे में इतनी विस्तृत कवायद के लिए शायद उतना वक्त न मिल पाए, जितना मिलना चाहिए। बिहार में एसआईआर को लेकर जो असमंजस है, उसकी एक वजह निश्चित ही टाइमिंग है। जिनके पास जरूरी डॉक्युमेंट नहीं हैं, वे इतनी जल्दी उनका इंतजाम नहीं कर पाएंगे। हालांकि आयोग ने भरोसा दिलाया है कि किसी भी व्यक्ति को भी अपनी बात रखने का मौका दिए बिना मतदाता सूची से बाहर नहीं किया जाएगा। वैसे बिहार में चुनाव को देखते हुए ही फर्जी मतदाताओं की संख्या बढ़ी या तथाकथित राजनीतिक दलों ने इन फर्जी मतदाताओं को बढ़ाया है। ऐसे में इन फर्जी मतदाताओं पर कार्रवाई अपेक्षित है। यह मामला केवल बिहार तक सीमित नहीं रहना चाहिए। दूसरे राज्यों में मतदाता सूचियों की समीक्षा किस तरह होगी, यह बिहार में अपनाई जाने वाली प्रक्रिया पर निर्भर करेगा। ऐसे में स्वाभाविक ही नजरें इस बात पर टिकी हैं कि सुप्रीम कोर्ट में आखिरकार इस प्रक्रिया का कैसा स्वरूप तय होता है?

भारतीय राजनीति में विपक्ष का कार्य सरकार की नीतियों पर निगरानी रखना है, आलोचना करना है, लेकिन वह आलोचना रचनात्मक होनी चाहिए, राष्ट्र-विरोधी नहीं। आज हम देख रहे हैं कि आर्टिकल 370 हटाना हो, नागरिकता संशोधन अधिनियम-सीएए, राष्ट्रीय नागरिक रजिस्टर-एनआरसी जैसे कानून हों, अग्निपथ योजना हो, या राम मंदिर निर्माण-लगभग हर मुद्दे पर विपक्ष ने एकमत होकर विरोध किया है। चाहे चीन या पाकिस्तान से जुड़ी संवेदनशील मसले हों, या फिर राष्ट्रीय सुरक्षा के निर्णय, विपक्ष अक्सर उन बिंदुओं पर एक सुर में सरकार का विरोध करता है, जबकि ऐसे राष्ट्रीयता के मुद्दों पर विपक्ष को सरकार एवं देश के साथ एकजुटता दिखानी चाहिए। यह संयोग नहीं, एक दूषित राजनीतिक रणनीति बनती जा रही है कि 'जो सरकार करे, उसका विरोध करो', चाहे मुद्दा देशहित का ही क्यों न हो। इन स्थितियों में आम जनता का एक बड़ा सवाल है कि विपक्ष देश के साथ है या सिर्फ सत्ता की भूख के साथ? क्या चुनाव प्रक्रिया पर विरोध करना लोकतंत्र का मज़ाक नहीं है? क्या न्यायपालिका के निर्णयों को चुनौती देना सिर्फ स्वार्थ की राजनीति नहीं? क्या राष्ट्रीय मुद्दों पर सरकार के साथ खड़े होने से विपक्ष की राजनीति कमजोर हो जाएगी? जब विपक्ष सिर्फ विरोध करने के लिए विरोध करता है, तो उसका नैतिक बल कमजोर होता है, और जनता का विश्वास टूटता है। भारतीय राजनीति को अब रचनात्मक विपक्ष की ज़रूरत है, ऐसा विपक्ष जो सत्ता में नहीं है, फिर भी राष्ट्र के लिए सत्ता के साथ खड़ा हो सकता है। जो यह समझ सके कि लोकतंत्र सरकार और विपक्ष दोनों से चलता है, लेकिन राष्ट्र सबसे ऊपर है। बिहार में चुनाव आयोग को सुप्रीम कोर्ट की अनुमति इस बात का प्रतीक है कि संस्थाएं अभी भी न्याय और संवैधानिकता की रक्षा कर रही हैं। लेकिन विपक्ष यदि इस निर्णय पर भी नकारात्मक रवैया अपनाता है, तो यह जनता की आकांक्षाओं, लोकतांत्रिक मूल्यों और विकासशील भारत की दिशा के विरुद्ध होगा। विपक्ष को चाहिए कि वह अपनी राजनीति को जनहित से जोड़े, जनविरोध से नहीं। विपक्ष यदि राष्ट्रहित में सोचने की दिशा में खुद को परिवर्तित नहीं करता, तो वह धीरे-धीरे प्रासंगिकता खो देगा। भारतीय लोकतंत्र की नींव निष्पक्ष, पारदर्शी और समावेशी चुनावों पर टिकी होती है। इसी लोकतांत्रिक प्रक्रिया को मज़बूत बनाने की दिशा में बिहार में चुनाव आयोग द्वारा शुरू किया गया मतदाता सूची सुधार अभियान हाल ही में राष्ट्रीय बहस का केंद्र बना। लेकिन जिस बात ने सबसे अधिक ध्यान खींचा, वह यह है कि इस पूरी कवायद के दौरान विपक्ष एक बार फिर एकजुट होकर इसका विरोध करता नजर आया, भले ही मामला राष्ट्रहित और लोकतंत्र की मजबूती से जुड़ा हो। बिहार में राज्य निर्वाचन आयोग ने वोटर लिस्टों को दुरुस्त करने, फर्जी वोटरों की छंटनी, और नए योग्य मतदाताओं को जोड़ने का जो कार्य प्रारंभ किया, वह एक सामान्य प्रशासनिक कार्य नहीं था, बल्कि एक लोकतांत्रिक शुद्धिकरण था। यह सुधार न केवल चुनावों को पारदर्शी बनाता है, बल्कि नागरिक अधिकारों की रक्षा भी करता है। परन्तु कुछ राजनीतिक दलों ने इस प्रक्रिया पर आपत्ति जताई और इसे जातीय आंकड़ों, राजनीतिक संतुलन और चुनावी गणित से जोड़कर कोर्ट का रुख किया। सुप्रीम कोर्ट ने साफ शब्दों में कहा कि मतदाता सूची का शुद्धिकरण संविधान सम्मत प्रक्रिया है और इसे बाधित नहीं किया जा सकता। अदालत ने चुनाव आयोग की कार्रवाई को न केवल वैध बताया, बल्कि उसे लोकतंत्र के लिए आवश्यक भी बताया। यह फैसला यह भी दर्शाता है कि अब समय आ गया है जब चुनावी ईमानदारी को राजनीतिक शोरगुल और वोट बैंक की राजनीति के शोर में दबाया नहीं जा सकता।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

आज की बात



**ललित गर्ग**

## सरलता से सुशोभित शिव

आदि अनंत अविनाशी शिव की महिमा तो सर्वथा विख्यात है। महादेव की संज्ञा से सुशोभित शिव के जीवन में कितनी सरलता है यह तो अवर्णनीय है। कुबेर को लक्ष्मी के खजांची बनाने वाले शिव साधारण वेषभूषा धारण करते है। कर्पूर की तरह गौर वर्ण शिव शरीर पर भस्म रमाते है। प्रायः यह देखा जाता है कि विवाह में दूल्हा स्वयं को अनेक आभूषणों से सुसज्जित करता है, परंतु शिव जैसे सदैव दृष्टिगोचर होते है वैसे ही वह विवाह में सबके समक्ष प्रत्यक्ष हुए। सत्यम शिवम सुंदरम रूप शिव का कल्याण स्वरूप है। शिव का लिंग स्वरूप ब्रह्मांड का प्रतीक है। शिव को संहार का देवता कहा जाता है, परंतु जब कालकूट विष से पृथ्वी पर संकट आया तो उन्हीं महादेव ने विष को ग्रहण कर सभी को चिंता मुक्त किया। शिव ही तो है जिन्होने विष को ग्रहण कर एक और उपनाम नीलकंठ प्राप्त किया। यह वही शिव है जिन्होने श्री हरि विष्णु के कमल अर्पित करने पर उन्हें सुदर्शन चक्र प्रदान किया, जिसका प्रयोग श्री हरि नारायण सृष्टि के कुशल संचालन में करते है। उमापति महेश्वर शिव सदैव योग एवं ध्यान मुद्रा में ही रहते है। शिव प्रत्येक स्वरूप में अपनी श्रेष्ठता से शोभायमान होते है चाहे वह योगी हो, सन्यासी हो या गृहस्थ। शिव तो ओढर दानी है, अर्थात अनोखे दाता। शिव की सरलता तो उनको अर्पित सामाग्री से ही सिद्ध होती है, जो भी सामग्री सरलता से उपलब्ध हो वही शिव को अर्पित कर दो और भोलेनाथ से मनोवांछित फल प्राप्त कर लो। राजा हो या रंक शिव के लिए तो सभी समान है, मात्र जलधारा अर्पित करने से शिव संतुष्ट हो जाते है। यत्र-तत्र उगने वाला धतूरा, आक शिव को समर्पित किया जाता है। शिव की सरलता तो अतुलनीय है। एक बिल्वपत्र अर्पित करने पर भक्त के तीन जन्मों के पाप हर लेते है। शिव के बारह ज्योर्तिलिंगों का स्मरण करने मात्र से सात जन्मों के पाप क्षय हो जाते है। शिव की प्रतिमा या लिंग स्वरूप के अभाव में पार्थिव शिवलिंग का निर्माण कर पूजन एवं अर्चन करने से भी मनोवांछित फल प्राप्त होता है। इसलिए चन्द्रशेखर, उमापति अत्यंत वंदनीय है। भक्त ने शिव को जो नाम प्रदान किया, वे सहर्ष स्वीकार कर लेते है। ज्योतिर्लिंग में भक्तों की तपस्या से उनकी मनोकामना पूर्ति के लिए आशुतोष सदैव प्रत्यक्ष रूप में विराजमान हो गए। राम नाम की अमृत धारा का रसास्वादन करने वाले शिव रामेश्वर एवं गोपेश्वर महादेव के रूप में भी दर्शन देते है। शिव भक्त का कल्याण तो श्री हरि नारायण भी करते है। रावण की शिव भक्ति का ही परिणाम था कि प्रभु श्री राम के हाथों उसे मुक्ति प्राप्त हुई। श्री हरि विष्णु भी कहते है कि जो शिव की आराधना करता है वह नारायण की कृपा का भी भागी होता है क्योंकि हरि और हर एक दूसरे को आराध्य मानते है।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

आपकी बात



**डॉ. रीना रवि मालपानी**

## सपनों का सादा राजकुमार, जिसने दिलों में घर नहीं, घरों में दिल बसा दिए

12 जुलाई फिल्म अभिनेता राजेंद्र कुमार पुण्यतिथि

राजेंद्र कुमार, जिनकी मुस्कान में सादगी का सागर लहराता था और आंखों में प्रेम व करुणा की अथाह गहराई झलकती थी, हिंदी सिनेमा के उन चमकते सितारों में से थे, जिन्होंने न केवल परदे पर जादू बिखेरा, बल्कि लाखों दिलों में अपनी अमर छाप छोड़ी। 'जुबली कुमार' के नाम से मशहूर इस अभिनेता ने उस युग को जीवंत किया, जब सिनेमा केवल मनोरंजन का माध्यम नहीं, बल्कि भावनाओं का सजीव संसार था। उनकी पुण्यतिथि (12 जुलाई) पर उनकी सिनेमाई यात्रा को याद करना, उन सपनों, संघर्षों और प्रेम को श्रद्धांजलि देना है, जिन्हें उन्होंने अपनी फिल्मों में रंगों और भावों से साकार किया। उनके किरदार हर आम इंसान की कहानी को गूंजते थे—एक बेटा, एक भाई, एक प्रेमी, जो अपने सपनों और कर्तव्यों के बीच जीवन का संगीत रचता था। 20 जुलाई 1929 को अविभाजित भारत के सियालकोट (वर्तमान पाकिस्तान) में जन्मे राजेंद्र कुमार तनेजा का बचपन विभाजन की त्रासदी की आग में तपा। 1947 में भारत-पाकिस्तान बंटवारे के बाद उनका परिवार मुंबई आया, जहां उन्होंने शरणार्थी जीवन की कठिनाइयों के बीच नई राह तलाशी। उनके लिए सिनेमा ग्लैमर की चकाचौंध नहीं, बल्कि एक ऐसा मंच था, जहां मेहनत और प्रतिभा से सपनों को पंख लगाए जा सकते थे। उनकी सिनेमाई यात्रा सहायक निर्देशक के रूप में शुरू हुई, जहां मशहूर निर्देशक ए.आर. करदार के सान्निध्य में उन्होंने सिनेमा की रचनात्मक और तकनीकी बारीकियां आत्मसात कीं। यहीं से अभिनय की दुनिया ने उन्हें अपनी ओर खींचा। 1955 में फिल्म 'वचन' से बतौर नायक उनकी पहली चमक दिखी, मगर 1957 में 'मदर इंडिया' ने उन्हें रातोंरात आकाश का तारा बना दिया। नरगिस के बेटे की भूमिका में उनके संवेदनशील और जीवंत अभिनय ने दर्शकों के दिलों को झकझोर दिया। यह फिल्म ऑस्कर के लिए नामांकित होने वाली पहली भारतीय फिल्म थी, जिसने राजेंद्र कुमार को सिनेमा जगत का चमकता सितारा बना दिया। 1960 का दशक राजेंद्र कुमार का स्वर्णिम युग था, जब उनकी फिल्मों ने न केवल सफलता के नए शिखर छुए, बल्कि हिंदी सिनेमा को भावनाओं का एक ऐसा आकाश दिया, जो आज भी दर्शकों के दिलों में गूंजता है। 'धूल का फूल' (1959), 'गहरा दाग' (1963), 'मेरे महबूब' (1963), 'संगम' (1964), 'आरज़ू' (1965), 'सूरज' (1966), 'आये दिन बहार के' (1966), 'हमराज' (1967) और 'तलाश' (1969) जैसी फिल्मों ने उन्हें 'जुबली कुमार' का ताज पहनाया। उनकी लगातार छह-सात फिल्मों ने सिल्वर जुबली (25 सप्ताह तक सिनेमाघरों में निरंतर प्रदर्शन) का ऐतिहासिक रिकॉर्ड बनाया, जो उस दौर में एक अभूतपूर्व उपलब्धि थी। 'धूल का फूल' में उन्होंने सामाजिक कलंक और मानवीय संवेदनाओं को ऐसी गहराई से उकेरा कि दर्शक भावनाओं के सागर में डूब गए, वहीं 'संगम' में प्रेम त्रिकोण की जटिल भावनाओं को उन्होंने इतनी संजीदगी से जीवंत किया कि हर दृश्य आत्मा को छू गया। 'संगम' में राज कपूर और वैजयंतीमाला के साथ उनकी तिकड़ी ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया, और यह फिल्म न केवल भारत में, बल्कि विदेशों में भी गूंजी, जिसे 1965 में फिल्मफेयर पुरस्कार के लिए नामांकन मिला। राजेंद्र कुमार की अभिनय शैली का जादू उनकी सादगी और स्वाभाविकता में छिपा था। वे नाटकीयता के परे, अपने किरदारों में ऐसी सच्चाई और जीवंतता लाते थे कि दर्शक उनकी हर भावना से गहरे जुड़ जाते थे। उनकी आंखें मानो कहानियां कहती थीं—प्रेम की मासूम चमक, दुख की गहन छाया और करुणा का अथाह समंदर उनमें साफ झलकता था। वैजयंतीमाला, साधना, माला सिन्हा और सायरा बानो जैसी अभिनेत्रियों के साथ उनकी रोमांटिक जोड़ी ने परदे पर जादू बिखेरा। उनके गीत, जैसे 'बहारों फूल बरसाओ, मेरा महबूब आया है' ('सूरज'), 'मेरे महबूब तुझे मेरी मोहब्बत की कसम' ('मेरे महबूब'), 'ये मेला दिलों का' ('हमराज') और 'दुनिया करें सवाल' ('संगम') आज भी उतने ही मधुर और कालजयी हैं।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

अलग बात



**प्रो. आरके जैन**



### फेसबुक वॉल से




### एक्स से




### आज का दोहा

और जोर से बात कर, और अधिक दे सीख।
ढंग अलग होंगे मगर, सभी चाहते भीख।।

**सोमदत्त शर्मा, गाजियाबाद (उ.प्र.)**

### रचना भेजिए

समाचारों के संबंध में शिकायत या इस पेज के लिए आर्टिकल कृप्या भेजें artical.rnmail@gmail.com
कॉल/व्हाट्सएप 8292553444

**संपादक**

## डिप्रेशन का इलाज आत्महत्या नहीं संवाद, सहानुभूति और समय है

डिप्रेशन एक ऐसा भावनात्मक अंधकार है जो बाहर से सामान्य दिखने वाले व्यक्ति के भीतर गहराई से छिपा हो सकता है। यह कोई कमजोरी नहीं, कोई मानसिक असंतुलन या पागलपन नहीं, बल्कि एक जटिल मानसिक स्थिति है जो धीरे-धीरे व्यक्ति की जीवंतता को क्षीण करती है। विपरीत परिस्थितियों से जूझते हुए जब व्यक्ति अपने भीतर की आशा, आत्मबल और जिजीविषा को खो बैठता है, तब वह अवसाद की गिरफ्त में आ जाता है। दुःखद यह है कि ऐसे समय में कुछ लोग जीवन को खत्म कर देने का विकल्प चुनते हैं, जिसे आत्महत्या कहा जाता है। परंतु यह न केवल स्वयं के जीवन का अपूरणीय नुकसान है, बल्कि उसके परिवार, समाज और राष्ट्र के लिए भी गहरी क्षति है।

आत्महत्या कोई समाधान नहीं, बल्कि उस पीड़ा का स्थायी विस्तार है, जिसे थोड़ी समझदारी, थोड़ा संवाद, थोड़ी सहानुभूति और कुछ समय देकर कम किया जा सकता था। डिप्रेशन का इलाज आत्महत्या नहीं, बल्कि जुड़ाव है—एक ऐसा जुड़ाव जिसमें पीड़ित को यह महसूस कराया जाए कि वह अकेला नहीं है। उसे बस यह विश्वास दिलाने की आवश्यकता है कि कोई है जो उसकी सुनेगा, समझेगा और बिना जज किए उसका साथ देगा।

आज जब हम समाज के विभिन्न वर्गों की ओर देखते हैं—चाहे वह विद्यार्थी हो या नौकरीपेशा व्यक्ति, गृहिणी हो या व्यवसायी, पत्रकार, कलाकार हो या किसान—हर जगह से आत्महत्या की खबरें सामने आ रही हैं। इनके पीछे का एक बड़ा कारण डिप्रेशन है, जो अक्सर बिना शोर किए भीतर ही भीतर बढ़ता रहता है। इस स्थिति में सबसे जरूरी है यह स्वीकारना कि डिप्रेशन न तो कोई कलंक है और न ही इसका इलाज कठिन। जैसे हम शरीर की बीमारियों का इलाज डॉक्टर से कराते हैं, वैसे ही मन की व्याधियों के लिए भी मनोचिकित्सक से सहायता लेना एक सामान्य प्रक्रिया होनी चाहिए। डिप्रेशन से ग्रस्त व्यक्ति अक्सर चुप होता है। वह अपनी पीड़ा को शब्द नहीं दे पाता। कभी भय, कभी शर्म, और कभी यह सोचकर कि लोग क्या कहेंगे—वह अपने मन की बात छुपा लेता है। यहीं पर परिवार, मित्रों, शिक्षकों और समाज की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण हो जाती है। यदि किसी के व्यवहार में अचानक परिवर्तन दिखे—जैसे उदासी, आत्मग्लानि, चिड़चिड़ापन या एकांतप्रियता—तो हमें सतर्क हो जाना चाहिए। आलोचना या उपदेश देने के बजाय संवाद करना चाहिए, और उससे यह कहना चाहिए—"मैं तुम्हारे साथ हूँ, तुम अकेले नहीं हो।" डिप्रेशन का सामना कर रहे व्यक्ति को सलाहों की नहीं, सच्ची सहानुभूति की जरूरत होती है। उसे चाहिए एक ऐसा हाथ जो उसके कांपते हाथ को थाम सके, एक ऐसा कंधा जिस पर वह कुछ देर सिर रखकर रो सके, और एक ऐसा मन जो उसकी बात बिना टोके सुन सके। सहानुभूति का अर्थ केवल संवेदना प्रकट करना नहीं, बल्कि यह दिखाना है कि उसकी पीड़ा हमारी भी है। यह एक ऐसा भाव है जो डिप्रेशन के भीतर छिपी निराशा की दीवार को तोड़ सकता है।

यह भी समझना आवश्यक है कि डिप्रेशन से उबरने की प्रक्रिया समय मांगती है। यह कोई जादू नहीं कि दवा खाते ही सब ठीक हो जाए। कभी-कभी इसमें महीनों या वर्षों का समय लगता है। लेकिन यह पूरी तरह ठीक हो सकता है—यदि हम धैर्य रखें, उम्मीद बनाए रखें और एक-दूसरे का साथ न छोड़ें। जीवन की सबसे अंधेरी रात भी किसी भोर की ओर ले जाती है। जो आज असहनीय लगता है, वही कल जीवन का सबसे बड़ा सबक बन सकता है।

समस्या की गहराई से अधिक महत्वपूर्ण है उसका समाधान। और समाधान है—संवाद, सहानुभूति और समय। ये तीनों ही ऐसे शक्तिशाली साधन हैं जो किसी को टूटने से बचा सकते हैं। जो आज किसी के मन को बोझिल कर रहे हैं, वे कारण समय के साथ हल्के पड़ जाते हैं, बशर्ते व्यक्ति उन्हें झेलने का, उनसे बाहर आने का प्रयास करता रहे।

अंततः यही कहना उचित होगा कि आत्महत्या कोई बहादुरी नहीं, बल्कि एक अधूरे प्रयास का अंत है। जीवन कठिन हो सकता है, लेकिन असंभव नहीं। यदि हम एक-दूसरे के प्रति थोड़े संवेदनशील हो जाएं, सुनने और समझने का धैर्य रखें, तो बहुत से जीवन बचाए जा सकते हैं।

चुप न रहिए, बोलिए। शर्मिंदा न होइए, मदद लीजिए। सहानुभूति दिखाइए, उपदेश नहीं दीजिए। क्योंकि जीवन, हर हाल में, मृत्यु से बेहतर विकल्प है। संवाद कीजिए—क्योंकि शब्द कभी-कभी वह कर जाते हैं जो दवा नहीं कर पाती। यही जीवन का संदेश है—चलते रहिए, क्योंकि हर रात के बाद एक नई सुबह होती है। **(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

व्यंग्य की बात



**डा मनमोहन प्रकाश**

स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाई पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. RNI.61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 । प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल', स्थानीय संपादक : राणा अरुण सिंह*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बागान, हरमू रोड, रांची-834001, फोन नं.- 0651-3553943, लोहरदगा कार्यालय : सरस्वती निवास, तेली धर्मशाला के सामने, कृषि मार्केट, लोहरदगा। - फोन : 7903891779, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

# कांवड़ यात्रा



# एंटी ड्रोन और टीथर्ड ड्रोन से हो रही रियल टाइम मॉनिटरिंग

**एजेंसी। लखनऊ**

- डीजीपी मुख्यालय में 24x7 निगरानी के लिए आधुनिक कंट्रोल रूम
- कांवड़ यात्रा और शिव मंदिरों की सुरक्षा की पल-पल की निगरानी

कांवड़ यात्रा को सुरक्षित, सुगम और व्यवस्थित बनाने के लिए सबसे हाईटेक एंटी ड्रोन और टीथर्ड ड्रोन का इस्तेमाल किया जा रहा है। इससे पहले राम मंदिर के उद्घाटन समारोह और महाकुंभ की सुरक्षा व्यवस्था में भी इसी ड्रोन का इस्तेमाल किया गया था। कांवड़ यात्रा को सकुशल संपन्न कराने के लिए मॉडर्न कंट्रोल रूम बनाया गया है, जहां 24 घंटे रियल टाइम मॉनिटरिंग की व्यवस्था है। इतना ही नहीं कांवड़ यात्रा के रूट की जमीन स्तर पर सुरक्षा के लिए एटीएस, आरएएफ और क्यूआरटी जैसे विशेष बलों को तैनात किया गया है। मुख्यमंत्री योगी ने स्वयं इस यात्रा की तैयारियों की लगातार समीक्षा की है और निर्देश दिए थे कि सुरक्षा, चिकित्सा, स्वच्छता, जल व्यवस्था और यातायात प्रबंधन में कोई कमी न रहे। उन्होंने महाकुंभ में किए गए सुरक्षा प्रबंधों को मॉडल मानकर कांवड़ यात्रा मार्गों पर भी उसी प्रकार के इंतजाम करने के निर्देश दिए थे। मुख्य कांवड़ मार्गों और प्रमुख स्थानों पर 29,454 सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। इसके साथ ही 395 हाइटेक ड्रोन और विशेष रूप से एंटी ड्रोन के साथ टीथर्ड ड्रोन की मदद से रियल-टाइम वीडियो फीड लेकर डीजीपी मुख्यालय से सीधे मॉनिटरिंग की जा रही है। ये टीथर्ड ड्रोन लगातार एक स्थान पर स्थिर रहकर भीड़ की निगरानी में सक्षम हैं, जिससे किसी भी प्रकार की आपात स्थिति की त्वरित जानकारी मिल सके। कांवड़ यात्रा और शिव मंदिरों की सुरक्षा व्यवस्था को पुख्ता करने के लिए डीजीपी मुख्यालय में मॉडर्न कंट्रोल रूम बनाया गया है।

## सावन शुरू, काशी में भक्तों की उमड़ी भीड़

**वाराणसी।** शुक्रवार से सावन के महीने की शुरुआत हो चुकी है। हिंदू धर्म में सावन मास का खास महत्व है और हो भी क्यों न, ये विश्व के नाथ बाबा विश्वनाथ का सबसे प्रिय मास जो है। काशी के साथ ही देश भर के मंदिरों में भक्तों की भीड़ जुटनी शुरू हो चुकी है। काशी में भी बाबा का एक ऐसा मंदिर है, जहां बाबा भक्तों के शूल को काटते हैं और दर्शन करने मात्र से कई मनोकामनाएं पूरी हो जाती हैं। यह मंदिर है, शूलटंकेश्वर महादेव का मंदिर। वाराणसी के रोहनिया विधानसभा क्षेत्र में गंगा तट पर स्थित शूलटंकेश्वर महादेव मंदिर आस्था और पौराणिक महत्व के प्रमुख केंद्रों में से एक है। कैंट स्टेशन से लगभग 15 किलोमीटर और अखरी




बाईपास से चार किलोमीटर दूर माधोपुर गांव में यह मंदिर स्थित है। चुनार रोड पर खनांव के पास बना इसका भव्य द्वार श्रद्धालुओं को आकर्षित करता है। सामान्य दिनों में भी यहां भक्तों का आना-जाना लगा रहता है, लेकिन सावन और शिवरात्रि के दौरान भारी भीड़ उमड़ती है। आज से सावन मास शुरू होने के साथ ही इस मंदिर में भक्तों का तांता लगने लगा है।

### संविधान बचाओ रैली में राहुल गांधी ने कहा-

## जल, जंगल, जमीन चुराना चाहती है भाजपा

**एजेंसी। नई दिल्ली**



कांग्रेस नेता राहुल गांधी शुक्रवार को ओडिशा में संविधान बचाओ रैली नामक एक जनसभा में भाग लिया। यह सभा पार्टी द्वारा समर्थन जुटाने और महत्वपूर्ण मुद्दों पर जागरूकता बढ़ाने के प्रयासों का हिस्सा है। इस दौरान राहुल ने भाजपा पर जमकर वार किया। उन्होंने कहा कि ओडिशा सरकार का बस एक ही काम है - राज्य की गरीब जनता के हाथों से ओडिशा की संपत्ति छीनना। पहले बीजद सरकार यही करती थी और अब भाजपा सरकार यही कर रही है। एक तरफ ओडिशा की गरीब जनता, दलित, आदिवासी, पिछड़ा वर्ग, किसान और मजदूर हैं, तो दूसरी तरफ 5-6 अरबपति और भाजपा सरकार है। यह लड़ाई जारी है। ओडिशा की जनता के साथ मिलकर कांग्रेस कार्यकर्ता ही इस लड़ाई को जीत सकते हैं, कोई और नहीं। राहुल ने आगे कहा कि मैं कल बिहार में था। जैसे महाराष्ट्र में चुनाव चोरी की गई, वैसी ही कोशिश बिहार में भी हो रही है। चुनाव चोरी के लिए चुनाव आयोग ने एक नई साज़िश रची है। चुनाव आयोग भाजपा की शाखा की तरह काम कर रहा है, अपना काम नहीं कर रहा। महाराष्ट्र में लोकसभा और विधानसभा चुनावों के बीच एक करोड़ नए मतदाता जुड़े।

# बंगाली बोलने से कोई भी व्यक्ति बांग्लादेशी नहीं हो जाता : टीएमसी

### 444 मजदूरों की हिरासत पर भिड़े बीजेपी और टीएमसी

**एजेंसी। कोलकाता**

ओडिशा सरकार द्वारा 444 संदिग्ध बांग्लादेशी नागरिकों को हिरासत में लेने के कदम ने सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस के साथ तीखा विवाद खड़ा कर दिया है, जिसने दावा किया है कि उनमें से ज्यादातर बंगाली भाषी प्रवासी मज़दूर थे। पिछले कुछ दिनों से सुलग रहा यह मुद्दा कलकत्ता उच्च न्यायालय तक भी पहुंच गया है, जिसने हिरासत में लिए गए लोगों पर ओडिशा सरकार से कड़े सवाल पूछे हैं। यह विवाद तब शुरू हुआ जब ओडिशा सरकार ने अवैध प्रवासियों पर नकेल कसने के लिए एक विशेष अभियान के तहत झारसुगुड़ा ज़िले में 444 लोगों को हिरासत में लिया। सखुफिया जानकारी में ज़िले में बड़ी संख्या में बांग्लादेशी नागरिकों की मौजूदगी का संकेत मिला था। ओडिशा के एक पुलिस अधिकारी ने कहा कि वैध निवास या नागरिकता दस्तावेज उपलब्ध न करा पाने के कारण उन्हें हिरासत में लिया गया, तथा उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि पुलिस किसी समुदाय या क्षेत्र को निशाना नहीं बना रही है। हालांकि, तृणमूल कांग्रेस ने आरोप लगाया है कि हिरासत में लिए गए लोगों में बंगाल के नादिया, मुर्शिदाबाद, मालदा, बीरभूम, पूर्व बर्धमान और दक्षिण 24 परगना जैसे ज़िलों के 200 से ज्यादा प्रवासी मज़दूर शामिल हैं।



#### बांग्लादेशी संदेह में बंगालियों की पहचान पर सवाल

बंगाल में सत्तारूढ़ पार्टी ने आरोप लगाया है कि छापे ख़ास तौर पर उन कॉलोनियों में मारे गए जहां बंगाली भाषी मज़दूर रहते हैं। टीएमसी के राज्यसभा सांसद समीरुल इस्लाम ने ट्वीट करते हुए कहा कि ओडिशा में बंगाली भाषी प्रवासी मज़दूरों पर अत्याचार जारी है... भाजपा सरकार ने हाल ही में बंगाल के ज़िलों के 200 से ज़्यादा प्रवासी मज़दूरों को बांग्लादेशी नागरिक होने के संदेह में हिरासत में लिया। तृणमूल की ओर से इस मामले में सांसद महुआ मोइत्रा रहीं, जिन्होंने सबसे पहले दावा किया कि हिरासत में लिए गए लोगों में उनके निर्वाचन क्षेत्र के 23 कार्यकर्ता भी शामिल हैं। मोइत्रा ने ज़ोर देकर कहा कि नवीन पटनायक के नेतृत्व वाली बीजद सरकार के शासनकाल में ऐसी घटनाएं कभी नहीं हुईं। उन्होंने यह भी चेतावनी दी कि अगर बंगाली पर्यटक राज्य में आना बंद कर देंगे तो ओडिशा की अर्थव्यवस्था को नुकसान होगा।

### बंगाल के लोगों से बोले सुवेंदु अधिकारी

## मुस्लिम बहुल इलाकों में न जाएं

**एजेंसी। कोलकाता**



जम्मू-कश्मीर के सीएम उमर अब्दुल्ला द्वारा पश्चिम बंगाल के लोगों को जम्मू-कश्मीर आने का न्योता दिए जाने पर पश्चिम बंगाल के नेता प्रतिपक्ष और भाजपा नेता शुभेंदु अधिकारी ने एक ऐसा बयान दिया है जिससे सियासत तेज ह गई है। उन्होंने साफ तौर पर कहा कि कोई भी बंगाली कश्मीर नहीं जाएगा। मैं यह पार्टी की मान्यता के आधार पर कह रहा हूं, उन जगहों पर न जाएं जहां मुस्लिम बहुसंख्यक हैं। अगर आप जम्मू-कश्मीर जा रहे हैं तो जम्मू जाएं। हत्या से पहले शरीर के अंगों और सिंदूर की जांच की गई थी। शुभेंदु अधिकारी ने आगे कहा कि हिमाचल प्रदेश जाएं, यह देवभूमि है। उत्तराखंड और ओडिशा जाएं। हमें देश के सभी हिस्सों का दौरा करना चाहिए। मैं बंगाल के लोगों को चेतावनी दे रहा हूं कि वे मुस्लिम बहुल इलाकों में न जाएं। आपकी जान आपकी प्राथमिकता है। अपने जीवन, बच्चों और महिलाओं की रक्षा करें। शुभेंदु अधिकारी अब सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस की ओर से राजनीतिक आलोचना का सामना कर रहे हैं, जिसने उनके बयान को "सांप्रदायिक उकसावे की एक शर्मनाक और सोची-समझी कार्रवाई" करार दिया है। पार्टी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म X पर एक पोस्ट में लिखा कि भाजपा नेता पहलगाम हमले को अंजाम देने वाले आतंकवादियों को ठीक वही दे रहे हैं जो वे चाहते थे। तृणमूल कांग्रेस ने अधिकारी की टिप्पणी को 'सोची-समझी सांप्रदायिक उकसावे' करार दिया। ममता बनर्जी के नेतृत्व वाली पार्टी ने भाजपा नेताओं के हालिया बयानों की ओर इशारा किया, जिनमें भारतीय संविधान की प्रस्तावना से 'धर्मनिरपेक्ष' शब्द हटाने की मांग की गई थी। पोस्ट में आगे कहा गया, "यह वही भाजपा है जो संविधान से 'धर्मनिरपेक्ष' शब्द को हटाना चाहती है। एक लोकतांत्रिक देश में ऐसे बयानों का कोई स्थान नहीं है।

## तेजप्रताप ने महुआ में दिखाई ताकत गाड़ी से आरजेडी का झंडा भी बदला

**एजेंसी। पटना**



राजद से निष्कासित होने के कुछ दिनों बाद, बिहार के पूर्व मंत्री और विधायक तेज प्रताप यादव ने महुआ में एक नए बैनर तले रैली की, जिससे संकेत मिलता है कि वह आगामी विधानसभा चुनाव अकेले लड़ सकते हैं। राजद से अलग होने के बाद अपनी पहली रैली में, तेज प्रताप और उनके समर्थक हरे और सफेद रंग का झंडा लिए हुए दिखाई दिए, जिस पर टीम तेज प्रताप यादव लिखा था। बिहार के इस विलक्षण नेता ने अपनी विशिष्ट हरी टोपी पहन रखी थी, जब वे अपने पूर्व निर्वाचन क्षेत्र महुआ में रोड शो कर रहे थे, जहां उत्साही समर्थकों ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। अपने रोड शो के बाद, तेज प्रताप यादव ने महुआ मेडिकल कॉलेज में निर्माण कार्य का निरीक्षण किया और जनता से बातचीत की। तेज प्रताप यादव ने आरजेडी के झंडा और बैनर का इस्तेमाल नहीं किया। इस दौरे के दौरान तेज प्रताप टीम का झंडा देखा गया। झंडा बदलने के बारे में पूछे जाने पर, यादव ने कहा कि मैं महुआ में मेडिकल कॉलेज देखने आया था। हमने चुनाव के दौरान वादा किया था कि हम मेडिकल कॉलेज देंगे, और अब यह बनकर तैयार है। मैं जो भी वादा करता हूँ, उसे पूरा करता हूँ। चुनाव लड़ने के सवाल पर उन्होंने कहा कि मैं किस क्षेत्र से चुनाव लड़ूँगा, यह जनता की माँग पर निर्भर करेगा। मैं पार्टी के टिकट पर चुनाव लड़ूँगा या नहीं, यह बाद में तय होगा।

## दिल्ली में अवैध रूप से बने आधार कार्ड पर सख्ती उपराज्यपाल ने अधिकारियों को दिए कड़े निर्देश

**एजेंसी। नई दिल्ली**



दिल्ली में अवैध रूप से रहने वाले नागरिकों के पास आधार कार्ड जैसे भारतीय पहचान पत्र होने के मामलों पर उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने बड़ा कदम उठाया है। शुक्रवार को उपराज्यपाल ने दिल्ली के अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए और कहा कि अब आधार नामांकन प्रक्रिया में किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं चलेगी। उपराज्यपाल सचिवालय ने शुक्रवार को दिल्ली के मुख्य सचिव को पत्र लिखा। उन्होंने आधार कार्ड जारी करने के लिए सख्त नियम लागू करने का अनुरोध किया। उपराज्यपाल ने नामांकन प्रक्रिया 'इन-हाउस मॉडल' पर करने को कहा है। साथ ही मुख्य सचिव से 15 जुलाई तक दिल्ली के सभी आधार नामांकन केंद्रों की सूची मांगी है। मुख्य सचिव को भेजे गए पत्र में उपराज्यपाल सचिवालय ने लिखा, "दिल्ली सरकार के रजिस्ट्रारों की जिम्मेदारियों, खासकर फील्ड स्तर पर इंप्लीमेंटेशन, मॉनिटरिंग और वेरिफिकेशन प्रक्रियाओं की दोबारा समीक्षा की जरूरत है। उपराज्यपाल ने निर्देश दिया है कि सभी रजिस्ट्रारों को स्पष्ट रूप से निर्देशित किया जाए कि वो आधार (नामांकन और अद्यतन) विनियम, 2016 के प्रावधानों का सख्ती से पालन करें और दो महीने में इन-हाउस मॉडल

## लखनऊ में नकली कफ सिरप की 5,000 से अधिक बोतलें बरामद

**लखनऊ।** केंद्रीय स्वापक ब्यूरो (सीबीएन) ने लखनऊ में एक मकान से नकली कफ सिरप की 5,300 से अधिक बोतलें बरामद होने के बाद एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि इस सिरप में प्रतिबंधित नशीले पदार्थ का मिश्रण पाया गया है और प्रतिष्ठित दवा कंपनियों के असली उत्पादों जैसा दिखाने के लिए बोतलों पर नकली लेबल लगाया गया है। नारकोटिक्स उपायुक्त प्रवीण बाली ने 'पीटीआई-भाषा' से कहा, "मुखबिर से सूचना मिलने के बाद बृहस्पतिवार को एक मकान पर छापा मारा गया और कफ सिरप की 5,353 बोतलें बरामद की गईं। इस सिरप में 'अल्प्राजोलम' और 'क्लोनाजेपाम' जैसी नशीली दवाएं मिलाई गई थीं।

### सुप्रीम कोर्ट के फैसले पर हो रही राजनीति, कांग्रेस ने कहा-

## 'आधार मेरी पहचान' कहने वाली सरकार ने आधार की ही मान्यता खत्म की

**एजेंसी। नई दिल्ली**

सुप्रीम कोर्ट द्वारा बिहार में मतदाता सूची के एसआईआर को जारी रखने की अनुमति देने पर बिहार में सयासी घमासान जारी है। उच्चतम न्यायालय ने बृहस्पतिवार को निर्वाचन आयोग को बिहार में मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को जारी रखने की अनुमति देते हुए इसे ''संवैधानिक दायित्व'' बताया। न्यायमूर्ति सुधांशु धूलिया और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ ने हालांकि, इस कवायद




के समय पर सवाल उठाया और कहा कि बिहार में एसआईआर के दौरान आधार कार्ड, मतदाता पहचान पत्र और राशन कार्ड पर दस्तावेज के तौर पर विचार किया जा सकता है। सुप्रीम कोर्ट ने बिहार में मतदाता सूची के भारतीय चुनाव आयोग (ईसीआई) के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) पर तीखे सवाल उठाए और चुनाव आयोग से आग्रह किया कि वह चल रहे अभियान के तहत मतदाता गणना के लिए आधार कार्ड, मतदाता पहचान पत्र और राशन कार्ड को वैध दस्तावेजों के रूप में शामिल करने पर विचार करे। अदालत एसआईआर के समय और तरीके को चुनौती देने वाली कई याचिकाओं पर विचार करने के लिए सहमत हो गई है, जिसकी अगली सुनवाई 28 जुलाई को होगी। चुनाव आयोग को अपना जवाब दाखिल करने के लिए 21 जुलाई तक का समय दिया गया है। अभी तक कोई अंतरिम आदेश पारित नहीं किया गया है।

## 'हम हिंदुओं के चौकीदार, कोई कुछ नहीं बिगाड़ सकता'

### नितेश राणे ने राज ठाकरे को फिर दिया चैलेंज

**एजेंसी। मुंबई**



महाराष्ट्र सरकार के मंत्री नितेश राणे ने एक बार फिर बड़ा बयान दिया है। नितेश राणे ने कहा कि महाराष्ट्र में एनडीए सरकार होते हुए हिंदुओं को कोई नहीं डरा सकता है। हम हिंदुओं के चौकीदार हैं। उन्होंने कहा कि हिंदू समाज का कोई कुछ नहीं बिगाड़ सकता है, हम भी यहां खड़े हुए हैं। मंत्री नितेश राणे ने शुक्रवार को मुंबई के बोरीवली में एक परियोजना का भूमिपूजन किया। कार्यक्रम में भाषण के दौरान नितेश राणे ने कहा, "हमारी सरकार रहेगी, तभी देवताओं की रक्षा होगी। मुंबई का डीएनए हिंदू है और अब नगर निगम में सिर्फ भगवा झंडा ही रहेगा।" उन्होंने कहा, "मैं हिंदुओं के वोट से विधायक बना हूं। अगर मैं हिंदुओं की बात नहीं करूंगा तो किसकी करूंगा? मालवणी जाकर देखो, पहले वो 'कुछ दे भाऊ' कहेंगे, फिर वही लोग तुम्हें बाप बनाने की कोशिश करेंगे। ये सांप हैं।" बाद में मीडिया से बात करते हुए नितेश राणे ने महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (मनसे) प्रमुख राज ठाकरे को फिर चैलेंज किया। मीरा रोड में राज ठाकरे की सभा पर नितेश राणे ने कहा, "सभी मदरसों से उर्दू हटाकर वहां मराठी अनिवार्य करो, तभी हमें यकीन होगा कि आपको महाराष्ट्र और मराठी से सच्चा प्यार है। सिर्फ दिखावटी मराठी बोलकर ढोंग करने की कोशिश मत करो, सबको सब समझ में आता है।" राणे ने यह भी कहा कि "जो मुस्लिम भाई राज ठाकरे की सभा में आए, अगर वाकई मराठी से प्रेम है तो अजान मराठी में शुरू करें।

## टेनिस खिलाड़ी की हत्या में आरोपी पिता को एक दिन की पुलिस रिमांड

**गुरुग्राम।** हरियाणा के गुरुग्राम में एक दिल दहला देने वाली घटना में 25 वर्षीय टेनिस खिलाड़ी राधिका यादव की उनके पिता दीपक यादव ने गोली मारकर हत्या कर दी। इस मामले में शुक्रवार को गुरुग्राम की एक अदालत ने 49 वर्षीय दीपक को एक दिन की पुलिस रिमांड पर भेज दिया। पुलिस ने बताया कि राधिका टेनिस अकादमी की कमान संभालना चाहती थी और इसे लेकर ही पिता इतना नाराज हुआ कि गोलियां दाग दीं। राधिका की मां मंजू यादव ने इस घटना के कारणों पर कोई स्पष्ट जवाब नहीं दिया है। यह घटना गुरुवार सुबह करीब 10:30 बजे गुरुग्राम के सेक्टर-57, सुशांत लोक फेज-2 स्थित राधिका के घर में हुई।

### महाराष्ट्र में 'अर्बन नक्सल' पर बड़ा प्रहार

## विधानसभा से पारित हुआ अर्बन नक्सलियों से सख्ती से निपटने वाला कानून

**एजेंसी। मुंबई**

महाराष्ट्र विधानसभा ने एक महत्वपूर्ण और बहुचर्चित विधेयक पारित किया है, जो 'अर्बन नक्सल' (अर्बन नक्सल) गतिविधियों से निपटने के उद्देश्य से लाया गया है। इस विधेयक को राज्य की आंतरिक सुरक्षा और सार्वजनिक व्यवस्था बनाए रखने के एक कदम के रूप में देखा जा रहा है। इस पहल के पीछे राज्य सरकार की मंशा है कि शहरी क्षेत्रों में छिपे, पढ़े-लिखे, प्रभावशाली लेकिन राष्ट्र-विरोधी गतिविधियों में लिप्त तत्वों पर कानूनी शिकंजा कसा जाए।

क्या है 'अर्बन नक्सल' विधेयक? यदि इसकी बात करें तो आपको बता दें कि इस विधेयक के अंतर्गत उन व्यक्तियों, संगठनों या नेटवर्क को निशाना बनाया गया है, जो नक्सली विचारधारा को शहरी क्षेत्रों में फैलाने, उसे बौद्धिक समर्थन देने, या शहरी युवाओं को उग्रवाद की ओर मोड़ने का कार्य करते हैं। विधेयक में राष्ट्र-विरोधी साहित्य के प्रचार, वामपंथी उग्रवाद को समर्थन और हिंसा की योजना बनाने जैसे कृत्यों को अपराध की श्रेणी में रखा गया है। इसके अलावा, सुरक्षा एजेंसियों को जांच, निगरानी और गिरफ्तारी के लिए विस्तृत अधिकार दिए गए हैं।

# आज का राशिफल

**मेष :** कुछ एकाग्रता की प्रवृत्ति बनेगी। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। शुभ कार्यों की प्रवृत्ति बनेगी और शुभ समाचार भी मिलेंगे। लाभकारी गतिविधियों में सक्रियता रहेगी। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। योग्यताएं सम्मान दिलायेगी।

**वृष :** अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। विद्यार्थियों को लाभ। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। अपना काम दूसरों के सहयोग से पूरा होगा। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं।

**मिथुन :** समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। महत्त्वपूर्ण कार्यों को आज ही निबटा लें उसके बाद समय व्ययकारी सिद्ध होगा।

**कर्क :** संतान की उन्नति के योग हैं। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होगी।

**सिंह :** अपने काम आसानी से बनते चले जाएंगे। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। महत्त्वपूर्ण निर्णय के लिए दूरदर्शिता से काम लें। हित के काम में आ रही बाधा मध्याह्न पश्चात् दूर हो जाएगी। संतान पक्ष की समस्या समाप्त होगी। स्वास्थ्य नरम होगा।

**कन्या :** कुछ प्रतिकूल गोचर का क्षोभ दिन-भर रहेगा। व्यापार में वृद्धि होगी। यश-प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। शत्रुपक्ष पर आप हावी रहेंगे। स्वास्थ्य की ओर विशेष ध्यान रहें। नौकरी में सहयोगियों का सहयोग प्राप्त होगा। पारिवारिक परेशानी बढ़ेगी। पुराने मित्र से मिलन होगा।

**तुला :** माता पक्ष से विशेष लाभ होगा। पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। खान-पान में सावधानी रखें। रुपए पैसों की सुविधा नहीं मिल पाएगी। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा।

**वृश्चिक :** पुराने मित्र के कारण कार्य बाधा हटेगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। अर्थपक्ष मजबूत रहेगा। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। सफलता मिलेगी। नौकरी में सावधानीपूर्वक कार्य करें। कर्ज देने से बचें।

**धनु :** स्वास्थ्य का पाया कमजोर बना रहेगा। यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। यात्रा शुभ रहेगी। एकाकी वृत्ति त्यागें।

**मकर :** अपने काम को प्राथमिकता से करें। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा। अर्थपक्ष मजबूत रहेगा। आध्यात्मिक रुचि बनेगी। धार्मिक यात्रा का योग।

**कुंभ :** कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। यार दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। किसी कार्य विशेष के लिए यात्रा आवश्यक होगी।

**मीन :** शंकाओं के कारण मनस्ताप भी पैदा हो सकते हैं। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। आलस्य का त्याग करें। काम पर पैनी नजर रखिए। सब्र का फल मीठा होता है अत:धैर्य रखें व अच्छे समय इन्तजार करें। वैचारिक द्वन्द्व और असंतोष बना रहेगा। आध्यात्मिक रुचि बनेगी।

### विधवाओं की पेंशन | पेंशन योजना' के तहत लाभार्थियों के खाते में क्रेडिट हुए 1,100 रुपए

# पीएम मोदी और नीतीश कुमार का जताया आभार

- लाभार्थियों ने कहा कि पेंशन से दवाइयों, राशन और आवश्यक जरूरतें पूरी कर पाएंगे।

**एजेंसी। जमुई/वैशाली**

बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने शुक्रवार को 'सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना' के तहत 1 करोड़ 11 लाख से अधिक लाभार्थियों के खातों में 1227.27 करोड़ रुपए की पेंशन राशि डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर (डीबीटी) के जरिए ट्रांसफर की। बिहार सरकार के इस फैसले पर जमुई में लाभार्थियों ने खुशी जाहिर की। लाभार्थी महिलाओं ने पेंशन राशि को बढ़ाए जाने के लिए बिहार सरकार का आभार जताया। लाभार्थी प्रमिला देवी ने आईएएनएस से बातचीत में कहा कि मैं प्रधानमंत्री मोदी और बिहार सरकार का आभार जताती हूं, जिन्होंने पेंशन की राशि बढ़ाई और इसके मिलने से हमें आर्थिक रूप से लाभ होगा। हम सरकार के फैसले से बहुत खुश हैं। मंजू देवी ने कहा, "पेंशन बढ़ाए जाने के इस निर्णय के लिए मैं पीएम मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र और सीएम नीतीश कुमार के नेतृत्व वाली बिहार सरकार का आभार जताती हूं। इस राशि के बढ़ने से हमें काफी लाभ होगा और अपनी जरूरतों को पूरा कर पाएंगे।"एक अन्य लाभार्थी जसोला देवी ने कहा कि यह सरकार का अच्छा कदम है कि उन्होंने पेंशन राशि को बढ़ाया। सरकार हमारे हित में फैसले लेती रहे और इस पैसे से हमें दवाइयां खरीदने में आसानी होगी। एक अन्य लाभार्थी ने पीएम मोदी और सीएम नीतीश कुमार की तारीफ की। प्रभारी मंत्री रत्नेश सदा ने आईएएनएस से बातचीत में कहा, "बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने शुक्रवार को डीबीटी के माध्यम से सभी लाभार्थियों के खाते में 1,100 रुपए ट्रांसफर किए हैं। मेरा मानना है कि इस राशि के बढ़ने से न केवल लाभार्थियों को आर्थिक तौर पर फायदा होगा, बल्कि इससे उन्हें अपनी जरूरतों को पूरा करने में भी मदद मिलेगी।



#### बुजुर्ग, दिव्यांग, विधवाएं होंगे सीधे लाभान्वित

**पटना।** बिहार में 'सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना' के तहत बुजुर्गों, दिव्यांगों और विधवाओं को अब हर महीने 400 रुपए की जगह 1,100 रुपए पेंशन मिलेगी। राज्य सरकार के इस निर्णय को भाजपा के बिहार अध्यक्ष दिलीप जायसवाल ने ऐतिहासिक कदम बताया है। उन्होंने कहा कि इस फैसले से बिहार के लोग काफी खुश हैं। भाजपा के बिहार अध्यक्ष दिलीप जायसवाल ने शुक्रवार को आईएएनएस से बातचीत में कहा, "मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का यह ऐतिहासिक फैसला है।

## इजरायल की 'लोरा' से भारत का बड़ा गेमप्लान तैयार!

**नई दिल्ली । एजेंसी**

पाकिस्तान के परखच्चे उड़ाने के लिए भारत एक नई मिसाइल मंगवा रहा है। ये मिसाइल पाकिस्तान में 400



किलोमीटर अंदर घुस कर हमला करके आएगी। इस मिसाइल का नाम लॉन्ग रेंज आर्टलरी मिसाइल है। भारत खासतौर से पाकिस्तान का इलाज करने के लिए इस खतरनाक लॉन्ग रेंज मिसाइल इजरायल से खरीद सकता है। पाकिस्तान ने अगर अब कोई हरकत की तो उसके होश उड़ने तय हैं। भारतीय वायु सेना एक नई रणनीति के तहत इजरायल की लॉन्ग रेंज आर्टिलरी मिसाइल को एसयू 30 जैसे लड़ाकू विमान में लगाने की योजना बना रही है। मगर सवाल ये है कि जब भारत ने पाकिस्तान का इलाज करने के लिए ब्रह्मोस जैसी मिसाइलें तैयार कर रखी हैं। ऐसे में इजरायल से लॉन्ग रेंज मिसाइल आर्टिलरी खरीदने पर विचार क्यों किया जा रहा है? दरअसल, इजरायल के इस मिसाइल को खासतौर से किसी देश के एयरडिफेंस सिस्टम का काल कहा जाता है। लॉन्ग रेंज आर्टलरी मिसाइल अंदर तक घुसकर एयर डिफेंस सिस्टम को उड़ा कर आ जाता है।

## बांग्लादेश में महिला अधिकारियों को 'सर' कहने का आदेश रद्द

**ढाका ।** बांग्लादेश में अंतरिम सरकार ने एक बड़ा फैसला लेते हुए उस विवादित नियम को औपचारिक रूप से रद्द कर दिया है, जिसके तहत सरकारी अधिकारियों को पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना सहित वरिष्ठ महिला अधिकारियों को "सर" कहकर संबोधित करना अनिवार्य था। यह नियम शेख हसीना के लगभग 16 वर्षों के शासनकाल के दौरान प्रचलन में आया था। अंतरिम सरकार के मुख्य सलाहकार डॉ. यूनुस के नेतृत्व में यह निर्णय लिया गया। ढाका ट्रिब्यून की एक रिपोर्ट के अनुसार, यह फैसला ढाका में हुई सलाहकार परिषद की बैठक के बाद लिया गया। परिषद के प्रेस सचिव शफीकुल आलम ने फेसबुक पर बताया कि यह निर्देश "अनुचित" था और इसे अब रद्द कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि "सर" शब्द का उपयोग केवल पुरुष अधिकारियों के लिए होना चाहिए। लेकिन यह चलन महिला अधिकारियों के लिए भी अपनाया गया, जो स्पष्ट रूप से असामान्य और अनुचित है।

- **समीक्षा समिति करेगी नए संबोधन का निर्धारण**

### 6 साल की मासूम से 45 साल के अफगानी ने की शादी

# भड़क उठा तालिबान, उठाया हैरान करने वाला कदम

**काबुल । एजेंसी**

45 वर्षीय शख्स ने छह साल की बच्ची को उसके पिता से खरीदकर उसे अपनी दुल्हन बना लिया है। इस घटना को लेकर दुनियाभर में हंगामा मच गया है। कई लोग इसका विरोध कर रहे हैं। स्थानीय मीडिया के अनुसार, इस व्यक्ति ने देश के मरजाह ज़िले में हुई इस शादी के लिए बच्ची के परिवार को पैसे दिए। स्थानीय मीडिया के अनुसार, दो महिलाओं के साथ पहले से ही शादीशुदा व्यक्ति ने देश के मरजाह ज़िले में हुई इस शादी के लिए बच्ची के परिवार को पैसे दिए। जब तालिबान प्रशासन को इसकी जानकारी मिली, तो वे तुरंत हरकत में आए। उन्होंने दूल्हे और बच्ची के पिता दोनों को गिरफ़्तार कर लिया।

हालांकि, एक और चौंकाने वाली बात यह थी कि तालिबान ने कहा कि वह व्यक्ति अपनी 'दुल्हन' से उसकी उम्र के कारण अभी शादी नहीं कर सकता और उसे उसके नौ साल की होने तक इंतजार करना होगा। फिलहाल इस शादी पर रोक लगा दी गई है, हालांकि स्थानीय तालिबान अधिकारियों ने कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया है और गिरफ्तार किए गए लोगों के खिलाफ अभी तक कोई मामला दर्ज नहीं किया गया है।



### पैसे देकर 9 साल की बच्ची को खरीदा

दक्षिणी अफगानिस्तान में, लड़की को एक 45 वर्षीय व्यक्ति से जबरन शादी करने के लिए मजबूर किया गया, जो पहले से ही दो महिलाओं से शादीशुदा है। गौरतलब है कि लड़की के पिता ने शादी के बदले में उस व्यक्ति से पैसे लिए। दूल्हे ने इस व्यवस्था के तहत परिवार को पैसे दिए। अमेरिका स्थित अफगान समाचार एजेंसी एमू टीवी के अनुसार, शादी की तस्वीरें देखकर तालिबान "भयभीत" हो गया और उसने उस व्यक्ति को बच्ची को अपने घर ले जाने से रोक दिया। इसके बजाय, उन्होंने उससे कहा कि जब लड़की नौ साल की हो जाएगी, तो उसे उसके घर ले जाया जा सकता है।

### ट्रंप प्रशासन ने स्टेट डिपार्टमेंट में बड़े पैमाने पर छंटनी की तैयारी की

# 15 फीसदी स्टाफ पर मंडराया खतरा

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**

ट्रंप प्रशासन ने अमेरिकी विदेश विभाग में जल्द ही बड़े पैमाने पर छंटनी करने की योजना बनाई है। न्यूयॉर्क टाइम्स की रिपोर्ट के अनुसार, विभाग के कर्मचारियों को औपचारिक रूप से सूचित किया गया कि छंटनी की प्रक्रिया बहुत जल्द शुरू की जाएगी। इस कदम को नौकरशाही का बोझ कम करने की दिशा में एक कदम बताया गया है।

डिप्टी सेक्रेटरी ऑफ स्टेट फॉर मैनेजमेंट एंड रिसोर्सेज, माइकल जे. रीगस की ओर से गुरुवार को भेजे गए एक संदेश में कहा गया कि अमेरिकी कर्मचारियों को जल्द ही छंटनी की सूचना दी जाएगी। वरिष्ठ अधिकारियों ने यह भी संकेत दिया है कि शुक्रवार सुबह से ही कर्मचारियों को नोटिस मिलना शुरू हो सकता है। दरअसल, अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट ने निचली अदालत के फैसले को




पलटते हुए ट्रंप प्रशासन को संघीय एजेंसियों में बड़े पैमाने पर छंटनी करने से रोका था। इस आदेश के दो दिन बाद ही यह कदम उठाया गया। अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने मई में एक पुनर्गठन योजना की घोषणा की थी, जिसमें उन्होंने अपने विभाग को 'ब्लोटेड' (जरूरत से ज्यादा लोग) और 'नौकरशाही से जकड़ा हुआ' बताया था। रुबियो ने कहा कि ये बदलाव विभाग को अमेरिकी मूल्यों के साथ बेहतर ढंग से जोड़ेंगे और 'कट्टर राजनीतिक विचारधारा' को खत्म करेंगे।

### छंटनी से अमेरिका की वैश्विक भूमिका कमजोर हो सकती है

कांग्रेस में डेमोक्रेट नेताओं और वरिष्ठ राजनयिकों ने इस फैसले की तीखी आलोचना की है। उनका मानना है कि इस तरह की छंटनी से अमेरिका की वैश्विक भूमिका कमजोर हो सकती है। कांग्रेस के कई सदस्यों ने एक खुले पत्र में रुबियो को लिखा, "मौजूदा समय में अमेरिका के राजनयिकों की सबसे अधिक जरूरत है ताकि वैश्विक तनाव को शांतिपूर्ण तरीके से कम किया जा सके और अमेरिका की विदेश नीति के लक्ष्यों को आगे बढ़ाया जा सके।" उन्होंने चेतावनी दी कि यह योजना अमेरिका को वैश्विक मंच पर नेतृत्व के लिए आवश्यक साधनों से वंचित कर देगी। आलोचकों का कहना है कि यह योजना उन विभागों को निशाना बना रही है जो मानवाधिकार, लोकतंत्र, शरणार्थियों और युद्ध अपराध जैसे विषयों पर काम करते हैं। हालांकि विभाग ने यह स्पष्ट किया है कि यह छंटनी किसी व्यक्ति विशेष के खिलाफ नहीं है।

## एआई कंपनियों में टैलेंट नियुक्ति की मची होड़

**ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) के क्षेत्र में टैलेंटेड कर्मचारियों को मोटी पगार पर नियुक्त करने और उनको कंपनी में बहुत सी सुविधाएँ व इन्सेंटिव देकर बनाये रखने के लिए विश्व की टाप एआई कंपनियों में होड़ लगी हुई है। गूगल , मेटा व ओपनएआई भी ऐसे टैलेंट को कई -कई करोड़ रुपये सैलरी पैकेज ऑफर कर रही हैं। गूगल में सॉफ्टवेयर इंजीनियर को लगभग 3 करोड़ रुपये तक की बेसिक सैलरी पर नियुक्त किया जा रहा है इसके अलावा उन्हें कंपनी के शेयर व बोनस भी मिलेंगे, जिससे उनकी कुल कमाई और भी ज्यादा हो जाएगी। प्रोडक्ट मैनेजर, एआई रिसर्चर व दूसरे टेक्निकल पदों पर काम करने वाले लोगों को भी बहुत अच्छे सैलरी पैकेज मिल रहे हैं। गूगल एआई की दौड़ में सबसे आगे रहने के लिए ये सब कर रहा है।गूगल को मेटा व ओपन एआई जैसी कंपनियों से कड़ी टक्कर मिल रही है। ये कंपनियां भी एआई के क्षेत्र में अच्छे कर्मचारियों को अपनी कंपनी में लाने के लिए जोर लगा रही हैं। मेटा ने एआई में बहुत ज्यादा पैसा लगाया है।

वह एआई रिसर्चर व इंजीनियरों को नौकरी पर रख रही है ताकि जेनरेटिव एआई व रियलिटी लैब्स डिवीजन को मजबूत किया जा सके। मेटा के सीईओ मार्क जकरबर्ग ने दो साल पहले कहा था कि एडवांस्ड एआई बनाना कंपनी का सबसे बड़ा इन्वेस्टमेंट है। मेटा में सीनियर एआई रिसर्चर को शेयर व बोनस मिलाकर लगभग 5.50 करोड़ रुपये से लेकर लगभग 8.60 करोड़ रुपये तक मिल सकते हैं। माइक्रोसॉफ्ट



- एआई कंपनियां 3 करोड़ से 5 करोड़ रु. तक बेसिक सैलरी पर कर रहीं नियुक्त
- सीनियर रिसर्च इंजीनियर को कुल पैकेज 9 करोड़ तक मिल रहा

की ओपनएआई भी एआई के क्षेत्र में एक बड़ी कंपनी बनकर उभरी है। ओपनएआई में सीनियर रिसर्च इंजीनियर की बेसिक सैलरी 2 लाख डॉलर से 3लाख 70000 डॉलर के आसपास है। इक्विटी मिलाकर उनका कुल पैकेज 8लाख डॉलर से 10 लाख डॉलर तक पहुंच सकता है। इसके अलावा प्रॉफिट पार्टिसिपेशन व शुरुआती इक्विटी स्टेक भी शामिल हैं। तनख्वाह में इतनी बढ़ोतरी इसलिए हो रही है क्योंकि बड़ी टेक कंपनियां ऐसे लोगों को अपनी कंपनी में रखना चाहती हैं जो बड़े लैंग्वेज मॉडल, जेनरेटिव एआई टूल्स व दूसरी नई टेक्नोलॉजी को आगे बढ़ा सकें। एक्सपर्ट्स का कहना है कि ये ज्यादा सैलरी पैकेज सिर्फ नए लोगों को नौकरी पर रखने के लिए नहीं हैं, बल्कि अच्छे कर्मचारियों को कंपनी में बनाए रखने के लिए भी जरूरी हैं। कंपनियां चाहती हैं कि उनके सबसे अच्छे कर्मचारी दूसरी कंपनियों में न चले जाएं। लेकिन ऐसे कर्मचारियों की भारत में क्या हालत है?दो-तीन बेहतरीन कंपनियों के अलावा अन्य में तो शोषण का उपक्रम ही चल रहा है। हां ,भारत में जो विदेशी कंपनी आ रही हैं , उनमें से कुछ तो अच्छी सेलरी दे रही हैं।

### दिल्ली में यमुना पुनर्जीवन को लेकर हुई उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक

## गृह मंत्री ने सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट की क्षमता 1500 एमजीडी तक बढ़ाने को कहा

**नई दिल्ली। एजेंसी**

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने यमुना पुनर्जीवन को लेकर एक उच्चस्तरीय



समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए कहा कि दिल्ली प्रदूषण नियंत्रण समिति को जल प्रदूषण पर नियंत्रण लगाने के लिए ऐक्शन मोड में कार्य करना चाहिए। उन्होंने कहा कि दिल्ली सरकार को औद्योगिक इकाइयों से बढ़ रहे प्रदूषण को रोकने के लिए सतत एवं प्रभावी कदम उठाने चाहिए ।यमुना नदी में दिल्ली के अलावा अन्य राज्यों से भी अपशिष्ट के द्वारा केमिकल आ रहा है, इसलिए इन सभी राज्यों को साथ मिलकर नदी को स्वच्छ करने के उपायों पर कार्य करना चाहिए ।उन्होंने 2028 तक एसटीपी क्षमता 1500 एमजीडी तक बढ़ाने के निर्देश दिए। श्री शाह ने कहा कि यमुना पुनर्जीवन के लिए हरियाणा, दिल्ली और उत्तर प्रदेश, तीनों राज्यों को प्रयास करना चाहिए और आउटफ्लो की थर्ड पार्टी गुणवत्ता जांच हो । इन जलाशयों को विकसित करने से पर्यटन को भी बढ़ावा मिलेगा। डेयरी, गौशालाओं के उत्पादित अपशिष्ट के प्रबंधन के लिए दिल्ली सरकार को राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड के साथ मिलकर कार्य करना चाहिए। इसके साथ ही, श्री अमित शाह ने दिल्ली के अनधिकृत डेयरियों के प्रबंधन करने पर भी जोर दिया ।ई-फ्लो बढ़ाने के विषय पर उत्तर प्रदेश सरकार से बात करके हल निकालने की आवश्यकता है ताकि यमुना के दिल्ली के प्रवेश के समय का फ्लो बेहतर हो सके। ओखला के उपचारित जल को यमुना के डाउनस्ट्रीम में छोड़ा जाए जिससे नदी के जल की गुणवत्ता बेहतर करने में मदद मिलेगी।

### सावन का महीना शुरू हो रहा है

## भोजपुरी में अश्लीलता के रिकॉर्ड बनाने वाले सड़क छाप गायक भक्ति के गीत गाएंगे : नेहा सिंह राठौर

**ब्यूरो**



**नई दिल्ली।** डबल मीनिंग वाले भोजपुरी के गानों की भरमार होती जा रही है। इसलिए बहुत बार भोजपुरी फिल्म इंडस्ट्री के गानों को अश्लील बताया जाता है। अब इस को लेकर नेहा सिंह राठौर ने भी सोशल मीडिया पर एक पोस्ट किया है। सावन शुरू हो गया है और इस मौके पर खेसारी लाल यादव, पवन सिंह जैसे ने भोजपुरी गानों को रिलीज किया है, जिसपर लोक गायिका ने कटाक्ष किया है।नेहा ने ऐसे भोजपुरी गानों पर आपत्ति जताई है। उन्होंने बिना किसी का नाम लिए कई भोजपुरी सिंगर को सड़क छाप भी बताया है।लोक गायिका ने अपने ट्वीट में लिखा, "सावन का महीना शुरू हो रहा है और अब भोजपुरी में अश्लीलता के नए रिकॉर्ड बनाने वाले तमाम सड़क छाप गायक भक्ति के गीत गाएंगे। आम जनता इन्हें शिवभक्त मान लेगी और इनके गीत मंदिरों में बजाए जाएंगे। पूरा देश सब कुछ जानते हुए अनजान बने रहने का ख़तरनाक अभिनय कर रहा है।" उनका यह ट्वीट अब वायरल हो गया है, जिस पर देखने वाले भी अपनी प्रतिक्रिया दे रहे हैं।

## पाकिस्तान में बलूचों ने बरपाया कहर!

**इस्लामाबाद ।** पाकिस्तान के अशांत बलूचिस्तान प्रांत में शुक्रवार, 11 जुलाई को नौ लोगों की हत्या कर दी गई।पीटीआई ने अधिकारियों के हवाले से बताया। रिपोर्ट के अनुसार, यात्रियों को पहले बलूचिस्तान प्रांत के झोब इलाके में राष्ट्रीय राजमार्ग पर एक बस से उतारा गया और फिर गोली मारकर हत्या कर दी गई। बंदूकधारियों, जिनकी पहचान अभी नहीं हो पाई है, ने पंजाब के नौ यात्रियों को एक यात्री बस से उतारने के बाद उनकी गोली मारकर हत्या कर दी। सहायक आयुक्त झोब नवीद आलम ने बताया कि यह घटना प्रांत के झोब इलाके में राष्ट्रीय राजमार्ग पर हुई। प्रांतीय सरकार के प्रवक्ता शाहिद रिंद के अनुसार, गुरुवार शाम को कई बसों से यात्रियों का अपहरण किया गया। हमलावर फिर उन्हें पास के पहाड़ी इलाके में ले गए। एक अन्य सरकारी अधिकारी, नवीद आलम ने कहा कि पीड़ितों के शव रात भर बरामद किए गए।

- **बस में जा रहे 9 पंजाबियों को अपहरण करके उतारा मौत के घाट, रातभर सड़कों पर पड़ी रही लाशें**

## कुरान पढ़ो, इस्लाम को जानो और अरबी सीखो...

### नेतन्याहू के नए फरमान से मचा हड़कंप फिर हुआ असली खेल

**तेल अवीव । एजेंसी**

इजरायल से एक ऐसी खबर आई है जिसने पूरी दुनिया को हैरान कर दिया है। भारत के लोग भी ये समझ ही नहीं पाए कि इजरायल ने ये कैसा ऐलान कर दिया है। दरअसल, इजरायल की सेना अब इस्लाम की शिक्षा लेगी।

कुरान पढ़ेगी और अरबी भाषा सीखेगी। इजरायली आर्मी की एक रिपोर्ट के मुताबिक इजरायल ने अपने सभी खुफिया सैनिकों और अधिकारियों के लिए कुरान के अध्ययन को अनिवार्य बना दिया है। हिब्रू बोलने वाले इजरायल के सैनिकों और अधिकारियों के लिए अरबी भाषा सीखना अनिवार्य कर दिया गया है। अहम खबर यह है कि सामने आ रही जानकारी के अनुसार, इजराइल अब कुरान और अरबी भाषा को भी अपने पाठ्यक्रम में शामिल करेगा। इजराइली सरकारी चैनल से मिली जानकारी के अनुसार, अक्टूबर 2023 में हमास द्वारा इजराइल पर एक बड़ा हमला किया गया था। ऐसा माना जा रहा है कि यह हमला खुफिया सेवाओं की गलती के कारण हुआ। रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि यदि सैन्य अधिकारी और मोसाद अधिकारी अरबी भाषा जानते होते तो हमला नहीं होता।

## कंगना ने दिलजीत दोसांझ के पाकिस्तानी एक्ट्रेस को कास्ट करने पर किया रिएक्ट...




अभिनेता-गायक दिलजीत दोसांझ को अपनी फिल्म सरदार जी 3 में पाकिस्तानी कलाकार हनिया आमिर के साथ काम करने के लिए कड़ी आलोचनाओं का सामना करना पड़ रहा है। अभिनेत्री कंगना रनौत ने इस पर प्रतिक्रिया व्यक्त की और कहा कि "कुछ लोगों का वास्तव में अपना एजेंडा होता है। कंगना रनौत ने कहा कि राष्ट्र निर्माण में "हर कोई एक हितधारक है"। "मैंने इन लोगों के बारे में काफी कुछ कह दिया है। हमारी बातचीत की शुरुआत में, मैंने बताया था कि हमें राष्ट्र निर्माण की भावना रखनी चाहिए - हर कोई एक हितधारक है। हम ऐसी भावना क्यों नहीं रखते? दिलजीत अपना अलग रास्ता क्यों अपना रहे हैं? किसी और क्रिकेटर का अपना रास्ता क्यों होना चाहिए? यहाँ तक कि एक सैनिक का भी राष्ट्रवाद का अपना रास्ता होता है।

उन्होंने आगे कहा कि "हमें सभी को एक साथ लाने की कोशिश करनी चाहिए"। उन्होंने कहा, "कोई ऐसा कर रहा है, बेचारा सैनिक राष्ट्रवाद का रास्ता अपना रहा है, बेचारा राजनेता राष्ट्रवाद का रास्ता अपना रहा है। कुछ लोगों का सचमुच अपना एजेंडा है। मैं यह नहीं कह रही कि यह अस्वाभाविक है, लेकिन हमें सभी को एकजुट करने का प्रयास करना चाहिए।



# ‘टैक्सपेयर हब आउटरीच’ में रहा टैक्स जागरूकता व उत्सव का जीवंत संगम

- तीसरे और अंतिम दिन विकास भारती के सचिव पद्मश्री अशोक भगत भी हुए शामिल

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** ‘टैक्सपेयर (करदाता) हब आउटरीच’ कार्यक्रम के तीसरे दिन शुक्रवार को कई जीवंत कार्यक्रमों की श्रृंखला आयोजित की गई। इसमें शैक्षिक जुड़ाव, नीतिगत चर्चा और सांस्कृतिक गौरव का सम्मिश्रण रहा, जो विभाग के समावेशी और सहभागी कर प्रशासन के दृष्टिकोण को दर्शाता है। आज तीसरे और आखिरी दिन तकनीकी और नीतिगत मुद्दों पर भी गहन सत्र आयोजित किए गए। रूपेश अग्रवाल, आईआरएस के नेतृत्व में टीम-1 और टीम सी-1 पटना द्वारा एक सत्र आयोजित किया गया, जिसमें रिटर्न दाखिल करने, टीडीएस प्रावधानों और वित्त अधिनियम के तहत हाल के बदलावों पर स्पष्टता प्रदान की गई। अशोक झा, आईआरएस, सीसीआईटी मुंबई द्वारा नए आयकर विधेयक 2025 पर एक प्रस्तुति दी गई, जिसमें उन्होंने विधेयक में प्रस्तावित संरचनात्मक परिवर्तनों पर विस्तार से चर्चा की। लेखा परीक्षा, जांच और मूल्यांकन जैसे प्रमुख क्षेत्रों में अपने व्यापक अनुभव का उपयोग करते हुए, उन्होंने व्यावहारिक चुनौतियों और कार्यान्वयन के पहलुओं पर चर्चा की। इसके बाद अशोक झा और विनोद अग्रवाल, सीआईटी, डीटीआरटीआई हजारीबाग के संयुक्त नेतृत्व में एक प्रश्नोत्तर सत्र का आयोजन किया गया, जिसमें प्रतिभागियों को अद्यतन रिटर्न, आईटीआर फाइलिंग और प्रक्रियात्मक सुधारों से संबंधित शंकाओं को स्पष्ट करने में मदद मिली। आयकर विभाग सुप्रसिद्ध सामाजिक कार्यकर्ता और विकास भारती के सचिव अशोक भगत की उपस्थिति से सम्मानित हुआ, जिन्हें सुदूर गांवों में आदिवासी समुदायों के विकास के लिए उनकी आजीवन प्रतिबद्धता के लिए सम्मानित किया गया। पद्मश्री (2015) से सम्मानित अशोक भगत ने नागरिक उत्तरदायित्व और समावेशी विकास के संदेश के साथ उपस्थित लोगों को संबोधित किया। विशिष्ट अतिथि सैयद नासिर अली, भारतीय राजस्व सेवा, 1990 बैच के एक प्रतिष्ठित अधिकारी, जो 31 मई 2025 को प्रधान महानिदेशक (मानव संसाधन विकास), नई दिल्ली के पद से सेवानिवृत्त हुए हैं, उनके संबोधन में आयकर विभाग और नागरिक उड्डयन मंत्रालय में विभिन्न भूमिकाओं में उनके तीन दशक के शानदार कार्यकाल का उल्लेख था। यह कार्यक्रम कोर कमेटी द्वारा आयोजित किया गया था, जिसमें रंजन कुमार, सीसीआईटी, रांची, अमिताभ के. सिन्हा, पीसीआईटी, रांची, आशीष देहरिया, अपर सीआईटी, रेंज-1, रांची और रेंज-टीडीएस, रांची तथा सभी समितियों के सभी सदस्य शामिल थे।

### स्कूली बच्चों के लिए हुई प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता

आज तीसरे और अंतिम दिन सुबह की शुरुआत रांची के स्कूली बच्चों के लिए एक प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता से हुई, जिसका उद्देश्य कम उम्र से ही कराधान और नागरिक जिम्मेदारियों के बारे में जागरूकता बढ़ाना था। इसके बाद कक्षा 10 से 12 तक के विद्यार्थियों के लिए एक वाद-विवाद प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें कई विद्यालयों के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। केंद्रीय विद्यालय के आशुतोष वाद-विवाद प्रतियोगिता के विजेता बने। पुरस्कार वितरण प्रधान मुख्य आयुक्त जयंत मिश्रा और मुख्य आयुक्त रंजन कुमार ने किया। उन्होंने युवाओं को जिम्मेदार नागरिक और भावी करदाता बनने के लिए प्रोत्साहित किया। आवाज समूह ने एक आकर्षक नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया, जिसमें नुक्कड़ नाटक के माध्यम से करों और रोजमर्रा की जिंदगी के बीच के संबंध को उजागर किया गया। बाद में, स्थानीय कलाकारों द्वारा प्रस्तुत एक सांस्कृतिक कार्यक्रम ने झारखंड की समृद्ध विरासत का जश्न मनाया। लोक नृत्यों, आदिवासी सांस्कृतिक प्रदर्शनों और क्षेत्रीय गीतों ने राज्य की विविध सांस्कृतिक विरासत को उजागर किया और दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

# राज्य परिवहन प्राधिकार की बैठक जल्द बुलाएं परिवहन आयुक्त : किशोर मंत्री



- कहा, परिवहन आयुक्त के रिक्त पद पर नियुक्ति से परिवहन कार्य को मिलेगी गति
- बस ओनर एसोसिएशन के उपाध्यक्ष ने संजीव कुमार बेसरा का किया स्वागत

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज (एफजेसीसीआई) के निवर्तमान अध्यक्ष एवं झारखंड प्रदेश बस ओनर एसोसिएशन के उपाध्यक्ष किशोर कुमार मंत्री ने शुक्रवार को परिवहन आयुक्त संजीव कुमार बेसरा से मुलाकात की। किशोर मंत्री ने शुक्रवार को एफएफपी बिल्डिंग के परिवहन विभाग में पदस्थापित नवनियुक्त झारखंड परिवहन आयुक्त का स्वागत किया। इस अवसर पर किशोर मंत्री ने कहा कि परिवहन आयुक्त का पद कई वर्षों से रिक्त था। संजीव बेसरा के आने से बस मालिकों में खुशी की लहर दौड़ी है। परिवहन कार्य को गति मिलेगी और परिवहन व्यवसाय का राज्य में विकास तेजी से होगी।

किशोर मंत्री ने परिवहन आयुक्त से एक वर्षों से रुका हुआ परमिट नवीनीकरण के मामला को संचिका के माध्यम से नवीकरण करने का अनुरोध किया। साथ ही, कहा कि राज्य परिवहन प्राधिकार की बैठक एक वर्षों से नहीं हुई है। उन्होंने राज्य परिवहन प्राधिकार की बैठक जल्द कराने का अनुरोध किया।

किशोर मंत्री ने परिवहन मंत्री दीपक बिरुवा को भी धन्यवाद दिया, जिन्होंने वर्षों से परिवहन आयुक्त के रिक्त पद पर अधिकारी को पदस्थापित करने का कार्य किया। परिवहन आयुक्त संजीव कुमार बेसरा ने आश्वस्त किया कि अब कार्य में तेजी लाई जाएगी। इस अवसर पर संयुक्त राज्य परिवहन आयुक्त प्रवीण प्रकाश, वकील, सुशील तिवारी एवं अशफाक आजम उपस्थित थे।

## आईसीजी में करियर अवसरों के लिए शुरू हुआ है जागरूकता अभियान

# करियर के साथ राष्ट्र सेवा के लिए तटरक्षक बल से जुड़ें युवा : सेठ

- रक्षा राज्य मंत्री की पहल पर रांची में पहली बार कार्यक्रम का हो रहा आयोजन

**नवीन मेल संवाददाता**




**रांची।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का यह आह्वान है कि देश के अधिक से अधिक युवा देश की सुरक्षा में अपनी भागीदारी निभाएं। इस आलोक में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के मार्गदर्शन में रक्षा मंत्रालय देश के विभिन्न हिस्सों में जागरूकता अभियान चला रहा है। इसी उद्देश्य के साथ रांची में भारतीय तटरक्षक बल (आईसीजी) द्वारा एक ऐसे अभियान की शुरुआत की जा रही है, जो पहले कभी नहीं हुआ। ये बातें रक्षा राज्य मंत्री एवं रांची के सांसद संजय सेठ ने शुक्रवार को अपने केंद्रीय कार्यालय में आयोजित प्रेसवार्ता में कही।

संजय सेठ ने कहा कि यह झारखंड के युवाओं के लिए स्वर्णिम अवसर है कि वह भी राष्ट्र प्रथम की भावना से करियर और राष्ट्र सेवा दोनों कार्य साथ-साथ कर सकें। भारतीय तटरक्षक बल (इंडियन कोस्ट गार्ड) द्वारा देश के युवा विद्यार्थियों को आकर्षित करने के लिए एक जागरूकता एवं भर्ती अभियान चलाया जा रहा है। यह रांची के विभिन्न विद्यालयों एवं महाविद्यालयों में भी आयोजित किया जाएगा। यह अभियान रांची में पहली बार शुरू हुआ है, जो 20 जुलाई, 2025 तक आयोजित होगा।

रक्षा राज्य मंत्री ने कहा कि ‘ऑपरेशन सिंधु’ के बाद देश के युवाओं में रक्षा क्षेत्र के प्रति आकर्षण बढ़ा है और उत्साह भी बढ़ा है। इसी उद्देश्य के साथ इस अभियान का शुभारंभ रांची में किया जा रहा है। इस अभियान की जानकारी देते हुए भारतीय तटरक्षक बल के डीआईजी सह रिक्रूटमेंट के प्रधान निदेशक केएल अरुण ने बताया कि इस अभियान के अंतर्गत विद्यार्थियों के साथ लगभग 30 मिनट की एक संवादात्मक प्रस्तुति दी जाएगी। इसमें एक पावर प्वाइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से भारतीय तटरक्षक बल और उसमें उपलब्ध करियर विकल्पों की जानकारी दी जाएगी। यह अवगत कराते हुए मुझे गर्व हो रहा है, कि भारतीय तटरक्षक बल, एक वदीधारी सेवा, की स्थापना 01 फरवरी 1977 को हुई थी और कोस्ट गोर्ड एक्ट, 1978 के अंतर्गत इसे संघ की एक सशस्त्र सेना के रूप में अधिनियमित किया गया। यह बल रक्षा मंत्रालय के अधीन कार्य करता है।

### आकर्षक करियर विकल्प के रूप में प्रस्तुत करना है उद्देश्य : केएल अरुण

केएल अरुण ने कहा कि इसकी जिम्मेदारियां अत्यंत व्यापक और महत्वपूर्ण हैं। इन जिम्मेदारियों में भारत के समुद्री हितों की रक्षा, समुद्री कानूनों का प्रवर्तन, तटीय सुरक्षा, खोज एवं बचाव कार्य, समुद्री पर्यावरण संरक्षण और समुद्री कानून प्रवर्तन शामिल हैं। उन्होंने कहा कि इस अभियान का मुख्य उद्देश्य छात्रों के बीच भारतीय तटरक्षक बल को एक आकर्षक करियर विकल्प के रूप में प्रस्तुत करना है। अभियान के दौरान, नई दिल्ली स्थित तटरक्षक मुख्यालय की एक टीम छात्रों से सीधे संवाद करेगी, जिससे उन्हें इस सेवा के जीवन शैली और चुनौतियों की प्रत्यक्ष जानकारी प्राप्त हो सकेगी। विद्यालयों के संदर्भ में कक्षा 9 और उससे ऊपर के छात्रों को इस कार्यक्रम में शामिल किया जा सकता है, वहीं महाविद्यालयों में सभी इच्छुक छात्रों को इस में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया जा सकता है।

# सीएम ने पुष्पचक्र अर्पित कर ददई दुबे को दी श्रद्धांजलि

- मंत्रियों ने उनके निधन को बताया अपूर्णीय क्षति
- झारखंडवासियों ने खोया आवाज उठाने वाला नेता





**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने शुक्रवार को झारखंड सरकार में पूर्व मंत्री और वरिष्ठ नेता दिवंगत चंद्रशेखर दुबे (ददई दुबे) के पार्थिव शरीर पर पुष्पचक्र अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी। मुख्यमंत्री ने शोक-संतप्त परिजनों से मुलाकात कर अपनी गहरी संवेदनाएं प्रकट की। मुख्यमंत्री सोरेन ने दिवंगत आत्मा की शांति और शोकाकुल परिजनों को दुख की इस घड़ी में संबल प्रदान करने की ईश्वर से कामना की।

### नम आंखों से वरिष्ठ नेता ददई दुबे को दी गई श्रद्धांजलि

**रांची।** मजदूर नेता और पूर्व सांसद चंद्रशेखर दुबे उर्फ ददई दुबे का निधन बीते दिन दिल्ली के सर गंगाराम अस्पताल में इलाज के दौरान हो गया। शुक्रवार को ददई दुबे के पार्थिव शरीर को रांची एयरपोर्ट से प्रदेश कांग्रेस कार्यालय लाया गया। जहां पर पार्टी के नेता, विधायक, मंत्री और पदाधिकारियों ने पुष्पांजलि कर श्रद्धांजलि दी। ददई दुबे के निधन पर झारखंड की ग्रामीण विकास मंत्री दीपिका पांडेय सिंह, स्वास्थ्य मंत्री डॉक्टर इरफान अंसारी, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर, विधायक अनूप सिंह, पूर्व मंत्री और विधायक रामेश्वर उरांव ने दु:ख व्यक्त किया। उन्होंने इसे झारखंड के लिए अपूर्णीय क्षति बताया। कांग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा कि दिल्ली में मैंने ददई दा से मुलाकात की थी। उनके निधन से झारखंड ने एक मजबूत और बेबाक आवाज उठाने वाले नेता को खो दिया है। उन्होंने अपना नुकसान कर भी मजदूरों की आवाज हमेशा बुलंद की। स्वास्थ्य मंत्री डॉक्टर इरफान अंसारी ने कहा कि ददई दुबे का निधन उनकी व्यक्तिगत क्षति भी है, उनका व्यवहार हमेशा पिता तुल्य रहा है। वहीं ग्रामीण विकास मंत्री दीपिका पांडेय सिंह ने कहा कांग्रेस पार्टी ने समर्पित कार्यकर्ता, झारखंड ने एक सच्चा नेता और मजदूरों ने अपनी मुखर आवाज को खो दिया है। रांची के कांग्रेस कार्यालय में श्रद्धांजलि सभा के बाद पार्थिव शरीर उनके रांची स्थित आवास पर ले जाया गया है। कांग्रेस नेता और आवास बोर्ड के अध्यक्ष संजय पासवान के अनुसार यहां से शव वाहन उन्हें उनके पैतृक जिले गढ़वा के लिए रवाना हुआ। जहां शनिवार को पूरे राजकीय सम्मान के साथ उनका अंतिम संस्कार किया जाएगा।

# कॉलेज 11वीं-12वीं में नामांकन पर रोक के बाद फॉर्म फीस वापस करे : अजय राय

**नवीन मेल संवाददाता**



- शिक्षा विभाग से तत्काल दिशा-निर्देश जारी करने की मांग की

**रांची।** झारखंड पैरेंट्स एसोसिएशन के अध्यक्ष अजय राय ने राज्य सरकार और शिक्षा विभाग कॉलेज में नामांकन पर लिए गए फॉर्म फीस वापस करने की मांग की है। उन्होंने शुक्रवार की प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए कहा कि जब राज्य के विभिन्न कॉलेजों में 11वीं एवं 12वीं कक्षा में नामांकन प्रक्रिया पर रोक लगा दी गई है, तो उन कॉलेजों को तत्काल प्रभाव से छात्रों की ओर से जमा की गई फॉर्म फीस वापस करनी चाहिए।

राय ने कहा कि अनेक गरीब और मध्यमवर्गीय परिवारों के छात्र-छात्राओं ने नामांकन के लिए फॉर्म भरे थे। फीस भी जमा की थी। लेकिन, जब नामांकन ही नहीं हो रहा है, तो यह छात्रों और उनके अभिभावकों के साथ अन्यायपूर्ण स्थिति है। उन्होंने कहा कि फॉर्म फीस की वापसी से न केवल आर्थिक नुकसान की भरपाई होगी, बल्कि यह एक संवेदनशील और न्यायसंगत कदम भी होगा।

अजय राय ने कहा कि फॉर्म फीस वापस कराना न केवल आर्थिक न्याय है, बल्कि यह शासन की संवेदनशीलता और पारदर्शिता का प्रतीक भी होगा। उन्होंने राज्य के शिक्षा विभाग से मांग की है कि इस मामले में तत्काल दिशा-निर्देश जारी करे और कॉलेजों को फॉर्म फीस लौटाने के लिए बाध्य करे, ताकि छात्रों को अनावश्यक आर्थिक बोझ से राहत मिल सके।

**चर्चा** विश्व जनसंख्या दिवस पर राज्य स्तरीय कार्यक्रम का हुआ आयोजन, बोले शशि प्रकाश

# जनसंख्या वृद्धि से बुनियादी सुविधाओं पर बढ़ता है दबाव

- बच्चों में तीन साल का अंतर रखना आवश्यक

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** अभियान निदेशक, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अभियान निदेशक शशि प्रकाश झा ने कहा कि विश्व जनसंख्या दिवस का उद्देश्य जनसंख्या से जुड़े मुद्दों गरीबी, बेरोजगारी, संसाधनों पर दवाब, शिक्षा में कमी पर्यावरण पर इसके नकारात्मक प्रभाव, सामाजिक समस्याएं और प्रजनन स्वास्थ्य जैसे विषयों पर चर्चा करना है। जनसंख्या वृद्धि से बुनियादी सुविधाओं और सेवाओं पर भी दवाब पड़ता है और असमानता बढ़ती है। परिणामस्वरूप सामाजिक संघर्ष और कल्याणकारी योजनाओं पर निर्भरता बढ़ जाती है। अभियान निदेशक शुक्रवार को विश्व जनसंख्या दिवस के राज्य स्तरीय कार्यक्रम के उद्घाटन पर बोल रहे थे।

उन्होंने कहा कि देश की मौजूदा जनसंख्या वृद्धि दर 0.90 और झारखंड का वृद्धि दर 1.25 है। पॉपुलेशन प्रोजेक्श न 2020 के अनुसार झारखंड का (ग्रोथ रेट) लगातर कम हो रहा है। इसमें परिवार नियोजन कार्यक्रम का अहम योगदान है। हमारे पास संसाधन की मात्रा काफी सीमित है अगर हमारी आबादी बढ़ती जाएगी और गुणवत्ता नहीं बढ़ेगी तो आगे जाकर हमें काफी परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। आज लोग 65 वर्ष से ज्यादा जीवन जी रहे हैं। इसके बावजूद हमारे सामने कई तरह की समस्याएं हैं। इन सभी समस्याओं को हम प्रचार प्रसार और लोगों को जागरूक करके कम कर सकते हैं यदि किसी घर में मां की मौत हो जाती है तो वह घर बिखर जाता है और बच्चों को संभालने में काफी कठिनाई आती है। इसलिए महिला के स्वास्थ्य में ध्यान देने के साथ-साथ दो बच्चों के बीच में कम से कम तीन साल का अंतर रखना जरूरी है। वहीं मौके पर अभियान निदेशक ने राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन की ओर से पोस्टर और सेल्फ केयर कीट का विमोचन किया। इस अवसर पर राज्य नोडल पदाधिकारी आईईसी, डॉ लाल माझी, डॉ अजीत खालखो, अस्पताल उपाधीक्षक, डॉ विमलेश सिंह, अकय मिंज, परिवार नियोजन समन्वयक, गुंजन खलखो, पंकज कुमार सहित राज्य और जिला के पदाधिकारी मौजूद थे।

### गांवों में जागरूकता लाना जरूरी : डॉ सिद्धार्थ

डॉ सिद्धार्थ सान्याल, निदेशक प्रमुख, स्वास्थ्य सेवाएं ने कहा कि अस्थाई विधियों की उपयोगिता बढ़ाकर गर्भनिरोधक की आवश्यकता को पूरा करना चाहिए। ताकि गर्भनिरोधक के अनमेट नीड जैसे कारकों में कमी लायी जा सके। कम आयुवर्ग में होने वाले विवाह एवं 18 वर्ष से पूर्व हो जाने वाले गर्भधारण और गर्भसमापन जैसे समस्याओं को कम करने में परिवार नियोजन की आवश्यकता और इसकी अहम भूमिका है। इसलिए सर्वप्रथम ऐसे गांवों को चिन्हित करके उनमें जागरूकता लाने के प्रयासों को बढ़ावा देना है।

## न्यूज बॉक्स

### राज्यपाल से मिला कांके अंचल के नगड़ी ग्राम के रैयतों का शिष्टमंडल



**रांची।** राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से शुक्रवार को कांके अंचल के नगड़ी ग्राम के रैयतों के एक शिष्टमंडल ने राजभवन में भेंट की। शिष्टमंडल ने मौजा नगड़ी में रिम्स-2 की स्थापना के लिए भूमि अधिग्रहण का विरोध करते हुए कहा कि यह कृषि भूमि है। यहां किसानों को अपने खेत में खेती करने दिया जाए। शिष्टमंडल ने राज्यपाल महोदय से इस भूमि के अधिग्रहण पर रोक लगाने के लिए पहल करने का आग्रह किया।

### असम विधानसभा की समिति झारखंड दौरे पर, रबीन्द्रनाथ महतो से की भेंट



**रांची।** असम विधानसभा की सरकारी उपक्रमों से संबंधित समिति झारखंड राज्य के स्थल अध्ययन दौरे पर है। समिति ने शुक्रवार को झारखंड विधानसभा अध्यक्ष रबीन्द्रनाथ महतो से उनके कार्यालय कक्ष में शिष्टाचार भेंटवार्ता किया। अध्यक्ष ने असम विधानसभा के समिति के सभापति रमेंद्र नारायण कलीटा एवं सदस्य सिबामोनी बोरा सहित असम विधानसभा के पदाधिकारियों को सम्मानित किए। शिष्टाचार भेंटवार्ता के उपरांत असम विधानसभा की सरकारी उपक्रमों से संबंधित समिति, झारखंड विधानसभा की सरकारी उपक्रमों की समिति के साथ समिति कक्ष में बैठक की। इस बैठक में दोनों राज्यों के सरकारी उपक्रमों के संबंध में विभिन्न सूचनाओं का आदान प्रदान किए गए। यह बैठक झारखंड विधानसभा के सरकारी उपक्रमों से संबंधित समिति के सभापति निरल पुरती की अध्यक्षता में हुई,इ सदस्य जगत माझी एवं झारखंड विधानसभा के पदाधिकारी भी बैठक में उपस्थित रहे। असम विधानसभा की समिति 14 जुलाई तक झारखंड दौरे पर रहेगी।

### इंस्पेक्टर से डीएसपी में प्रोन्नत छह अफसरों को आईजी ने लगाया बैज



**रांची।** झारखंड पुलिस के इंस्पेक्टर रैंक से प्रोन्नति पाकर डीएसपी बने रांची जिला के नवप्रोन्नत छह अधिकारियों को शुक्रवार को बैज लगाया गया। डीआईजी सह रांची के एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा के दफ्तर में पीपिंग सेरेमनी के तहत सभी अधिकारियों को एक-एक कर डीएसपी रैंक का बैच लगाया गया और उन्हें शुभकामनाएं दी गई। लोअर बाजार के थानेदार इंस्पेक्टर दयानंद, बरियातू थानेदार मनोज कुमार, अरगोड़ा थाना प्रभारी आलोक सिंह, इंस्पेक्टर विजय सिंह, महेश्वर प्रसाद रंजन और तलेश्वर प्रसाद कुशवाहा को रांची के आईजी मनोज कौशिक ने बैच लगाकर सम्मानित किया। इन अधिकारियों के कंधे पर लगे इंस्पेक्टर रैंक के बैच को हटाकर डीएसपी रैंक का बैच लगाया गया। ज्ञात हो कि झारखंड के कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग ने 25 जून 2025 को कुल 64 पुलिस अधिकारियों को डीएसपी रैंक में प्रोन्नत किया था। उनमें से 23 अधिकारियों को विगत सात जुलाई को डीजीपी ने बैज लगाया था। वहीं, छह अधिकारियों को शुक्रवार को बैच लगाकर सम्मानित किया गया।

## पृष्ठ एक के शेष

**पुलिस पेट्रोलिंग के लिए सरकार...**

टीवीएस अपाचे बाइकी की खरीदारी की जाएगी। एक महिंद्रा बोलेरो की खरीदारी पर नौ लाख 59 हजार और एक टीवीएस अपाचे की खरीद पर एक लाख 14 हजार 563 रुपये की लागत आएगी। ये वाहन दो वित्तीय वर्षों में खरीदे जाएंगे। कैबिनेट सचिव ने बताया कि वाहनों की खरीद का फैसला थानों में पूर्व से उपलब्ध वाहनों के जर्जर होने पर लिया गया है। उन्होंने बताया कि पूर्व से मौजूद 1079 चार पहिया और 1133 दो पहिया वाहन रद्द करने के योग्य हैं।

**कैबिनेट के अन्य फैसले...**

- परियोजनाओं में स्पाइनलेस कैक्टस प्लांटेशन के तहत तकनीकी सहयोग देने के लिए चार संस्थानों के बीच एमाओयू करने का निर्णय लिया गया।
- झारखंड उत्पाद (झारखंड राज्य बिवरेजेज कॉरपोरेशन लिमिटेड के माध्यम से खुदरा उत्पाद दुकानों का संचालन) नियमावली के तहत उत्पाद दुकानों का संचालन शुरू होने तक दैनिक पारिश्रमिक पर मानव बल की सेवा खुदरा उत्पाद दुकानों के संचालन के लिए होगी। इसकी घटनोत्तकर स्वीकृति दी गई।
- द डिस्ट्रीक्ट कोर्ट ऑफ द स्टेट ऑफ झारखंड फोर द यूज ऑफ इलेक्ट्रॉनिक कॉम्युनिकेशन एंड ऑडिया-वीडियो इलेक्?ट्रॉनिक मीन्स रुल्स-2025 गठन पर राज्यपाल के अनुमोदन प्राप्त करने की स्वीकृति दी गई।
- हाई कोर्ट के आदेश पर राज्य में 2017 में नियुक्त खान निरीक्षकों को देय तिथि से सेवा सम्पुष्टि और वेतनवृद्धि का निर्णय लिया गया।
- दिनेश कुमार मिश्र पूर्व जिला और अपर सत्र न्यायाधीश, हजारीबाग के इलाज के लिए एयर एम्बुलेंस से रांची से दिल्ली ले जाने में हुए खर्च पांच लाख, 75 हजार, 101 रुपये की प्रतिपूर्ति की स्वीकृति दी गई।
- संस्था निबंधन अधिनियम, 1860 की धारा 24 के अन्तर्गत संस्था निबंधन नियमावली के गठन की स्वीकृति दी गई।
- माधुरी खालखो को छात्रवृत्ति देने के लिए मरांग गोमके जयपाल सिंह मुंडा पारदेशीय छात्रवृत्ति अंतर्गत वर्णित छात्रवृत्ति की अवधि और पाठ्यक्रम संबंधी पात्रता को विशेष परिस्थिति में शिथिल करने की स्वीकृति दी गई।
- पूर्व मंत्री जगरनाथ महतो के एमजीएम अस्पताल, चेन्नई में हुए लंग्सा ट्रांसप्लांट पर 44 लाख 83 हजार 670 रुपए के भुगतान की स्वीकृति दी गई।
- साहेबगंज अन्तर्गत करमाटांड (मोहनपुर-करमाटांड आरसीडी पथ पर) से जुराल पथ 12.706 किमी के चौड़ीकरण, मजबूतीकरण के लिए 121 करोड एक सौ एक्कीस करोड़ 74 लाख 19 हजार 300 रुपये की प्रशासनिक स्वीकृति दी गई।
- - एकीकृत बिहार पंचायत राज वित्त निगम लिमिटेड के कर्मियों के बकाया वेतन के भुगतान के लिए झारखंड आकस्मिकता निधि से अग्रिम की निकासी की स्वीकृति दी गई।

**सर्पदंश से डालटनगंज विधायक के...**

जिलाध्यक्ष अमित तिवारी, चैनपुर के पूर्व जिला परिषद सदस्य संटू चौरसिया, भीष्म चौरसिया सहित बड़ी संख्या में लोग एमएमसीएच पहुंचे और घटना पर दुख व्यक्त किया। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दी गयी।

**हत्याकांड का खुलासा...**

के गिरते ही तबरेज ने उसे इंजेक्शन से नशे का ओवर डोज दिया। बेसुध पड़ने पर उसके सिर में बंधी पगड़ी के कपड़े से उसका गला घोंटकर नहर में फेंक दिया। पूछताछ के लिए तबरेज को लाने के बाद इस घटना का खुलासा हुआ। एसपी ने बताया कि शव मिलने के बाद पारदर्शी तरीके से अनुसंधान किया गया और हत्याकांड का उदभेदन किया गया।

## इंग्लैंड में टी20 सीरीज जीतने पर मंधाना ने कहा- टीम की हर खिलाड़ी में थी जीत की भूख



**नई दिल्ली (आईएएनएस)**

भारतीय महिला क्रिकेट टीम की ओर से इंग्लैंड में पहली बार टी-20 सीरीज जीतने के बाद, स्टार बल्लेबाज स्मृति मंधाना ने सीरीज में अब तक टीम के ऑलराउंड प्रदर्शन की सराहना की और कहा कि सभी की आंखों में जीत की भूख थी, जो सभी के प्रदर्शन में दिखाई दी। भारत ने बुधवार रात ओल्ड ट्रैफर्ड में चौथा टी20 मैच छह विकेट से जीतकर इतिहास रच दिया। इस मैच में, दीप्ति शर्मा झूलन गोस्वामी के बाद 300 अंतरराष्ट्रीय विकेट तक पहुंचने वाली दूसरी भारतीय महिला खिलाड़ी बनीं। बीसीसीआई द्वारा सोशल मीडिया पर साझा किए गए एक वीडियो में मंधाना ने कहा, "जिस तरह से हमारे गेंदबाजों ने चारों मैचों में गेंदबाजी की। यहां तक कि तीसरे टी20 में भी उन्होंने जिस तरह से वापसी की। उन्होंने विपक्षी टीम को आखिरी 4-5 ओवरों में रोका और 25 के आसपास रन दिए। हमारी टीम फील्डिंग को लेकर स्पष्ट थी। मैं वास्तव में इसे इन दो पहलुओं का नतीजा मानूंगी। जिस तरह की स्पष्टता और जिस तरह की फील्डिंग सभी ने की है। उन्होंने आगे कहा कि निश्चित रूप से सभी काफी फिट दिख रहे हैं। इसलिए मैं यही कहूंगी कि इसका बहुत सारा श्रेय उन्हें जाता है। मुझे लगता है कि सीरीज से पहले उन पर काफी दबाव था।

## लॉर्ड्स टेस्ट के पहले दिन बेन स्टोक्स की चोट से इंग्लैंड को चिंता



**लंदन (आईएएनएस)** । इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स को लॉर्ड्स में खेले जा रहे तीसरे टेस्ट मैच के पहले दिन ग्रोइन (जांघ) में चोट की दिक्कत दिखी। वह मैदान पर लंगड़ाते हुए नजर आए, लेकिन इसके बावजूद वह नाबाद 39 रन बनाकर दिन का खेल खत्म होने तक डटे रहे। इंग्लैंड के उपकप्तान ओली पोप को उम्मीद है कि स्टोक्स जल्दी ठीक हो जाएंगे क्योंकि यह टेस्ट मैच बहुत अहम है और दोनों टीमें सीरीज में 1-1 से बराबरी पर हैं। पोप ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, "हम दुआ कर रहे हैं कि वह किसी तरह वापसी करें और फिर से फिट होकर खेलें। अगले चार दिन हमारे लिए बहुत अहम हैं और उसके बाद भी दो बड़े टेस्ट मैच आने वाले हैं, इसलिए स्टोक्स का उपलब्ध रहना जरूरी है।

### बांग्लादेश प्रीमियर लीग चुनाव के चलते पोस्टपोन होगी

# चैयरमैन अनाम बोले- टूर्नामेंट मई में हो सकता है, नए स्टेडियम होंगे शामिल

**ढाका । एजेंसी**

बांग्लादेश प्रीमियर लीग पोस्टपोन हो सकता है। बीपीएल के चेयरमैन महबूब अनाम ने कहा है कि आने वाला BPL सीजन दिसंबर-जनवरी की जगह मई में कराया जा सकता है। महबूब अनाम ने यह जानकारी गुरुवार (10 जुलाई) को शेर-ए-बांग्ला नेशनल क्रिकेट स्टेडियम में हुई बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स की आपात बैठक के बाद दी। अनाम ने कहा, यह फैसला देश में 2026 की शुरुआत में होने वाले आम चुनावों को ध्यान में रखकर लिया जाएगा। इससे एक दिन पहले ही चीफ एडवाइजर प्रो. मुहम्मद यूनुस ने सभी एजेंसियों को निर्देश दिया था कि वे दिसंबर तक चुनाव की तैयारी पूरी कर लें।

महबूब ने कहा, बीपीएल की तारीख चुनावों के कारण बदल सकती है। यह या तो दिसंबर से पहले होगा या फिर मई में कराए जाने की योजना है। सरकार के फैसले के बाद ही हम अगला कदम उठाएंगे।

**नई एजेंसी को मिलेगा आयोजन का जिम्मा :** बीपीएल आयोजन में पहले कई बार विवाद हो चुके हैं। इस बार बीसीबी (बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड) एक अनुभवी स्पोर्ट्स मार्केटिंग एजेंसी को नियुक्त करना चाहता है, जो पहले इंटरनेशनल टी20 लीग्स का आयोजन कर चुकी हो। आयोजन पर महबूब ने कहा, पहले हमने कुछ अनाड़ी एजेंसियों को जिम्मेदारी दे दी थी जिससे नुकसान हुआ। इस बार अनुभवी और योग्य एजेंसी को ही चुना जाएगा।



### ब्रांड वैल्यू बढ़ाने पर फोकस

महबूब अनाम ने कहा कि बीपीएल की अपनी एक मजबूत पहचान बननी चाहिए। बीसीबी इस बार लीग की ब्रांड वैल्यू बढ़ाने की पूरी कोशिश करेगा। महबूब ने बताया, फिलहाल बीपीएल के मुकाबले तीन जगहों, ढाका, चटग्राम और सिलहट में खेले जाते हैं। अब इसमें बढ़ाकर नए वेन्यू शामिल किए जा सकते हैं। बोगुरा और खुलना स्टेडियम की जांच हो रही है। बरिशाल स्टेडियम पर काम चल रहा है और राजशाही को भी तैयार किया जा रहा है। जो भी स्टेडियम आईसीसी के मानकों और खिलाड़ियों के ठहरने की सुविधा को पूरा करेंगे, उन्हें बीपीएल में शामिल किया जाएगा।

### नई 5 साल की योजना...

महबूब ने बताया कि अगला बीपीएल सीजन एक नई पांच साल की योजना के तहत आयोजित किया जाएगा। कई कंपनियों ने लीग में रुचि दिखाई है, लेकिन उन्हें तभी चुना जाएगा जब नया फाइनेंशियल मॉडल तैयार हो जाएगा। भारतीय बोर्ड के अनुसार, टीम इंडिया अब अगस्त 2025 की बजाय अगले साल सितंबर में बांग्लादेश दौरे पर जाएगी। बीसीसीआई ने री-शेड्यूल करने के कारण नहीं बताया। माना जा रहा है कि भारत और बांग्लादेश के बीच पिछले कुछ समय में बिगड़े रिश्तों और सुरक्षा की वजह से यह फैसला लिया गया। भारत अगले साल बांग्लादेश जाकर 3 वनडे और 3 टी-20 खेलने वाला है।

### सूर्यकुमार यादव का खुलासा

## अगर टेनिस खेलते तो अपना डबल्स पार्टनर धोनी को चुनते

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**



भारतीय टी20 कप्तान सूर्यकुमार यादव हाल ही में अपनी पत्नी देविशा शेट्टी के साथ विंबलडन टेनिस टूर्नामेंट देखने पहुंचे। उन्होंने इस दौरान खुलासा किया कि वह अपने डबल्स जोड़ीदार के तौर पर भारत के पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी को देखना पसंद करेंगे। सूर्यकुमार पहली बार विंबलडन देखने के लिए पहुंचे। वहां मौजूदगी से उन्होंने खूब सुर्खियां बटोरीं। विंबलडन ने भी उनकी एक फोटो शेयर की और लिखा – "एसडब्ल्यू19 में रौनक लेकर आए सूर्यकुमार यादव! आपको यहां पाकर खुशी हुई। टेनिस के प्रति अपनी रुचि के बारे में सूर्यकुमार ने बताया, "मैं टीवी पर टेनिस बहुत देखता हूँ। सेंटर कोर्ट के माहौल के बारे में हमेशा सुना करता था, खासकर जब खिलाड़ी वहां प्रवेश करते हैं। अब इसे सामने से महसूस कर रहा हूं, यह बहुत ही खास अनुभव है। जब उनसे पूछा गया कि अगर उन्हें किसी क्रिकेटर को टेनिस डबल्स (जोड़ी में खेला जाने वाला) पार्टनर चुनना हो, तो वे किसे चुनेंगे? इस पर उन्होंने कहा, "बिलकुल एमएस धोनी को। वह तेज हैं, सहनशक्ति बहुत ज्यादा है और मानसिक रूप से बेहद मजबूत हैं। और हाल ही में जब वे क्रिकेट नहीं खेल रहे होते हैं, तो मैंने उन्हें कई बार टेनिस खेलते देखा है। इसलिए मेरी पहली पसंद वही होंगे।

अपने पहले विंबलडन दौरे के अनुभव पर सूर्यकुमार ने बताया, "मैं पहली बार यहां आया हूं और चाहता था कि सब कुछ एकदम सही हो। सच कहूं तो मेरी पत्नी देविशा ने मेरी बहुत मदद की। वह पिछले तीन-चार दिनों से मेरे साथ रही है, इस शानदार टूर्नामेंट में क्या पहनना है, यह तय करने में मेरी मदद कर रही है।

## पंत रिकवरी पर, उनकी जगह ध्रुव तीसरे टेस्ट में विकेटकीपिंग करेंगे: बीसीसीआई

**लंदन (आईएएनएस)**



भारत के उप-कप्तान ऋषभ पंत लॉर्ड्स में एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी के तीसरे टेस्ट के पहले दिन उंगली में चोट लगने के बाद चिकित्सा निगरानी में हैं। वह टेस्ट के पहले दिन चोट लगने के बाद मैदान से बाहर हो गए थे। दूसरे दिन भी वह मैदान पर नहीं लौटे हैं। उनकी जगह ध्रुव जुरेल विकेटकीपिंग करते रहेंगे। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने शुक्रवार को पुष्टि की कि पंत "अभी भी ठीक हो रहे हैं" और दूसरे दिन की शुरुआत में मैदान पर नहीं उतरेंगे। उनकी अनुपस्थिति में, रिजर्व विकेटकीपर ध्रुव जुरेल विकेटकीपिंग करते रहेंगे। बीसीसीआई ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, "ऋषभ पंत अभी भी अपनी बाईं तर्जनी उंगली की चोट से उबर रहे हैं। बीसीसीआई की मेडिकल टीम उनकी प्रगति पर नजर रख रही है। ध्रुव जुरेल दूसरे दिन भी विकेटकीपिंग करते रहेंगे। पंत को यह चोट गुरुवार को इंग्लैंड की पारी के 34वें ओवर के दौरान लगी जब पंत जसप्रीत बुमराह की लेग-साइड गेंद रोकने की कोशिश कर रहे थे। जब पंत ने डाइव लगाई तो गेंद उनकी बाईं तर्जनी उंगली पर लगी, जिससे उन्हें काफी दर्द हुआ। टीम के फिजियो कमलेश जैन ने उनका इलाज किया और उनकी उंगलियों पर पट्टियां बांधी गई, लेकिन ओवर पूरा करने के कुछ देर बाद ही पंत मैदान से बाहर चले गए। जुरेल ने इस साल की शुरुआत में इंग्लैंड के खिलाफ घरेलू श्रृंखला में और भारत ए के मैचों के दौरान टीम इंडिया के लिए विकेटकीपिंग की थी। वह तुरंत पंत के रिप्लेसमेंट के रूप में मैदान पर आ गए और पंत के ठीक होने तक वह इस भूमिका में बने रहेंगे। पंत की अनुपस्थिति भारतीय टीम के लिए चिंता का विषय है, न केवल स्टंप के पीछे उनकी भूमिका के कारण, बल्कि इस श्रृंखला में बल्ले से उनके महत्वपूर्ण योगदान के कारण भी। पंत ने दो टेस्ट मैचों में 85.50 की औसत से 342 रन बनाए हैं, जिसमें हेडिंग्ले में शुरुआती मैच में दो शतक शामिल हैं। भारतीय ड्रेसिंग रूम की तस्वीरों में मुख्य कोच गौतम गंभीर और बल्लेबाजी कोच सीतांशु कोटक पंत की हालत का जायजा लेते हुए दिखाई दे रहे हैं, जब वह जैन के साथ मैदान से लौट रहे थे। भारत अपने स्टार विकेटकीपर बल्लेबाज से शीघ्र वापसी की उम्मीद कर रहा है, जिनकी एनर्जी और रणनीतिक योगदान उनकी टेस्ट सफलता के प्रमुख कारण रहे हैं।

## 12 जुलाई से शुरू होगी नेशनल कार्टिंग चैंपियनशिप



**कोयंबटूर (आईएएनएस)**

12 जुलाई से राष्ट्रीय कार्टिंग चैम्पियनशिप की शुरुआत हो रही है। इसमें 10 टीमों से कुल 74 युवा खिलाड़ी चार अलग-अलग कैटेगरी- सीनियर मैक्स, जूनियर मैक्स, मिनी मैक्स और माइक्रो मैक्स में हिस्सा ले रहे हैं। नेशनल कार्टिंग चैंपियनशिप 2025 के छह राउंड के बाद, ग्रैंड फिनाले 8-9 नवंबर को होगा। सीनियर मैक्स, जूनियर मैक्स, मिनी मैक्स और माइक्रो मैक्स श्रेणियों में चुने गए चार राष्ट्रीय चैंपियन, बहरीन में रोटैक्स मैक्स चैलेंज ग्रैंड फाइनल (29 नवंबर से 6 दिसंबर) में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे। 2025 सीजन में 11 वर्ष से कम आयु के रेसर्स के लिए मिनी मैक्स श्रेणी की शुरुआत की जाएगी, जिसे माइक्रो और जूनियर मैक्स वर्गों के बीच रखा जाएगा। सीनियर मैक्स में 34 खिलाड़ी हिस्सा ले रहे हैं। बेंगलुरु के रेसर रिशोन राजीव (बिरेल आर्ट इंडिया) और पेरेग्रीन रेसिंग के रोहान मदेश और ईशान मदेश भाइयों के दबदबे की उम्मीद है, जबकि इन तीनों के बीच मुकाबला कड़ा और रोमांचक होने की संभावना है। जूनियर मैक्स वर्ग में पिछले साल के चैंपियन पुणे के अराफात शेख (क्रेस्ट मोटरस्पोर्ट्स) और चेन्नई के ईशांत वेंगटेसन (एमस्पोर्ट) हिस्सा लेंगे, जिनके खिलाफ कई नए खिलाड़ी उतरेंगे। मिनी मैक्स वर्ग में प्रतिस्पर्धा बेहद कड़ी होने की उम्मीद है, जिसमें कई रेसर माइक्रो मैक्स से आगे बढ़े हैं। रिवान देव प्रीतम (चेन्नई, एमस्पोर्ट), हमजा बालासिनोरवाला (मुंबई, क्रेस्ट मोटरस्पोर्ट्स), रेहान खान रशीद (चेन्नई, एमस्पोर्ट), यथार्थ गौर (फरीदाबाद, लीपफ्रॉग रेसिंग) और दानिश डालमिया (पुणे, रेयो रेसिंग), जो पिछले साल माइक्रो मैक्स वर्ग में लगातार पोडियम हासिल कर रहे थे, सभी नई मिनी श्रेणी में आ गए हैं।

### शीर्ष 5 में शिव तुम्माला और रेयो रेसिंग के आरव सुरेखा सबसे आगे हैं

शीर्ष पांच के चले जाने से माइक्रो मैक्स के लिए जगह खाली हो गई है, जिसमें बेंगलुरु के पेरेग्रीन रेसिंग के शिव तुम्माला और मुंबई के रेयो रेसिंग के आरव सुरेखा सबसे आगे हैं। कार्यक्रम में आधिकारिक अभ्यास, क्वालीफाइंग राउंड और हीट शामिल हैं, जबकि प्री-फाइनल और फाइनल रविवार के लिए निर्धारित हैं।



# पूर्वोत्तर राज्य 'विकसित भारत 2047 विजन में देंगे बड़ा योगदान : सीतारमण

**शिलांग (आईएएनएस)**



- आज के समय में युवा स्वयं को दुनिया की जरूरतों के मुकाबले तेजी से खुद को ढाल रहे हैं

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शुक्रवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हमेशा पूर्वोत्तर क्षेत्र को 'अष्ट लक्ष्मी' कहते हैं और यहां अच्छे स्वभाव वाले लोग, प्राकृतिक संसाधन, सांस्कृतिक समृद्धि, रणनीतिक स्थान और ऊर्जावान युवा तक हर चीज प्रचुर मात्रा में है। इस कारण से यह क्षेत्र विकसित भारत 2047 विजन में बड़ा योगदान देगा। आईआईएम शिलांग में आईआईसीए नॉर्थ ईस्ट कॉन्क्लेव 2025 में बोलते हुए वित्त मंत्री सीतारमण ने कहा, "हम हमेशा सबका साथ और सबका विकास के बारे में बात करते हैं और यह पूर्वोत्तर क्षेत्र को शामिल किए बिना पूरा नहीं हो सकता। यह केवल जन धन खाते खोलकर वित्तीय समावेशन के बारे में नहीं, बल्कि युवाओं की आकांक्षाओं को पूरा करने के बारे में भी है। वित्त मंत्री ने आगे कहा, "आज के समय में युवा स्वयं को दुनिया की जरूरतों के मुकाबले तेजी से खुद को ढाल रहे हैं। ऐसे में नीतिगत समर्थन भी मिले तो यह उद्यमिता विकास के लिए एक बहुत अच्छा मंच तैयार कर सकती है।" वित्त मंत्री ने कहा, "पूर्वोत्तर क्षेत्र में 2,300 डीपीआईआईटी-मान्यता प्राप्त स्टार्टअप हैं, जिनमें से 69 अकेले मेघालय में स्थित हैं। यह महत्वपूर्ण है कि आईआईएम शिलांग जैसे संस्थान क्रॉस-पॉलीनेशन में मदद करें और सभी पेशेवरों को एक साथ लाएं और समय-समय पर मिलें। अब जब आईआईसीए यहां है, तो उन्हें लोगों को एक साथ लाने का माध्यम बनना चाहिए, जिससे बेहतर चर्चाओं और अनुपालन संबंधी मुद्दों का समाधान किया जा सके।

इसके अलावा वित्त मंत्री ने आईआईसीए नॉर्थ ईस्ट कॉन्क्लेव 2025 में स्टार्टअप एग्जीबिशन का दौरा किया और स्टार्टअप संस्थापकों के साथ बातचीत की। इस दौरान उनके साथ मेघालय के मुख्यमंत्री कोनराड संगमा भी मौजूद थे। इस एग्जीबिशन में पूर्वोत्तर क्षेत्र के 39 स्टार्टअप, एफपीओ, वित्तीय संस्थान और इनक्यूबेटर शामिल हुए।

## विकसित भारत विजन के तहत 2047 तक भारत की शहरी आबादी लगभग 88 करोड़ तक बढ़ने का अनुमान

**नई दिल्ली(आईएएनएस)**



- अमृत मिशन की प्राथमिकता शहरी इंफ्रास्ट्रक्चर में परिवर्तनकारी बदलाव लाना रही है

एक वरिष्ठ सरकारी अधिकारी ने शुक्रवार को कहा कि 'विकसित भारत' विजन के तहत 2047 तक भारत की शहरी आबादी लगभग 88 करोड़ तक बढ़ने का अनुमान है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि शहरीकरण एक चुनौती नहीं, बल्कि हमारे शहरों को विकास के वाइब्रेंट और सस्टेनेबल हब में बदलने का एक अवसर है। आवास और शहरी मामलों के मंत्रालय के पूर्व सचिव दुर्गा शंकर मिश्रा के अनुसार, रियल एस्टेट वर्तमान में भारतीय अर्थव्यवस्था में लगभग 13 प्रतिशत का योगदान देता है, जिसमें किफायती आवास और विकास क्षेत्र लगभग 10 प्रतिशत की दर से बढ़ रहा है, जो इसे राष्ट्रीय विकास के सबसे प्रभावशाली इंजनों में से एक बनाता है।

राष्ट्रीय राजधानी में एसोचैम रियल एस्टेट सम्मेलन को संबोधित करते हुए मिश्रा ने इस बात पर जोर दिया कि शहरीकरण चुनौती नहीं है।

आवास और शहरी मामलों के मंत्रालय के निदेशक (अमृत) गुरजीत सिंह ढिल्लों ने अमृत मिशन के परिवर्तनकारी लक्ष्यों पर विस्तार से चर्चा की। ढिल्लों ने कहा, "अमृत मिशन की प्राथमिकता हमेशा से शहरी इंफ्रास्ट्रक्चर में परिवर्तनकारी बदलाव लाना रही है, जो सस्टेनेबिलिटी, समावेशिता और लॉन्ग-टर्म सर्विस डिलिवरी पर आधारित हो। उन्होंने आगे कहा, "हम केवल इंफ्रास्ट्रक्चर का निर्माण नहीं कर रहे हैं; हम शहरों को आर्थिक विकास और सामाजिक समानता का इंजन बनने में सक्षम बना रहे हैं। जल आपूर्ति, स्वच्छता, हरित स्थानों और गतिशीलता में रणनीतिक हस्तक्षेप के माध्यम से, इस मिशन का उद्देश्य सभी शहरी निवासियों, विशेष रूप से वंचितों के जीवन की गुणवत्ता में सुधार करना है। नीति आयोग की प्रमुख आर्थिक सलाहकार अन्ना रॉय ने कहा कि मजबूत डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर को सक्षम बनाने से लेकर हरित बदलावों और शहरी इनोवेशन को बढ़ावा देने तक, हमारा लक्ष्य समग्र आर्थिक प्रगति सुनिश्चित करना है।

## शेयर बाजार लाल निशान में बंद हुआ, सेंसेक्स 689 अंक फिसला

**मुंबई (आईएएनएस)।** भारतीय शेयर बाजार शुक्रवार के कारोबारी सत्र में लाल निशान में बंद हुआ। कारोबार के अंत में सेंसेक्स 689.81 अंक या 0.83 प्रतिशत की गिरावट के साथ 82,500.47 और निफ्टी 205.40 अंक या 0.81 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 25,149.85 पर था। लार्जकैप के साथ मिडकैप और स्मॉलकैप दोनों में बिकवाली देखने को मिली। निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 517.75 अंक या 0.88 प्रतिशत की गिरावट के साथ 58,642.20 और निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 192.80 अंक या 1.02 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 18,763.45 पर था। गिरावट का नेतृत्व ऑटो, आईटी और रियल्टी ने किया। ये तीनों ही इंडेक्स एक प्रतिशत से ज्यादा की गिरावट के साथ बंद हुए। इसके अलावा पीएसयू बैंक, एनर्जी, फाइनेंशियल सर्विस और प्राइवेट बैंक लाल निशान में थे। फार्मा और एफएमसीजी हरे निशान में थे। सेंसेक्स पैक में एचयूएल, एक्सिस बैंक, सन फार्मा, एनटीपीसी, इटरनल, एसबीआई और आईटीसी टॉप गेनर्स थे। टीसीएस, एमएंडएम, भारती एयरटेल, टाटा मोटर्स, टाइटन, एचसीएल टेक, बजाज फाइनेंस, ट्रेंट टॉप लूजर्स थे। जियोजित इन्वेस्टमेंट्स लिमिटेड के रिसर्च हेड विनोद नायर ने कहा, "पहली तिमाही के आय सत्र की धीमी शुरुआत और अमेरिका द्वारा कनाडा पर 35 प्रतिशत टैरिफ लगाने की धमकी के कारण घरेलू बाजार में नकारात्मक कारोबार हुआ। उन्होंने आगे कहा, "निवेशक गिरावट पर खरीदारी की रणनीति के तहत तिमाही आय पर ध्यान केंद्रित कर सकते हैं। हालांकि, निकट भविष्य में, मौजूदा प्रीमियम मूल्यांकन और कम खर्च व टैरिफ अनिश्चितता जैसी वैश्विक चुनौतियां नए निवेश को रोक सकती हैं।



## दुनिया डिजिटल से क्वांटम इकोनॉमी की ओर बढ़ रही है : सीईआरटी-इन

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**



इंडियन कंप्यूटर इमरजेंसी रिस्पांस टीम (सीईआरटी-इन) द्वारा शुक्रवार को जारी एक नई रिपोर्ट में कहा गया है कि दुनिया डिजिटल से क्वांटम इकोनॉमी बनने की ओर एक बड़े बदलाव के मोड़ पर खड़ी है। भारत की राष्ट्रीय साइबर एजेंसी द्वारा ग्लोबल साइबरसिक्योरिटी फर्म एसआईएसए के सहयोग से संकलित आंकड़े इस बात पर प्रकाश डालते हैं कि क्वांटम कंप्यूटिंग अब एक भविष्यवादी विचार नहीं, बल्कि साइबर सिक्योरिटी और डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर पर गहरे प्रभाव डालने वाली एक तेजी से उभरती वास्तविकता है। 'ट्रांजिशनिंग टू क्वांटम साइबर रेडीनेस' शीर्षक वाली इस रिपोर्ट में बताया गया है कि क्वांटम कंप्यूटर, जो क्वांटम मेकैनिज्म के सिद्धांतों का इस्तेमाल कर काम करते हैं, अब रिसर्च लैब से बाहर निकलकर वास्तविक दुनिया में उपयोग में आ रहे हैं। कई ग्लोबल टेक कंपनियों ने पहले ही शानदार प्रगति कर ली है। दिसंबर 2024 में लॉन्च हुई गूगल की विलो चिप ने 105 क्यूबिट के साथ एरर करेक्शन में एक बड़ी उपलब्धि हासिल की है। माइक्रोसॉफ्ट ने फरवरी 2025 में अपना मेजराना-1 प्रोसेसर पेश किया, जिसका लक्ष्य दस लाख क्यूबिट तक विस्तार करना है। आईबीएम का लक्ष्य 2029 तक फॉल्ट-टोलरेंट सिस्टम बनाना है और क्वांटिनम ने रिकॉर्ड तोड़ परिशुद्धता के साथ 56-क्यूबिट ट्रैप्ड-आयन क्वांटम कंप्यूटर बनाया है।

### केंद्र सरकार का रेयर अर्थ मैग्नेट के उत्पादन में बढ़ावा

## सरकार 1,345 करोड़ रुपए की सब्सिडी की बना रही योजना

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**



केंद्रीय भारी उद्योग मंत्री एच.डी. कुमारस्वामी ने शुक्रवार को कहा कि भारत सरकार ने देश में रेयर अर्थ मैग्नेट निर्माताओं के लिए 1,345 करोड़ रुपए की सब्सिडी देने की योजना तैयार की है। केंद्रीय मंत्री ने कहा, "रेयर अर्थ मैग्नेट निर्माताओं के लिए 1,345 करोड़ रुपए की सब्सिडी की एक योजना तैयार की गई है। यह योजना वर्तमान में अंतर-मंत्रालयी परामर्श के अधीन है। अभी दो निर्माताओं को शामिल करने का प्रस्ताव है, हालांकि योजना तैयार होने तक इसमें बदलाव हो सकता है। भारी उद्योग मंत्रालय के सचिव कामरान रिजवी ने कहा कि रेयर अर्थ ऑक्साइड से लेकर मैग्नेट तक की एंड-टू-एंड प्रोसेसिंग में लगे निर्माता इस सब्सिडी के पात्र होंगे। इस योजना में प्रस्तावित प्रोत्साहनों में निजी और सार्वजनिक दोनों क्षेत्र की कंपनियों को शामिल किए जाने की उम्मीद है।